RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 165
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



देश के हवाई अड्डों को कार्बन मुक्त करने का लक्ष्य
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# पुंछ में आतंकी हमले में पांच जवान शहीद

● एक गंभीर रूप से घायल, सभी राष्ट्रीय राइफल्स के जवान, हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से सैनिकों की हुई मौत, जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुई घटना

**पीएनएस/एजेंसी।** जम्मू/नई दिल्ली



पुंछ जिले के मेंधर में बृहस्पतिवार को आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में लगी आग।

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ में बृहस्पतिवार को एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवानों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना ने एक बयान में कहा है कि सभी पांचों जवान राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के थे और इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात किए गए थे। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने इस घटना के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी है।

रक्षामंत्री ने ट्वीट किया, जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में हुई त्रासदी से दुखी हूं, जहां एक वाहन में आग लगने के बाद भारतीय सेना ने अपने बहादुर जवानों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वह बहादुर सैनिकों की शहादत से दुखी हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, राष्ट्र के लिए उनकी सेवा को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आतंकी हमले की निंदा की और इस घटना में जान गंवाने वाले जवानों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। सेना ने कहा कि जिस वाहन में जवान यात्रा कर रहे थे, वह अज्ञात आतंकवादियों के हमले की चपेट में आ गया और ग्रेनेड के संभावित इस्तेमाल के कारण उसमें आग लग गई। सेना ने बयान में कहा, अपराह्न तीन बजे के करीब राजौरी सेक्टर में भीम्बर गली और पुंछ के बीच सेना के एक वाहन पर भारी बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठाते हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की। बयान में कहा गया, आतंकवादियों द्वारा संभवत: ग्रेनेड फेंके जाने के कारण वाहन में आग लग गई। बयान में कहा गया कि इस क्षेत्र में आतंकवाद रोधी अभियानों के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के पांच कर्मियों की इस घटना में मौत हो गई। सेना ने कहा कि एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तुरंत राजौरी के सेना अस्पताल ले जाया गया।

सेना ने कहा कि आतंकियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है। रक्षा प्रवक्ता द्वारा इस घटना की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा न किए जाने संबंधी परामर्श भी जारी किया गया। खबर लिखने तक अज्ञात आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी थी जो हमले के बाद भींबर गली पट्टी स्थित घने जंगलों में गायब हो गए थे। शाम में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू शहर में तवी पुल पर विरोध-प्रदर्शन किया और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। अधिकारियों ने कहा कि घटना के बाद भीम्बर गली-पुंछ रोड पर यातायात रोक दिया गया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। पुंछ जाने वाले लोगों को मेंढर मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने जी-20 बैठक शांतिपूर्ण हो यह सुनिश्चित करने के लिए पिछले हफ्ते केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा हालात की समीक्षा की थी। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, 'जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के वाहन पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना में जान गंवाने वाले राष्ट्रीय राइफल्स के पांच बहादुर जवानों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में हुए आतंकी हमले में हमारे पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन वीरों को मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके शोकाकुल परिवारों को अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# गुजरात के नरोदा गाम दंगे के सभी 67 आरोपी बरी

● आरोप मुक्त होने वालों में पूर्व मंत्री माया कोडनानी भी, हिंसा में 11 लोग मारे गए थे, वर्ष 2002 में गोधरा कांड के बाद भड़के थे दंगे

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** की एक विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को 2002 के नरोदा गाम दंगों के मामले में गुजरात की पूर्व मंत्री माया कोडनानी और बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी सहित सभी 67 आरोपियों को बरी कर दिया। अहमदाबाद के नरोदा गाम में गोधरा मामले के बाद भड़के दंगों में मुस्लिम समुदाय के 11 सदस्यों के मारे जाने के दो दशक से अधिक समय बाद विशेष अदालत का यह फैसला आया है।

अहमदाबाद स्थित विशेष जांच दल (एसआईटी) मामलों के विशेष न्यायाधीश एसके बक्शी की अदालत ने नरोदा गाम दंगों से जुड़े इस बड़े मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया। गोधरा में 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस की बोगी में आग लगाए जाने के बाद राज्यभर में दंगे भड़क गए थे। इस मामले की जांच



निर्णय के बाद विजय का चिन्ह बनाते बचाव पक्ष के अधिवक्ता राकेश मोदी

उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल ने की थी। अदालत के विस्तृत आदेश अभी आना बाकी है। संक्षिप्त फैसला आने के तुरंत बाद कुछ आरोपियों ने अदालत के बाहर जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाए। जिन आरोपियों को बरी किया गया उनमें गुजरात सरकार में मंत्री रहीं कोडनानी, विहिप नेता जयदीप पटेल और बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी शामिल हैं। इस मामले में कुल 86 आरोपी थे, जिनमें से 18 की सुनवाई के दौरान मौत हो गई, जबकि एक को अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 169 के तहत साक्ष्य के अभाव में पहले आरोपमुक्त कर दिया था। सीआरपीसी की धारा 169 साक्ष्य की कमी होने पर अभियुक्त की रिहाई से संबंधित है।

गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में मंत्री रहीं कोडनानी ने मामले में उन्हें बरी किए जाने पर कहा, सच में आज सच्चाई की जीत ( शेष पेज 9 )

### छह न्यायाधीशों ने की मामले की सुनवाई

**छह** अलग-अलग न्यायाधीशों ने मामले की सुनवाई की है। 2010 में जब मुकदमा शुरू हुआ, तब एसएच वोरा पीठासीन न्यायाधीश थे। बाद में उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया। उनके बाद मामले को संभालने वाले विशेष न्यायाधीशों में ज्योत्सना याग्निक, केके भट्ट और पीबी देसाई शामिल थे। ये सभी मुकदमे के लंबित रहने के दौरान सेवानिवृत्त हो गए। अधिवक्ता चेतन शाह ने कहा कि विशेष न्यायाधीश एमके दवे अगले न्यायाधीश थे लेकिन मुकदमे के समापन से पहले उनका तबादला कर दिया गया।

# राहुल को सत्र अदालत से नहीं मिली राहत

● मोदी उपनाम वाले बयान से जुड़े आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि को लेकर सूरत की अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

**पीएनएस/एजेंसी।** सूरत/नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी उपनाम वाले बयान से जुड़े आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि को लेकर बृहस्पतिवार को उस समय कोई राहत नहीं मिली जब सूरत की अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने निचली अदालत द्वारा उन्हें दोषी ठहराने के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी।

कांग्रेस ने इस फैसले को कानूनी रूप से गलत बताया और कहा कि वह निकट भविष्य में इसे गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती देगी। सूरत की सत्र अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर. पी. मोगेरा ने दोषसिद्धि के खिलाफ दायर कांग्रेस नेता की अर्जी आज खारिज कर दी। अगर 52 वर्षीय गांधी की दोषसिद्धि पर रोक संबंधी अर्जी मंजूर हो जाती तो उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल होने का रास्ता साफ हो सकता था। राहुल गांधी के वकील किरीट पानवाला ने ( शेष पेज 9 )

### फैसला गांधी परिवार के अहंकार पर तमाचा: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की याचिका खारिज करने के सूरत की अदालत के फैसले को न्यायपालिका व लोगों की जीत और गांधी परिवार के अहंकार पर तमाचा करार दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, अदालत का फैसला गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी के अहंकार पर तमाचा है।

उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अदालत का फैसला यह भी साबित करता है कि कानून सभी के लिए बराबर है और वह किसी भी प्रकार के दवाब के आगे झुकता नहीं है। पात्रा ने कहा कि आज के फैसले से एक बात स्पष्ट है कि इस देश में संविधान का राज है, परिवार का राज नहीं है। और



किसी भी परिवार के लिए अलग कानून नहीं हो सकता। उन्होंने राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा, अभी भी मौका है अहंकार को छोड़िए, देश के सामने ओबीसी समाज से क्षमा याचना कीजिए कि जो मैंने किया, गलत किया, मुझे यह नहीं करना चाहिए था।

गुजरात में सूरत की एक सत्र अदालत ने मोदी उपनाम वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की उनकी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर. पी. मोगेरा की अदालत ने ( शेष पेज 9 )

# भारत में आयोजित एससीओ बैठक में भाग लेंगे पाक विदेश मंत्री भुट्टो

● पाकिस्तान के हिस्सा लेने पर भारत ने कहा, मात्र एक देश की भागीदारी पर ध्यान ना दें

**पीएनएस/एजेंसी।** इस्लामाबाद/नई दिल्ली

**पाकिस्तान** ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अगले महीने भारत में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इसके बाद दोनों देशों के संबंधों में आई कड़वाहट के कम होने की उम्मीद है। इस बीच, भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैठक में हिस्सा लेने के लिए सभी सदस्य देशों को न्योता भेजा गया है और किसी एक देश की भागीदारी पर ध्यान देना उतना उचित नहीं होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में बताया कि भारत के गोवा में 4-5 मई, 2023 को



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) की बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए सभी सदस्य देशों को न्योता भेजा गया था।

पाकिस्तान का नाम लिए बिना बागची ने कहा, हम इस बैठक के काफी सफल होने की अपेक्षा करते हैं। लेकिन किसी एक देश की भागीदारी पर ध्यान देना उतना उचित नहीं होगा। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। बलूच ने कहा, बिलावल भुट्टो जरदारी भारत के गोवा म एससीओ विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) की बैठक में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ( शेष पेज 9 )

# सीयूईटी-पीजी का आयोजन 5-12 जून तक होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** भर के विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातकोत्तर (पीजी) का आयोजन 5 से 12 जून तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए पांच मई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि पहले 19 अप्रैल तक थी। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (पीजी) का आयोजन 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 जून को होगा। परीक्षा के बारे में ताजा जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को एनटीए की वेबसाइट नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों को स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए सीयूईटी अनिवार्य कर दिया है ( शेष पेज 9 )

# आराध्या बच्चन के स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रामक सामग्री के प्रकाशन पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कई यूट्यूब चैनल द्वारा अभिनेता अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन के स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रामक सामग्री प्रकाशित करने पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि एक बच्चे के बारे में गलत सूचना फैलाना बीमार मानसिकता को दर्शाता है।

अदालत ने नाबालिग बच्ची और उसके पिता की याचिका पर सुनवाई के दौरान गूगल को अपने मंच से उन वीडियो को हटाने का निर्देश दिया, जिसमें दावा किया गया था कि आराध्या बच्चन गंभीर रूप से बीमार हैं और अब वह नहीं रहीं। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि प्रत्एक बच्चे के साथ सम्मान एवं गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए और बच्चे के स्वास्थ्य के संबंध में भ्रामक जानकारी का प्रसार कानून में पूरी तरह से अस्वीकार्य है। न्यायाधीश ने जोर दिया कि गूगल यूट्यूब पर गतिविधियों से पैसा कमा रहा था और इसलिए कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के अलावा यह निर्धारित करने की सामाजिक जिम्मेदारी भी उसकी है कि इस तरह की सामग्री को उसके मंच पर साझा न किया जाए।

भ्रामक जानकारी अपलोड करने वालों को नाबालिग लड़की के स्वास्थ्य के संबंध में इसी तरह की सामग्री को आगे प्रकाशित करने से रोकते हुएअदालत ने कहा, हालांकि यह पहली बार नहीं है कि मशहूर हस्तियों के लिए इस तरह की गलत सूचना प्रसारित की जा रही है, जब जानकारी कम उम्र के बच्चे से संबंधित होती है तो यह बच्चे के हित के प्रति पूर्ण उदासीनता में वीडियो प्रसारित करने वाले व्यक्तियों की विकृत सोच को दर्शाता है। उसने कहा, हर बच्चा गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार पाने का हकदार है, चाहे वह किसी सेलिब्रिटी का बच्चा हो या आम व्यक्ति का। बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में गलत सूचना प्रसारित करना कानून के तहत पूरी ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### सीमा विवाद सुलझाने को असम-अरुणाचल में समझौता

**नई दिल्ली।** असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने दोनो राज्यों के बीच पांच दशक से भी पुराने सीमा विवाद को खत्म करने केलिए बृहस्पतिवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही दोनो पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा पर स्थित 123 गांवों की समस्या का भी समाधान हो गया। असम और अरुणाचल प्रदेश 804.1 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते है और अरुणाचल प्रदेश को 1972 में केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए जाने के बाद से ही दोनो राज्यों के बीच यह सीमा विवाद चल रहा था। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि ऐसे समय में जबकि देश स्वतंत्रता का 75वां साल मना रहा है, दोनो राज्यों की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित 123 गांवों का विवाद अब हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। शाह ने असम और अरुणाचल प्रदेश द्वारा पुराने लंबित सीमा विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना दोनों राज्यों के लिए ऐतिहासिकघटना है। शाह ने आशा जताई कि 1972 से जारी इस पुराने सीमा विवाद की समाप्ति पूर्वोत्तर राज्यो मे सर्वांगिण विकास और शांति लेकर आएगी।



नई दिल्ली दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल का राजधानी दिल्ली में पहला स्टोर बृहस्पतिवार से खुल गया। इस मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने ग्राहकों का स्वागत किया। दिल्ली में एप्पल का स्टोर साकेत के सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में खुला है। इस दौरान कुक ने ग्राहकों के साथ सेल्फी के लिए पोज भी दिया। एप्पल साकेत नाम के इस स्टोर का डिजाइन दिल्ली के पुराने दरवाजों से प्रेरित है। फोटो: रंजन डिमरी

# बुद्ध के उपदेशों में हैं वैश्विक समस्याओं का समाधान: मोदी

● प्रधानमंत्री ने राजधानी में किया पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध, मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चिंताओं को इस सदी की सबसे बड़ी चुनौतियां करार देते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध के उपदेशों में सारी समास्याओं के समाधान हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी स्थित अशोक होटल में आयोजित पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर समृद्ध देशों पर निशाना साधते हुए कहा, दुनिया



आज जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है क्योंकि पिछली शताब्दी में कुछ देशों ने दूसरों के बारे में और आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना ही बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि दशकों तक वो यही सोचते रहे कि प्रकृति से इस छेड़छाड़ का प्रभाव उनके ऊपर नहीं आएगा। वो देश इसे दूसरों के ऊपर ही डालते रहे। प्रधानमंत्री ने बुद्ध के दिखाए मार्ग को भविष्य और पर्यावरण अनुकूलता का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि अगर विश्व, बुद्ध की सीखों पर चला होता, तो जलवायु परिवर्तन जैसा संकट भी सामने नहीं आता। भगवान बुद्ध की विभिन्न शिक्षाओं ( शेष पेज 9 )

# आठ महीने में कोरोना के सर्वाधिक दैनिक मामले

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,591 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4.48 करोड़ हो गई। पिछले करीब आठ महीने सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 65,286 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 40 मरीजों की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,230 हो गई। इनमें 11 ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 5.46 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 5.32 प्रतिशत है। देश में ( शेष पेज 9 )

# गौतमबुद्ध नगर में 8 बच्चों समेत 110 कोरोना के मरीज मिले

## 24 घंटे में कुल 2269 सैंपल लिए, 144 लोग हुए ठीक, सक्रिय मरीजों की संख्या 700 के पार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर में बीते कई दिनों बाद स्वास्थ्य विभाग के लिए काफी राहत भरी खबर सामने आयी है। गौतमबुद्ध नगर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के नए मरीजों की तुलना में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में काफी ज्यादा इजाफा हुआ है।

गौतमबुद्ध नगर में पिछले 24 घंटे के दौरान करीब 144 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। वहीं, 110 नए कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें 18 साल से कम उम्र के करीब 8 बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इन सभी मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटे में कुल 2269 मरीजों के सैंपल लिए गए थे। जिनकी जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के पास आ चुकी है। गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न अस्पतालों में 34 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। लेकिन, किसी भी मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 705 तक पहुंच गयी है।

इन सभी मरीजों की लगातार कांट्रैक्ट ट्रेसिंग भी की जा रही है। होम आइसोलेशन में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इन सभी मरीजों को कंट्रोल रूप के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए यह काफी राहत की बात है कि गौतमबुद्ध नगर में संक्रमित मरीजों की संख्या ठीक होने वाले मरीजों से काफी ज्यादा कम है।

अब स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि इस आकड़े को लगातार जारी रखा जाए। जिससे गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ रहे संक्रमण को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग गौतमबुद्ध नगर के सभी निवासियों से अपील करता है कि गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का लक्षण नजर आने की स्थिति में तुरंत कोरोना वायरस की जांच कराएं। जिससे कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते संक्रमण को रोका जा सके। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के अस्पतालों में अलग से फीवर ओपीडी भी शुरू कर दी गयी है।

### स्कूलों में भी सख्ती के साथ होगा नियमों का पालन : सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के सभी स्कूलों में भी कोरोना वायरस के नियमों का पालन सख्ती के साथ कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिससे गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का संक्रमण न फैल सके। स्कूलों में लगातार सैनिटाइजेशन और जिन सेक्टरों और सोसायटी में मरीज मिले हैं। वहां भी सैनिटाइजेशन कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिससे गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का संक्रमण न फैल सके।

# जेवर में जल्द लगेगी मेट्रो कोच बनाने वाली फैक्ट्री

- कंपनी ने 43 करोड़ रुपये यीडा के खाते में कराए जमा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का असर अभी से नजर आना शुरू हो गया है। यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में वंदे भारत रेल कोच फैक्ट्री के साथ मेट्रो कोच बनाने वाली कंपनी ने भी जमीन की मांग की है। पीपी इंटरनेशनल कंपनी ने यमुना प्राधिकरण से मेट्रो कोच बनाने के लिए करीब 25 एकड़ जमीन की मांग की है।

कंपनी ने यमुना प्राधिकरण के खाते में जमीन की पूरी कीमत 43 करोड़ रुपया जमा कर दिया है। कंपनी की यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रत्येक साल मेट्रो के करीब 100 से अधिक कोच बनाने की योजना है। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस कंपनी का टर्नओवर 1.51 करोड़ रुपये है। यह कंपनी बनाने वाले मेट्रो कोट की कीमत 8 करोड़ रुपये होगी। यह कंपनी भारतीय रेलवे के लिए भी काम करती है।

जेवर एयरपोर्ट के पास इंडस्ट्रियल सेक्टर 32 में 25 एकड़ का प्लॉट आवंटित कर दिया गया है। कंपनी को जल्द ही प्लॉट पर पजेशन देने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इससे करीब 600 लोगों को प्रत्यक्ष और करीब एक हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी मिलेगी।

# प्रधानमंत्री की फोटो एडिट कर धोखाधड़ी करने वाले को यूपी एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

- नौकरी दिलाने का देता था झांसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों का फोटो एडिट कर अपने साथ सोशल मीडिया पर लगाकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर ठग को यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गिरफ्तार किया है।

यह ठग लोगों को सरकारी ठेगा और नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। इतना ही नहीं आरोपी केंद्र और राज्य सरकारों में अपनी गहरी पैठ होने का भी लोगों को झांसा देता था। यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट को आरोपी की पहचान मोहम्मद कासिम के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद कासिम को सूरजपुर पुलिस की मदद से यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने अपनी फोटो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो के साथ एडिट करने के बाद लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे वसूलता था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 210/2023 में धारा संख्या 419, 420, 468, 469 और 471 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया है। यहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

आरोपी के पिता जहीर अहमद एक न्यूज चैनल के मालिक थे। लेकिन, उनको घाटा होने के चलते न्यूज चैनल को बंद कर दिया गया।

मामले की जानकारी मिलने के बाद एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि अभिसूचना विभाग और आलाधिकारियों से जानकारी मिली थी कि प्रधानमंत्री , केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं की फोटो एडिट कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी 2 साल से नोएडा में सक्रिय चल रहा था।

### पॉलिथीन बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक पॉलिथीन बनाने वाली कंपनी में भीषण आग लग गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग के वाहनों ने आग पर काबू पाया। इस आगजनी में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, आग के चलते कंपनी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। जिससे कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सुबह करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली की प्लॉट नंबर 168 एमयूपी दो फैक्ट्री में आग लग गयी है। इसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गयी।



पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा के निर्देशन में अशोक कुमार ( एडीसीपी ग्रेनो ) द्वारा एसीपी 2 ग्रेनो के साथ आगामी त्योहारों ईद-उल-फितर एवं अलविदा जुम्मा की नमाज को लेकर थाना दादरी क्षेत्रांतर्गत पुलिस प्रबंधन के संबंध में विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक कार्यकर्ता रवि राय आप में शामिल



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 18 स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में जेवर नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता रवि राय आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रवि राय को गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन ने पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करायी। सामाजिक कार्यकर्ता रवि राय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर वह आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जेवर नगर पंचायत के निवासियों को भी दिल्ली जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। यह काम सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन, महासचिव राकेश अवाना और जेवर निकाय प्रभारी पं.जयनारायण कौशिक, दीपचन्द्र बेलवाल और आनन्द कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### करंट लगने से एक युवक की मौत

**नोएडा।** सूरजपुर थानाक्षेत्र के लखनावली गांव में बृहस्पतिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि लखनावली गांव में नितिन अपने घर पर बिजली की तार जोड़ रहा था। उन्होंने बताया कि इसी बीच उसे करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सांसद खेल प्रतियोगिता को लेकर भाजपा की बैठक

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने सांसद खेल प्रतियोगिता को लेकर एक बैठक की। यह बैठक गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गयी। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया जाएगा। यह खेल प्रतियोगिता नोएडा स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस खेल प्रतियोगिता के दौरान इंडोर में होने वाले सभी खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ भी भाजपा के सभी कार्यकर्ता भी लगे हुए हैं।

### धूमधाम से मनाया जाएगा परशुराम का अवतरण दिवस

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 22 स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव शनिवार को काफी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। सबसे पहले भगवान परशुराम, विष्णु भगवान और लक्ष्मी माता की विधि विधान के साथ पूजा की जाएगी। इसके बाद चांदी का मुकुट भगवान परशुराम को अर्पण किया जाएगा। यह जानकारी ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने दी। ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 स्थित मनकामेश्वर मंदिर में पिछले वर्ष ही ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई थी। कार्यक्रम की अहम जिम्मेदारी महासचिव मदन शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतुल पांडेय, कोषाध्यक्ष डीएस कटोच, उपाध्यक्ष मणिक मोहन शास्त्री, सचिव राणा मुखर्जी, हरीश बाबू शुक्ला, पवन शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सदस्य पवन कुमार शर्मा, पद्मेश पाठक, संजय कुमार शर्मा, एश्वर्य शर्मा, लीगल एडवाइजर भूपेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा को दी गयी है।

### अब्बासी महासभा ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर 9 स्थित बांस बल्ली मार्केट में आल इंडिया अब्बासी महासभा और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। यह इफ्तार पार्टी आल इंडिया अब्बासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब हाजी शमशेर अब्बासी और पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन के नेतृत्व में आयोजित की गयी। इस मौके पर परवेज, हाजी सगीर ठेकेदार, मोहम्मद वकील सैफी, हाफिज जमशेद, शाहरुख, समीर, बसीम, एम शफीक शहरयार और मोहम्मद गूडडू समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों का जखीरा जब्त, चार बदमाश गिरफ्तार

- 10 पिस्तौल और देशी तमंचे बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के दादरी थानाक्षेत्र में पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह को अवैध हथियारों का एक जखीरा बरामद किया और इस सिलसिले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) साद मियां खान ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने संदीप, बॉबी, दीपक और टीटू नामक चार बदमाशों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से 10 पिस्तौल एवं देसी तमंचे बरामद किए। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ए लोग एनसीआर में काफी दिनों से अवैध रूप से शस्त्र की आपूर्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस इस गैंग के अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।



### मोबाइल चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-126 थानाक्षेत्र में पुलिस ने मोबाइल फोन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से बड़ी संख्या में चोरी किए हुए कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त हरीश चंदर ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आज राहुल कश्यप तथा सुनील गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर नोएडा के विभिन्न मेट्रो स्टेशन तथा बस स्टैंड से चोरी किए हुए 53 मोबाइल बरामद किए।

# सीएफआई के अध्यक्ष बनेंगे नोएडा विधायक पंकज सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नोएडा से विधायक पंकज सिंह का शनिवार को भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है।

नोएडा के विधायक पंकज सिंह ही नहीं बल्कि सीएफआई की कार्यकारी परिषद के अन्य सभी 24 सदस्य भी निर्विरोध चुने जाएंगे। यह घोषणा शनिवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में होने वाली सीएफआई की चुनाव बैठक के दौरान की जाएगी। नोएडा के विधायक पंकज सिंह पंजाब के पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींढसा की जगह लेंगे। वह सीएफआई के अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के बाद खेल संहिता के तहत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। गौरतलब है कि पंकज कुछ समय के लिए भारतीय तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लेकिन, पिछले साल अप्रैल में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। पंकज सिंह ने इसके लिए विधान सभा में विधायक के रूप में अपनी प्रतिबद्धताओं का हवाला भी दिया था।

# तीन साल के बच्चे का शव नाले में मिला

- परिवार ने जताई हत्या की आशंका, 2 दिन पहले हुआ था गायब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के सेक्टर 142 स्थित बिहारी मार्केट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में लापता तीन साल के बच्चे का शव नाले से पुलिस को बरामद हुआ है।

बच्चा मंगलवार शाम से गायब चल रहा था। बच्चे के चाचा ने अपहरण कर बच्चे की हत्या की आशंका पुलिस से की है। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद ही पुलिस अब किसी स्पष्ट नतीजे पर पहुंच सकती है। कोतवाली प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि शाहदरा गांव के हबिउल्लाह की बिहारी मार्केट में बैग की दुकान है। मंगलवार शाम को उनका तीन साल का बेटा नाजिम अंसारी दो अन्य बेटों के साथ दुकान के पास खेल रहा था। शाम सा ? सात बजे के आसपास वो खेलते हुए काफी दूर निकल गया। इसके बाद बच्चा गायब हो गया। काफी देर तक उसकी तलाश की। जब नाजिम नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

रात भर तलाशी अभियान चलाया गया। लेकिन, पुलिस को बच्चा नहीं मिला। पुलिस ने जब नाले के पास बच्चे की छानबीन शुरू की तो उनका बेटा चार फीट गहरे नाले में मृत मिला। बच्चे की पानी में डूबने के चलते मौत हो गयी।

### पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए 75 रिफ्लेक्टर

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में रात के समय सुरक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान ट्रैफिक इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर और ट्रॉली वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए और नियमों की भी जानकारी दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश मिश्रा ने बताया कि कई ट्रैक्टर और ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर नहीं लगे हुए हैं।

ट्रैक्टर और ट्राली मालिकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गयी। उनके सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।



ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाते यातायात पुलिसकर्मी।

# जिला महिला अस्पताल पहुंचा जापान का प्रतिनिधिमंडल

- मदर एंड न्यू बोर्न केयर यूनिट (नर्सरी ) का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जापान सरकार के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिला महिला अस्पताल में पहुंचा। यहां संचालित न्यू बोर्न केयर यूनिट, सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट और मदर एंड न्यू बोर्न केयर यूनिट (नर्सरी )का निरीक्षण किया।

इसके अलावा अधिकारियों ने लेबर रूम में पहुंचकर प्रसव के इंतजामों का भी जायजा लिया। टीम में मेकिको योनेडा, ल्यूज सोमिनो,सतोशी इजियो और यूता योमाशित शामिल रहे। सीएमएस डॉ शोभा ताने अधिकारियों को अवगत कराया न्यू बोर्न केयर यूनिट में वर्तमान में 12 नवजात को बेहतर इलाज के लिए रखा गया है इनके लिए चिकित्सकों की भी तैनाती की गई है। इसके साथ ही टीम ने ई वैक्सीन स्टोर में पहुंचकर वैक्सीन के रखरखाव के बारे में जानकारी हासिल की। पता चला है कि गाजियाबाद में न्यू बोर्न बेबी के लालन-पालन के लिए बनाई गई नर्सरी अन्य जिलों के सापेक्ष बेहतर पाई गई हैं। साथ ही वैक्सीन की कोल्ड चेन भी सुरक्षित मिली है। यह प्रतिनिधिमंडल बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना में संचालित नर्सरी का जायजा लेने भी पहुंचा।

जापानी प्रतिनिधिमंडल ने ई वैक्सीन स्टोर में आईएलआर के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। वैक्सीन के लिए निर्धारित तापमान रखे जाने के बारे में सवाल किए और इसके साथ ही पूरी कोल्ड चेन के बारे में भी पता किया। प्रतिनिधिमंडल ने वैक्कै सीन के रखरखाव के तरीके पर संतोष जाहिर किया। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नीरज अग्रवाल, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. अभिषेक, यूनियूसेफ के हरेंद्र पंवार आदि उपस्थित रहे।

# 25 को परिवहन विभाग में भाकियू (भानु) करेगा पंचायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 32 स्थित उपसहायक संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय में आगामी 25 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन (भानु) और सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन संयुक्त रूप से एक पंचायत का आयोजन करने जा रही है।

यह पंचायत भाकियू (भानु) के प्रदेश महासचिव चौधरी बीसी प्रधान और नोएडा सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। भाकियू (भानु) के प्रदेश महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि नोएडा सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन और भाकियू (भानु) संयुक्त रूप से आगामी 25 अप्रैल को एक पंचायत करने जा रहा है। इस पंचायत को लेकर भाकियू (भानु) ने एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा और एसीपी द्वितीय सुशील कुमार गंगा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान एक हजार एनसीआर ऑटो की अधिसूचना को रद्द करवाने के साथ ही पारदर्शी कर लॉटरी सिस्टम से ड्रा करवाने की मांग की गयी। नोएडा सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी ओम प्रकाश गुर्जर, भाकियू (भानु) के प्रदेश महासचिव चौधरी बीसी प्रधान, नोएडा सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप पाल, और अनिल कुमार शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एआई कैमरों से सीमा पर होगी वाहनों की निगरानी

## आधुनिक तकनीक से लैस होगा, यातायात समेत प्रदूषण नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कसेगा नकेल

● अपराधों का भी पता लगाने में भी होंगे सक्षम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



स्पीड डिटेक्शन कैमरों की मौजूगी के बारे में वाहन चालकों को सचेत करने वाले मोबाइल एप्लिकेशन की लोकप्रियता परिवहन विभाग और पुलिस के लिए सिरदर्द बन गए हैं।

सरकार और प्रशासन जगह-जगह कैमरों को लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और सुरक्षा के मद्देनजर अपने निगरानी नेटवर्क को मजबूत कर रहा है, लेकिन कैमरा-चकमा देने वाले वाहन चालकों को पकड़ने में दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। टैक्सी ड्राइवर, बाइकर्स और अन्य लंबी दूरी के यात्री कैमरों से बचने के लिए आधा दर्जन से मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। अब इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर आर्टिफिशल इंटेलिजेस से लैस कैमरों का इस्तेमाल करेगा। इस मकसद यातायात समेत प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने वालों की नकेल कसना है। इतना ही नहीं ये अधुनिक तकनीक से लैस ये कैमरे अन्य अपराधों का भी पताा लगाने में सक्षम होंगे।

कैमरा गाड़ी के नंबर प्लेट पढ़ेगा और सिस्टम वाहन के मालिक की पहचान करने के साथ अन्य जानकारी भी मुहैया कराएगा। इससे ई-चालान प्रक्रिया आसान होगी। डेटा को ई-चालान प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाएगा। दिल्ली सरकार की ओर से एमसीडी द्वारा एकत्र किए गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति उपकर के साथ इसे जोड़ने की भी योजना है। पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति कर दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाणिज्यिक वाहनों से एकत्र किया जाता है। एआई कैमरों की मदद से ई-चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी साथ ही मनवीय हस्तेक्ष भी कम हो जाएगा।

इसे लेकर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को बैठक की। हिंदी में एक ट्वीट में, उन्होंने कहा, दिल्ली में लेन ड्रइविंग सुनिश्चित करने के लिए, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व में, दिल्ली सरकार एआई-सक्षम कैमरे आदि जैसे स्मार्ट उपायों का उपयोग करेगी। इससे लेन ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्री ने परिवहन विभाग समेत अन्य संबंधित अधिकारियों इस मद्दे पर एक योजना तैयार करने को कहा है। कैमरों का उपयोग बसों के लेन प्रवर्तन की जांच के लिए भी किया जाएगा। वे पता लगाएंगे कि वाहन बस लेन में चल रहे हैं या बस लेन में कोई अन्य वाहन खड़ा है। एआई कैमरे अपराधों पर भी लगाम लगाने में मदद करेंगे। एक अधिकारी ने कहा, इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए दिल्ली की सीमाओं और एमसीडी के टोल नाकों पर एआइ कैमरे लगाने के लिए विभाग आने वाले दिनों में निविदा जारी कर सकता है। हर लेन में दो कैमरे लगाने की योजना है। एक नंबर प्लेट पढ़ने पर केंद्रित होगा, और दूसरा ओवरलोडिंग या सीटबेल्ट नहीं पहनने जैसे यातायात उल्लंघन करने वालों की पहचान करेगा। इतना ही नहीं एआई कैमरे वाहनों और उनके प्रकार का भी पता लगाएंगे, जिसके बाद सिस्टम को ई-चालान जारी करेगा।

इस तकनीक के इस्तेमाल से कर संग्रह में एमसीडी की भूमिका कम हो जाएगी और सरकार सीधे कर एकत्र करेगी। ये दीर्घकालिक योजनाएं हैं। फिलहाल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम कैमरों की खरीद और उन्हें विभिन्न पोर्टलों के साथ एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कैमरे खरीदे जाने के बाद एकीकरण के काम में कम से कम दो से तीन महीने लगेंगे।

# समर एक्शन प्लान के लिए 30 विभागों ने सौंपी रिपोर्ट

● धूल, औद्योगिक, ध्वनि और जल प्रदूषण को किया गया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गर्मी के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के साथ समर एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा बैठक की।

समर एक्शन प्लान से संबंधित 30 विभागों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट सुझाव पर्यावरण विभाग को सौंपे। पर्यावरण विभाग को समर एक्शन प्लान के तहत सभी विभागों की ओर से दिए गए रिपोर्ट एवं सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को समर एक्शन प्लान की विस्तृत रिपोर्ट 24 अप्रैल को सौंपी जाएगी।

गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए केजरीवाल सरकार लगातार काम कर रही है। पिछले वर्ष सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू किए गए विंटर एक्शन प्लान का नतीजा यह रहा कि दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही पिछले 8 सालों में प्रदुषण स्तर में भी लगभग 30 प्रतिशत से ज्यादा की कमी दर्ज की गई है। इस वर्ष भी सरकार गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 16 फोकस बिन्दुओं पर आधारित समर एक्शन प्लान तैयार कर रही है।

इन बिन्दुओं के तहत प्रदूषण के नियंत्रण के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक एक्शन प्लान बनाकर उसको लागू करने की तरफ काम करने का निर्णय लिया गया है।

# कोविड के 1603 नए मामले, 3 की मौत

● संक्रमण दर 26.75 प्रतिशत पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 1603 मामले दर्ज किए गए और संक्रमण दर 26.75 प्रतिशत रही, वहीं तीन लोगों की संक्रमण से मृत्यु हो गई। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से सामने आई।

आंकड़ों के अनुसार तीन और लोगों की मृत्यु के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कोविड महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 26,581 पहुंच गई। राजधानी में कोविड के लिए विशेष रूप तैयार किए गए 7,976 बिस्तर में से 390 पर मरीज थे। दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण से छह लोगों की मृत्यु हो गई थी, वहीं संक्रमण के 1,757 नए मामले सामने आए थे। ज्ञात हो राजधानी में कोरोना का ग्राफ बढ़ रहा है। हालांकि इसको लेकर दिल्ली सरकार ने तैयारियों कर ली है। स्कूलों के लिए भी अलग से गाइडलाइन जारी की गई। नए वैरियेंट से बच्चों को खतरा बताया जा रहा है।

## एमसीडी स्कूलों के लिए जारी हुए 400 करोड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी सरकार ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा संचालित स्कूलों के विकास के लिए बृहस्पतिवार को 400 करोड़ रुपए जारी किए। शिक्षा मंत्री आतिशी ने यह जानकारी दी।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य एमसीडी द्वारा संचालित स्कूलों में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि एमसीडी स्कूलों में करीब नौ लाख छात्र पढ़ते हैं।

उन्होंने कहा, शिक्षा हमेशा दिल्ली सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने हमेशा शिक्षा के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा आवंटित किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य एमसीडी स्कूलों को बेहतर बनाना है।

# तेजी से कम हो रही तीनों लैंडफिल साइट की ऊंचाई

● वर्तमान में 7.5 से 8 लाख मीट्रिक टन कचरे का हर महीने हो रहा निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली की खूबसुरती में ग्रहण लगाने वाले तीनों लैंडफिल साइट की ऊंचाई तेजी से कम हो रही है। कचरे के इन पहाड़ों से कूड़ा को अलग और निस्तारित करने की दर जून 2022 में जो 1.41 लाख मीट्रिक टन थी।

वह नवंबर 2022 तक 6 लाख मीट्रिक टन प्रति माह हो गई जो वर्तमान में 7.5 से 8 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को ओखला, भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल साइटों से अपशिष्ट निस्तारण कार्यों में हो रही प्रगति की समीक्षा की। एलजी ने अधिकारियों से कचरा निस्तारण की दर को बढ़ाकर 12 लाख मीट्रिक टन हर महीने करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले साल 29 मई को जब गाजीपुर साइट का दौरा किया था, तभी से उन्होंने इस कचरे के पहाड़ों को मिशन मोड में खत्म करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने अधिकारियों से 18 महीनों के अंदर इस कचरे के पहाड़ों को समतल करने के निर्देश दिए थे। तब से कचरा निस्तारण के काम में जबरदस्त तेजी आई है। नवंबर 2022 में इस काम के लिए ठेके दिए गए थे, तब से अपशिष्ट निस्तारण और इसे पृथक्कीरण की दिशा में तेजी आई है। जून 2022 से एलजी इस मुद्दे पर रोजाना हो रहे कार्यों की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। उपराज्यपाल ने कचरा निस्तारण की दर 12 लाख मीट्रिक टन प्रति माह करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि भलस्वा लैंडफिल से 10,800 मीट्रिक टन प्रतिदिन, ओखला में 21,000 मीट्रिक टन और गाजीपुर में 6,800 मीट्रिक टन प्रतिदिन के हिसाब से निस्तारण के लिए प्रोत्साहित किया जाए। अगर ऐसा होता है तो हर महीने 11.40 लाख मीट्रिक टन कचरे का निपटान हो सकेगा। उन्होंने इस बात पर संतोष प्रकट किया कि भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइटों पर कचरा निपटान का काम सही दिशा में हो रहा है लेकिन गाजीपुर में लक्ष्य से पीछे चलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द इसे ठीक कराने के निर्देश दिए।

# आईसीएआई भारत के विकास की कहानी को ले जा रहा आगे: तलाती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) अनिकेत सुनील तलाती ने कहा कि आईसीएआई भारत के विकास की कहानी को आगे ले जाते हुए बी20 डायलॉग में एक प्रमुख हिस्सेदार हो गया है। आईसीएआई का बी20 का प्रमुख भागीदार बनना दरअसल सरकार का भारत को विश्वगुरु बनाने के प्रति समर्थन के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एक संवाददाता सम्मेलन में तलाती ने कहा कि आईसीएआई का नियामक फ्रेमवर्क एक ऐसा ढांचा है जिस पर पवित्र, शानदार, सम्मानित तथा दुनिया के सबसे बड़े लेखा संगठन में से एक आईसीएआई खड़ा है। इसी साल फरवरी में तलाती आईसीएआई के अध्यक्ष, सीए रंजीत कुमार अग्रवाल नए उपाध्यक्ष चुने गए गए थे। 75 लाख से अधिक सदस्यों और 7.80 लाख छात्रों के साथ आईसीएआई दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लेखाकार निकाय है।

अनुशासनात्मक मामलों के बारे में जानकारी साझा करते हुए आईसीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि अनुशासनात्मक मामले में जीरो टालरेंस नीति का पालन किया जाता है। कुछ मामलों में संगठन ने सदस्यों को रजिस्टर ऑफ मेंबर्स से हमेशा के लिए हटा दिया है।




नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउटेंट्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सीए अनिकेत सुनील तलाती, साथ में उपाध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल और चैयरमैन पीआर संजीव कुमार सिंघल।

# दिल्ली में बारिश, कुछ दिन और रहेगी राहत

● शाम को तापमान में गिरावट के साथ एक्यूआई मध्यम श्रेणी में पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार शाम को हल्की बारिश हुई, जिससे शहर में लगातार जारी लू जैसी स्थिति से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने दिन में दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि का अनुमान जताया था।

मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अगले कुछ दिन तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। स्काईमेट वेदर सर्विसेज के मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने कहा कि ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में मध्यम हवाओं के साथ बारिश और गरज के साथ बूंदाबांदी होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चिड़ियाघर में सफेद बाघ के दो शावकों को छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अपनी मां के साथ बाड़े में घूमते दोनों शावक। फोटो: रंजन डिमरी

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को सफेद बाघ के दो शावकों को बाड़े में छोड़ा। उन्होंने दोनों शावकों का नामकरण भी किया। चिड़िया घर में आठ महीने पहले सीता नामक बाघीन ने इन दो शावकों को जन्म दिया था।

यादव ने ट्वीट करके कहा कि स्कूली बच्चों और चिड़ियाघर के कर्मचारियों की मौजूदगी में 8 महीने की अवनी और व्योम को उनके बाड़े में छोड़ने को हरी झंडी दिखाई। चिड़िया घर के आगंतुक अब अवनी और व्योम को देख सकेंगे और नमस्ते कह सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इन शावकों का नामकरण भी किया गया है। इन शावकों का नाम अवनी यानी पृथ्वी और व्योम मतलब ब्रह्मांड रखा गया है। दिल्ली के चिड़ियाघर में कुल चार सफेद बाघ हैं, जिसमें तीन नर और एक मादा है। दो शावकों में एक नर और एक मादा है।

## सिसोदिया ने साक्ष्य नहीं होने के आधार पर जमानत मांगी

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व उप सीएम मनीष सिसोदिया ने उच्च न्यायालय से जमानत देने का अनुरोध किया।

सिसोदिया ने दावा किया कि उन्हें कथित अपराध की आय से जोड़ने के लिए रकम के लेन देन का कोई साक्ष्य नहीं मिला है और वह अन्य अभियुक्तों के समान राहत की मांग कर रहे हैं। आप के वरिष्ठ नेता के वकील ने कहा कि सिसोदिया मामले में गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ करने की स्थिति में नहीं हैं। इस मामले की जांच सीबीआई कर रहा है। दलील सुनने के बाद न्यायमूर्ति ने सीबीआई के वकील के प्रतिवेदनों के लिए 26 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

# स्कूल को मिली दो बार बम से उड़ाने की धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सादिक नगर इलाके में स्थित द इंडियन स्कूल के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल नवंबर से अब तक स्कूल में बम रखे होने की दो धमकियां मिलने के बावजूद उन्हें सुरक्षा एजेंसियों की ओर से दोषी की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

अधिकारियों ने कहा कि हाल में 12 अप्रैल को ईमेल के जरिए धमकी मिली, जिसमें कहा गया था कि परिसर में बम है। इसके बाद स्कूल को खाली करा लिया गया और बम निरोधक दस्ते तथा अन्य एजेंसियों ने किसी विस्फोटक पदार्थ की खोज में परिसर का निरीक्षण किया। बाद में इसे अफवाह करार दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि हमें बम रखा होने के बारे में दूसरा ईमेल मिले हुए एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है। हमें अपराधी की पहचान के बारे में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। पहली धमकी नवंबर में मिली थी। उन्होंने एजेंसियों से कई बार अपील करने का दावा किया। स्कूल में तीन से 18 साल की उम्र के 3,000 छात्रों के अलावा 200 कर्मचारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार



मुखर्जी नगर में अभ्यर्थियों से बातचीत करते राहुल गांधी।

### सिविल सेवा के अभ्यर्थियों से मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में पहुंचकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कई युवाओं से मुलाकात की। राहुल गांधी उस दिन इन युवाओं से मिले जब मानहानि के मामले में दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली उनकी याचिका सत्र अदालत में खारिज हो गई।राहुल गांधी मुखर्जी नगर में सड़क किनारे इन युवाओं के साथ बैठकर बातचीत करते देखे गए। मुलाकात के दौरान इन युवाओं ने परीक्षा की तैयारी से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गत मंगलवार की शाम अचानक यहां बंगाली मार्केट और पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में पहुंचे थे, जहां उन्होंने गोलगप्पे, तरबूज और कुछ अन्य पकवानों का लुत्फ उठाया था।

### चुनाव से पूर्व गठबंधन जरूरी: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने कहा कि देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन जरूरी है और अगर विपक्ष अब एकजुट नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। जो दल अब भी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संभावित संयुक्त मोर्चे के नेता बनने (नेतृत्व करने) के बारे में सोच रहे हैं, वे स्थिति की गंभीरता को बिल्कुल भी समझ नहीं पाए हैं। आप के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस, समान विचारधारा वाले कई दलों को भाजपा के खिलाफ एकसाथ लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 15 अप्रैल को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी फोन किया था और वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया था।

# भैरो मार्ग-रिंग रोड अंडरपास इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना होगा

## रेलवे ट्रैक से रोजाना गुजरती है 120 से ज्यादा ट्रेनें, काम करने के लिए मिलते है सिर्फ 4 घंटे, जिसमें 1 घंटे में होती है बॉक्स पुशिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अंडरपास का निरीक्षण करती आतिशी।

भैरों मार्ग से रिंग रोड को जोड़ने वाले अंडरपास का काम सात बार समय सीमा बढ़ाए जाने के बाद भी अधूरा है। लोक निर्माण विभाग ने 15 अप्रैल तक अंडरपास को खोलने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है। निर्माण एजेंसी का कहना है कि अंडरपास के अंदर के हिस्से का काम बाकी है।

इसके चलते अभी एक से दो महीना और लग सकता है। निर्माण कार्य में हो रही देरी के चलते शाम के समय लुटियन दिल्ली से नोएडा, गाजियाबाद और पूर्वी दिल्ली जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि अंडरपास निर्माण के चलते लंबा यूटर्न लेकर आना पड़ता है, जिसमें अक्सर जाम लगा रहता है।

अंडरपास बनाने में निर्माण एजेंसी को कई बाधाओं और तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ है। रेलवे ट्रैक से रोजाना 120 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती है, इसके चलते लोक निर्माण विभाग को काम करने के लिए मिलते है सिर्फ 4 घंटे, जिसमें 1 घंटे बॉक्स पुशिंग होती है बाकी समय में रेलवे लाइन को फिक्स किया जाता है। काम के लिए निर्धारित समय में 1400 टन वजनी कंक्रीट ब्लॉक को हाइड्रोलिक के माध्यम से रोजाना 30 सेमी खिसकाया जाता है। इसके लिए 6000 हॉर्सपॉवर की मशीनों का किया जाता है इस्तेमाल इस अंडरपास को बनाने का तरीका खुद में अनूठा, देश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर इस इंजीनियरिंग तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। अंडरपास बनने के बाद दिल्ली के 2 इंटरस्टेट बस टर्मिनल-कश्मीरी गेट और सराय काले खां के बीच की सड़क सिग्नल फ्री हो जाएगी। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग की मंत्री ने कहा कि प्रगति मैदान में रिंग रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा अंडरपास आधुनिक इंजीनियरिंग का शानदार नमूना है। व्यस्त रेलवे लाइन के नीचे इस अंडरपास का निर्माण करना मुश्किल भरा काम है। इस अंडरपास के तैयार होने के बाद दिल्ली के 2 इंटरस्टेट बस टर्मिनल-कश्मीरी गेट और सराय काले खाँ के बीच की रोड़ पूरी तरह से सिग्नल फ्री हो जाएगी और यहाँ से गुजरने वाले लाखों वाहनों को जाम की समस्या का सामना नहीं करना होगा।

### पीडब्ल्यूडी ने मुश्किल प्रोजेक्ट को बनाया संभव

*अंडरपास का निर्माण खुद में इंजीनियरिंग की एक बड़ी चुनौती है। अंडरपास का एक हिस्सा एक बेहद ही व्यस्त रेलवे लाइन के नीचे है, जहां से प्रतिदिन लगभग 120 ट्रेनें गुजरती है। ट्रेन की आवाजाही के लिए सक्रिय रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले रेलवे कॉरिडोर के साथ निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। बॉक्स पुशिंग की तकनीक को पहले भी इस्तेमाल किया जाता था लेकिन इतने बड़े स्तर पर पहली बार ये काम हो रहा है। यहाँ एक और बड़ी चुनौती यह है कि अंडरपास के नजदीक ही यमुना नदी है जिस कारण वाटर टेबल के अधिक होने की वजह से यहाँ काम करना और मुश्किल बन जाता है। लेकिन फिर भी चुनौतियों का सामना किया।*

# अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह की समाप्ति पर हुआ रोड शो



गुरुग्राम में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के समापन पर अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित रोड शो को झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

**जिला** में आमजन को आगजनी जैसी घटनाओं की रोकथाम व उससे बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए 14 अप्रैल से शुरू हुए अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का गुरुवार को समापन किया गया। इस सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सेक्टर-29 स्थित अग्निशमक कार्यालय से शहर के प्रमुख मार्गों से अग्निशमन वाहनों द्वारा एक रोड शो का भी आयोजन किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव ने रोड शो को झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने फायरकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम एक बढ़ता हुआ शहर है। ऐसे में दमकल कर्मियों के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसका वे बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने अग्निशमन विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में

### जिम्मेदार नागरिकों की जागरूकता से टल सकती हैं तमाम घटनाएं: डीसी

कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक की जागरूकता से किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सकता है। डीसी ने कहा कि 80 प्रतिशत अग्निकांड अग्नि सुरक्षा उपायों की जानकारी के अभाव एवं लापरवाही के कारण होते हैं। ऐसे में अग्निशमन विभाग द्वारा मनाया जाने वाला यह सेवा सुरक्षा सप्ताह आमजन में जागरूकता लाने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीसी ने इस दौरान आगजनी के घटना के समय उत्कृष्ट कार्य करने वाले दमकलकर्मियों, औद्योगिक संस्थानो के प्रतिनिधियों सहित सिविल डिफेंस टीम के मेंबर्स को सम्मानित भी किया।

दमकलकर्मियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर आग जैसी आपदा पर काबू पाते हैं। इसी दौरान कई कर्मी अपनी जान तक गवां बैठते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह में फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज जिसमें रुई की गांठे, विस्फोटक एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। उनमें अकस्मात आग लग गई थी।

# फर्जी अस्पताल में बिना डिग्री के मरीजों का इलाज करते मिले डॉक्टर

### न तो अस्पताल का पंजीकरण था, बिजली भी चोरी की कर रहे थे इस्तेमाल

### सीएम फ्लाइंग ने गुप्त सूचना पर की छापेमारी तो हुआ खुलासा




गुरुग्राम के बजघेड़ा क्षेत्र में बना आनंद अस्पताल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आनंद** अस्पताल...। जहां लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाता था। ना अस्पताल का रजिस्ट्रेशन, ना यहां कार्यरत डॉक्टर के पास डिग्री। यानी सब कुछ फर्जी और मरीजों से उपचार के नाम पर लंबे समय से ठगी हो रही थी। ऊपर से बिजली चोरी करके बिजली विभाग को लंबे समय से चूना लगाया जा रहा था।

मात्र 13 बेड के इस अस्पताल में फर्जीवाड़े व बिजली चोरी का खुलासा तब हुआ, जब सीएम फ्लाइंग ने पुख्ता सबूतों के आधार पर वहां छापेमारी की। कह सकते हैं यहां डॉक्टर से लेकर सब कुछ फर्जी था। जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम के बजघेड़ा क्षेत्र में नजफगढ़ रोड पर आनंद अस्पताल नाम से एक निजी अस्पताल संचालित किया जा रहा है। यह 13 बेड का अस्पताल है। यहां पर मरीजों का उपचार करने वाले डॉक्टर्स के पास कोई अधिकारिक डिग्री नहीं है। वह फर्जीवाड़े करके मरीजों का उपचार करता है। अस्पताल का कोई पंजीकरण नहीं है। यह सब जानकारी पुख्ता होने पर सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की योजना तैयार की। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की। अस्पताल का संचालक मौके पर मौजूद मिला, जो टीम को अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कागजात नहीं दिखा सका। इससे साफ हो गया कि यह अस्पताल पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके चलाया जा रहा है।

**बाहरी प्रदेशों के लोग चला रहे थे फर्जी अस्पताल :** पूछताछ में यह सामने आया कि आनंद अस्पताल को मध्य प्रदेश के भिंड जिला निवासी रामबीर, यूपी के सीता जिला निवासी विकास भारद्वाज, दिल्ली निवासी नंदकिशोर और झारखंड निवासी मंतू कुमार मिलकर संचालित कर रहे थे। काफी समय से इस अस्पताल को संचालित किया जा रहा था। यहां मरीजों से ओपीडी फीस के रूप में मोटी रकम वसूली जाती थी। प्राथमिक जांच व पूछताछ में पता चला है कि आरोपी रामबीर ही बिना डिग्री के ही यहां मरीजों का उपचार करता था। अस्पताल में 13 बेड डाले गए थे। इस फर्जी अस्पताल में एक ऑपरेशन थियेटर, एलोपैथिक दवाइयों समेत अस्पताल के कागजात बरामद हुए हैं। अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सील कर दिया गया। साथ ही आरोपी रामबीर, नंदकिशोर, मंतु कुमार और विकास भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**अस्पताल में चोरी की बिजली होती थी यूज :** अस्पताल में जांच-पड़ताल के दौरान छापेमारी टीम को यह भी पता चला कि अस्पताल में बिजली भी चोरी की जा रही थी। बिजली निगम के अधिकारियों को सीएम फ्लाइंग ने इसकी सूचना दी। मौके पर बिजली निगम की टीम ने अस्पताल के उपकरणों की जांच-पड़ताल करके वहां के लोड के हिसाब से जुर्माना भी लगा दिया।

# समाजसेवी भगत सिंह की पुण्यतिथि पर लगाया वाटर कूलर



गुड़गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथि।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### सचिव पद पर रहते हुए कमलजीत कटारिया ने अनेक जनहित कार्य किए

**ब्राह्मण** वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने गुड़गांव गांव में स्वर्गीय भगत सिंह कटारिया को याद करते हुए उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्व. भगत सिंह कटारिया समाज सुधारक थे। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए अनेक कार्य किए। उन्हीं के पद चिह्नों पर चलते हुए आज उनके बेटे कमलजीत कटारिया जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं।

अजय शर्मा ने उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल गुड़गांव गांव में आज एक वाटर कूलर छात्रों के लिए लगवाया है। इससे पूर्व भी उन्होंने एक वाटर कूलर श्रीशीतला माता मंदिर के प्रांगण में लगवाया था। गुड़गांव बार एसोसिएशन के सचिव पद पर रहते हुए कमलजीत कटारिया ने अनेक जनहित कार्य किए। उन्होंने गरीब कन्याओं की शादियां करवाने में सहायता की है।

प्रधानाचार्य सोमनाथ मिगलानी ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं की बदौलत आज समाज में अनेक कार्य हो रहे हैं। जिसका उदाहरण आज हमें यहां देखने को मिला है। इस तरह के कार्य दान वीरों की पुण्यतिथि पर होते हैं। हम उन्हें नमन करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक कटारिया, प्रवीण सैनी एडवोकेट, संजीव कुमार सैनी एडवोकेट, वरिष्ठ अध्यापक सूरजभान चौधरी, जितेंद्र कौशिक, मुकेश कुमार शास्त्री, महावीर सैनी, डॉ. सुमेश अहलावत, ज्योति, सुमन कादियान, दर्शन मुदगिल, धनवीर लांबा, ऋषि शर्मा आदि सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कृत मॉडल स्कूल में प्रवेश के लिए 327 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



गुरुवार को सोहना के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।

**सोहना।** स्थानीय राजकीय संस्कृत सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दाखिला के लिए 327 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें कक्षा 6, 9 और 11वीं में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा ली गई। इससे पहले 28 मार्च को दाखिला के लिए परीक्षा ली गई थी। गुरुवार को शहर के एक मात्र राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सुबह 10 बजे कक्षा 6, 9 और 11वीं में दाखिला लेने के लिए 327 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कक्षा 6 के लिए 95, कक्षा 9वीं के लिए 115 तथा कक्षा 11वीं के लिए 117 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। जिसमें अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम से पढ़न के लिए परीक्षा में बैठे। उपप्रधानाचार्य ऊषा रानी ने बताया कि परीक्षा को सुबह 10 बजे सही समय पर शुरू किया। परीक्षा एक घंटा तक चली और शांतिपूर्ण वातावरण माहौल में चली। उन्होंने बताया कि आज ली गई परीक्षा का परिणाम शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक घोषित कर दिया जाएगा। उसके बाद परीक्षा पास करने वाला विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में दाखिला ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले कक्षा 9 और 11वीं में दाखिला लेने के लिए 28 मार्च को पहली बार परीक्षा ली गई थी।

### कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाएं : गार्गी कक्कड़



गुरुवार को सोहना के गांव सिलानी में हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलतीं जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**सोहना।** भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी ककड़ ने कार्यकर्ताओं को जनता की भलाई के लिए एकजुटता के साथ कार्य करना ही संगठन का नारा है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करे। गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ खंड के गांव सिलानी में शक्ति केंद्र प्रमुख विनोद तंवर के घर पर पहुंची। इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष गौरव चुग, जिला उपाध्यक्ष हरबीर सिंह, राजेश अरोड़ा, महेश यादव आदि भी पहुंचे। यहां पर जिला अध्यक्ष ने पार्टी व संगठन को मजबूत बनाने के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को गुर सिखाएं। कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जनता के हितकार्यों को कराने में लगन से काम करने को कहा। जिला अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यकर्ताओं को सचेत किया कि जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए पूरी मेहनत के साथ कार्य करें।

# फर्जी खाता खुलवा कर 87 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस टीम ने कब्जे से एक मोबाइल व दो सिम जब्त किए

**गुरुग्राम।** फर्जी बैंक खाता खुलवाकर 87 लाख से अधिक रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक मोबाइल व 2 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। साथ ही आरोपी के खाते में जमा 87 लाख 17 हजार 714 रुपये पुलिस ने फ्रीज करा दिए हैं। अब वह इस राशि को खर्च नहीं कर सकेगा। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध प्रियांशु दीवान ने गुरुवार को बताया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार बीते माह 27 मार्च को थाना साइबर क्राइम पूर्व में एक शिकायतकर्ता ने ईमेल आईडी हैक करके एक कंपनी के कर्मचारी से 87 लाख 17 हजार 714 रुपये इन्वेस्ट कराने के नाम पर कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में धोखाधड़ी से ट्रांसफर करवा लिए थे। इस शिकायत पर पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही शुरू की। थाना साइबर क्राइम पूर्व गुरुग्राम की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस खाताधारक मनोहर अप्पम नामक आरोपी को आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम से काबू किया है। उसके कब्जा से वारदात में प्रयोग की गई सिम कार्ड व मोबाईल फोन को बरामद किया गया। साथ ही धोखाधड़ी से ठगी गई राशि 8717714 रुपए को अकाउंट में फ्रीज कराया गया।

# एमवीएन सोसायटी के बंद फ्लैट में युवक मृत मिला

### मृतक युवक मानसिक रोगी था, एकांत में रहना अधिक पसंद करता था

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड-4 की एमवीएन सोसायटी के टॉवर नंबर 10 के बंद फ्लेट में 45 वर्षीय युवक की गली सड़ी हालत में लाश मिली। मृतक का शव बेड पर पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 11 बजे एमवीएन सोसायटी के टॉवर नंबर-10 के फ्लेट नंबर 1407 का शक के आधार पर पुलिस की मौजूदगी में बंद दरवाजा तोड़ा गया। जिसमें बेड के ऊपर 45 वर्षीय युवक का गली-सड़ी हालत में शव पड़ा मिला। शव से पानी का रिसाव होने से बेड का चादर खराब हो चुका था। मृतक द्वारा पहने हुए कपड़ों में शव का गला सड़ा पानी से बदबू उठ रही थी। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक की मौत 4 से 5 दिन पहले हुई थी। मृतक की पहचान आयुष सहगल के रूप में हुई है। आयुष सहगल गुरुग्राम का निवासी था। मामले की जांच कर रहे एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि आयुष के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार वह एकांत में रहना पसंद करता था, क्योंकि आयुष सहगल पिछले कई वर्षों से मानसिक रोग की दवाइयां खाता था। इसलिए वह परिजनों से दूर रह रहा था। जांच अधिकारी ने बताया कि शव के पास उसकी दवाइयां मिली है। पुलिस को साथ वाले फ्लैट में रहने वाली महिला फ्लोरिडा ने फ ोन करके दी थी। फ्लोरिडा ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि आयुष सहगल अपने फ्लैट की सप्ताह में दो दिन शनिवार व मंगलवार को सफ ाई करवाता था। शनिवार को नौकरानी फ्लैट की सफ ाई करके गई थी। मंगलवार को नौकरानी ने दरवाजे के बाहर से दरवाजा खुलवाने के लिए कई बार आयुष सहगल को फ ोन किया था। आयुष सहगल के दरवाजा न खोलने पर नौकरानी वापस चली गई थी। गुरुवार को मृतक की मां ने फ्लोरिडा के पास फ ोन के आयुष सहगल से बातें न होने बात कहते हुए जानकारी चाही। लेकिन दरवाजे के नीचे से बदबू आ रही थी। जिससे उन्हें शक के आधार पर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। जिसका कारण सूचना देने के 5 घंटा बाद भी मृतक के परिजन मौके पर नहीं पहुंच पाए है।

# विधायक सुधीर सिंगला ने वार्ड-34 में सड़क निर्माण कार्य किया शुरू

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को यहां वार्ड-34 के सेक्टर-28 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बुजुर्गों का सम्मान करते हुए एक बुजुर्ग के हाथों ही नारियल तुड़वाया। इस अवसर पर मदन लाहोरिया, निवर्तमान पार्षद रमा रानी राठी, आरके शर्मा आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, अमित लाहोरिया, गजे नंबरदार, कंवर लाल, नागेंद्र चौबे, रवि यादव, शिवकुमार, विजय फौजी, रजनीश यादव, अनुज शर्मा गौरव सिंगला व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



गुरुग्राम के सेक्टर-28 में सड़क निर्माण कार्य शुरू कराते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला के कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा हर तरह से तरक्की के रास्ते पर है। तरक्की के रास्ते भी सड़कों से होकर गुजरते हैं। इसलिए यहां अच्छी सड़कें, हाइवे बनाकर सरकार ने दूरियों में लगने वाले समय को कम करने का काम किया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अपने मंत्रालय के कार्यों को जिस गति से किया जा रहा है, वह दुनिया में बड़ा उदाहरण है। विधायक ने कहा कि पिछले महीने तक देश में 37 किलोमीटर सड़क रोजाना बनाने का लक्ष्य पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में भी देश के अन्य क्षेत्रों के साथ गुरुग्राम में भी सड़कें बनाने का काम हुआ। यह आपदा में अवसर तलाशने का काम था, जिसे सबने मिलकर बखूबी पूरा किया। उन्होंने कहा कि मात्र 24 घंटे में नेशनल हाइवे के एक कॉन्ट्रैक्टर ने दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे का 2.5 किलोमीटर से अधिक हिस्सा पूरा किया। वह भी कंक्रीट का बनाया गया। इसी दौरान 24 घंटे में 48,711 वर्ग मीटर कंक्रीट बिछाया गया, जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ऐसा पहली बार हमारे देश में हुआ है कि सड़कों, हाइवे पर इतना अधिक ध्यान दिया गया। आज जिधर नजर दौड़ाएं, एक हाइवे, एक्सप्रेस-वे नजर आता है। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे का काम जोरों पर चल रहा है। इसे अंतिम चरण में भी कह सकते हैं।

# नुवामा वैल्थ पांच सालों में एयूए को पांच गुना बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ कर लेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा / गुरुग्राम

### पांच सालों में टियर 1 शहरों के बाहर 300 शहरों तक पहुंचने का है लक्ष्य

### अगले तीन सालों में आरएम शक्ति 100 प्रतिशत बढ़ जाएगी

**एचएनआई** और समृद्धों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाले नुवामा वैल्थ मैनेजमेंट की निजी वैल्थ शाखा, नुवामा वैल्थ ने अपने एस्सेट अंडर एडवाईस (एयूए) को पांच गुना बढ़ाकर 2028 तक 2.5 लाख करोड़ रुपये (30 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक ले जाने के महत्वाकांक्षी उद्देश्य की घोषणा की। यह ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता के एडवाईजरी एवं वैल्थ समाधान उपलब्ध कराने की इसकी बड़ी योजना के अनुरूप है।

नुवामा वैल्थ एक ही उत्पाद पर केंद्रित वितरण फ्रेंचाईजी से बढ़कर एक पूर्ण सुविधायुक्त वैल्थ मैनेजमेंट संस्थान में विकसित हो गया है। हाईब्रिड सर्विसिंग, मल्टी-प्रोडक्ट एवं सर्विसेज, और कस्टमाईज़्ड सॉल्यूशंस के अपने मुख्य सिद्धांत के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए इसने अपने अंशधारकों के लिए महत्वपूर्ण वैल्यू निर्माण किया है। नुवामा वैल्थ के अध्यक्ष एवं प्रमुख राहुल जैन ने कहा, विश्व बैंक और सीएमआईई रिपोर्ट के अनुसार भारत इस दशक के अंत तक 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस वृद्धि को मुख्य बल उद्यमशीलता के ग्रोथ इंजन से मिलेगा, जो टियर-1 शहरों के बाहर देखने को मिल रहा है। इस सफर में नुवामा वैल्थ बिजनेसेज, प्रमोटर्स, और ग्राहकों को सही बुद्धिमत्ता और परिदृश्य प्रदान करेगा ताकि वो वैल्थ निर्माण की दृष्टि के साथ विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठा सकें। भारत में हम टियर-2 और टियर तीन शहरों में साझेदारी करके अपने ग्राहकों के साथ विकास करेंगे, जो अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए बड़ी संख्या में रोजगार और वैल्थ का निर्माण करना शुरू करेंगे।

**उद्देश्य तीन मुख्य प्राथमिकताओं का क्रियान्वयन कर वृद्धि का सफर जारी रखना है**

1. भौगोलिक पहुंच का विस्तार करना। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर विशेष केंद्रण के साथ भारत में पहुंच का विस्तार करना, जिससे बड़ी संख्या में उद्यमशीलता की वृद्धि होगी। 69 स्थानों पर स्थित नुवामा वैल्थ का उद्देश्य 2028 तक 300 से ज्यादा स्थानों पर अपनी पहुंच स्थापित करना है।

2. प्रतिभा के पूल का विकास: वैल्थ और भौगोलिक पहुंच की वृद्धि के साथ गुणवत्तायुक्त एडवाईजरी सभी वैल्थ मैनेजमेंट समाधानों के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। नुवामा वैल्थ का उद्देश्य अगले तीन सालों में रिलेशनशिप मैनेजर्स (आरएम) का प्रतिभा समूह सौ प्रतिशत तक बढ़ाना है ताकि ग्राहकों की विविध तरह की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

3. समृद्ध और एचएनआई सेगमेंट के साथ विश्वास को मजबूत करना: हाईब्रिड (मानव+टेक) बिजनेस मॉडल के साथ हाई टच सेवाएं आज की बहुत बड़ी जरूरतें हैं। इस सेगमेंट का विश्वास जीतने के लिए नुवामा वैल्थ संलग्नता बढ़ाने, उत्पाद संग्रह का विस्तार करने और इस सेगमेंट के लिए कस्टमाईज्ड समाधान प्रदान करते रहने पर केंद्रित होगा। नुवामा वैल्थ ग्राहक के वित्तीय जीवनचक्र में सेवाएं देने के लिए वैल्थ मैनेजमेंट समाधानों और परामर्श की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। नुवामा वैल्थ 10 लाख (1 मिलियन) से ज्यादा समृद्ध लोगों और एचएनआई को सेवाएं देता है। एक स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी बनने के सफर में इस ग्रुप ने एडेलवीस वैल्थ मैनेजमेंट से अपनी रिब्रांडिंग नुवामा के रूप में की है। नए नाम 'नु' 'वामा' के साथ वैल्थ मैनेजमेंट को एक नया परिदृश्य देने का इस समूह का उद्देश्य प्रदर्शित होता है।

# स्वास्थ्य विभाग पढ़ाएगा 48 हजार ग्रामीणों को मलेरिया व डेंगू से बचाव का पाठ

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**प्राथमिक** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला के अधीन आने वाले 49 गांवों के 84 हजार नागरिकों को डेंगू, मलेरियां और कोविड से बचाव का पाठ पढ़ाएगा। आशा वर्कर्स घर-घर जाकर ग्रामीणों को अपने आस-पास पानी जमा न होने देने के प्रति जागरुक करेंगी। बीमारी के लक्षण होने पर समय रहते उपचार लेने की सलाह दी जाएगी।

प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला के अधीन 8 उपस्वास्थ्य केन्द्र बने हैं। जिनमें से छह उपस्वास्थ्य केन्द्र पर विभाग के कर्मचारी तैनात हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों का आतंक पनप रहा है। जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी जान लेवा बीमारियों होने के पूरे-पूरे आसार रहते हैं। ग्रामीण इस प्रकार की बीमारी की चपेट में न आए। इसके लिए प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला की तरफ से सभी 49 गांवों में जागरुकता अभियान की कवायद शुरु कर दी है।

**64 आशा वर्कर्स जाएंगी घर-घर :** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीन 64 आशा वर्कर्स कार्यरत है। सभी आशा वर्कर्स को अपने-अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक घर में जाकर ग्रामीणों को डेंगू, मलेरियां और कोविड की बीमारी से बचाव के लिए सुझाव दिएं जाएंगे।

> **वर्तमान** समय डेंगू व मलेरिया मच्छर पनपने का समय है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले पूरी बाजू वाले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। बीमारी के लक्षण होने पर तुरन्त प्रभाव से अपने आस-पास के स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल में जाकर उपचार लेना चाहिए।
>
> **डॉ. इन्द्रजीत सिंह (एसएमओ घंघौला)**

ग्रामीणों को आशा वर्कर्स अपने कूलर, छत पर रखा गहराई वाला बर्तन, टायर, मटका, आदि वस्तुओं में पानी को अधिक समय तक जमा न होने दे। इस पानी को निकलकर फेंका जाए। कूलर की सप्ताह में सफाई न होने पर पेट्रोल, काला तेल, डीजल या सरसों का तेल नियमित रुप से डालते रहना चाहिए। जिससे डेंगू या मलेरिया को जन्म देने वाला मच्छर न पनप सके। सप्ताह में एक दिन बनाएं ड्राई डे स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों को सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाने के लिए चुने। ड्राई डे के अवसर पर घर में लगा कूलर, छत पर रखें अनउपयोगी बर्तनों में जमा पानी को निकालते हुए उन्हे सुखाया जाए। घर के बाहर आम रास्ता व गली में जमा गंदे पानी की सफाई करे। मच्छर पनपने वाले जलभराव वाले स्थानों को सुखाने का कार्य करे।

# 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य : ओमप्रकाश धनखड़

### किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



ओमप्रकाश धनखड़।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि किसान मंडियों में अपनी फसल आराम से बेच रहे हैं। बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का नुकसान भी सरकार भर रही है। हमारी सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आपदा प्रबंधन के तहत 9886.27 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को देकर उनकी चिंता को दूर किया है। प्रदेश के 26.49 लाख किसानों को इसका लाभ मिल चुका है।

ओमप्रकाश धनखड़ ने किसानों को भरोसा देते हुए कहा कि सरकार उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदेगी और वैल्यू कट का भुगतान भी सरकार वहन कर रही है। वैल्यू कट का जो पैसा है, वह किसानों के खातों में जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि विपक्ष के पास झूठ का भंडार है, इनके नेता मुंह खोलते हैं तो धड़ाधड़ झूठ निकलता है। उन्होंने कहा कि अब झूठ की राजनीति के दिन लद चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने किसानों की आंखों में केवल धूल झोंकने का काम किया है और उन्हें बरगलाकर उनके वोट हासिल किए हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ही किसानों की हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 14 फसलों की खरीद करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। सरकार 367 मंडियों के माध्यम से गेहूं और धान के साथ तिलहन, बाजरा, मूंग और अन्य खाद्यान्न भी खरीद रही है।

उन्होंने कहा कि मंडियों में लगातार मंत्रियों, उच्चाधिकारियों द्वारा दौरे करके किसानों से मुलाकात की जा रही है। उन फसलों की बिक्री को लेकर जानकारियां हासिल की जा रही हैं। जो छोटी-छोटी समस्याएं पता चलती हैं, उन्हें मौके पर ही दूर किया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य की मनोहर सरकार किसान हित में लगातार काम कर रही है। भाजपा के 9 साल के शासनकाल में किसानों का जितना सशक्तिकरण हुआ है वो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि देश के किसान का आत्मविश्वास देश का सबसे बड़ा सामर्थ्य है। केंद्र सरकार किसानों की दशा सुधारने और कृषि नीतियों को किसान केंद्रित बनाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हमारे किसान के लिए बीज से बाजार तक की यात्रा ना केवल सुगम हो बल्कि ये उसकी आय में वृद्धि करने वाली भी हो।

श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते वर्षों में यूरिया की कमी, बिजली कटौती और अव्यवस्थित सिंचाई जैसी किसान की पारंपरिक परेशानियों को कम किया ही गया है, फसल बीमा योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से किसानों को एक संरक्षित वातावरण भी उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही देश के आम आदमी के साथ किसानों और जवानों का सम्मान कर सकती है। आज खेतों में किसान तो सीमा पर जवान खुश है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023



# रेणू भाटिया को बर्खास्त कर माफी मांगे सीएम : प्रियंका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया द्वारा दिए गए बयान ओयो रूम में लड़कियां हनुमान की आरती करने नहीं जाती हैं, को लेकर पूरे हरियाणा में आक्रोश का माहौल फरीदाबाद में भी गर्मा गया है। इसके विरोध में महिलाएं खुलकर सामने आ गई है। हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव व बल्लभगढ़ विधानसभा की पीसीसी डेलिगेट प्रियंका मनोज अग्रवाल ने रेणु भाटिया को महिला आयोग अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि हरियाणा में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए गठित महिला आयोग की अध्यक्ष ही जब इस तरह के बयान देंगी तो फिर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा की महिलाओं के प्रति किस तरह की सोच है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल को तुरंत ऐसी महिला को पद से बर्खास्त कर हरियाणा प्रदेश की महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। यहां जारी प्रेस बयान प्रियंका अग्रवाल ने कहा की रेणु भाटिया का महिलाओं के प्रति यह ओछा बयान भाजपा सरकार की संकीर्ण सोच और महिला विरोधी मानसिकता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिन्हें इस सरकार ने महिलाओं की



आवाज उठाने के लिए हरियाणा महिला आयोग अध्यक्ष के पद पर बैठाया था। आज वही महिलाओं के आत्मसम्मान के साथ शर्मनाक खिलवाड़ करने पर आमादा हैं इसलिए उन्हें इस पद से तुरंत हटाया

**ओयो रूम में लड़कियां हनुमान की आरती करने नहीं जाती, के बयान पर भारी आक्रोश**

जाना चाहिए। प्रियंका अग्रवाल ने रेणु भाटिया के इस शर्मनाक बयान की कटु शब्दों में घोर निंदा करती है। हमारे हरियाणा की बेटियों के अपनी लगन और हुनर के बलबूते पूरे विश्व में भारतवर्ष का नाम रोशन करने का काम किया है। लेकिन दुर्भाग्यवश इस सरकार के जिम्मेदार लोग इरादतन इस तरीके का गैर जिम्मेदाराना बयान देकर हमारे हरियाणा की इज्जत और सम्मान को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। प्रियंका अग्रवाल ने आगे कहा की भाजपा-जजपा सरकार के कु-शासन में महिलाओं को न मिली सुरक्षा, न मिला सम्मान अगर कुछ मिला है तो वो है, भाजपाई अपमान%। आज हरियाणा प्रदेश महिला अत्याचार के मामले में अव्वल स्थान पर है, इस सरकार की लचर कानून व्यवस्था के कारण हमारी बेटियां डर का साये में बाहर निकलने को मजबूर हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देनी वाली सरकार ने हमारी बेटियों से सुरक्षा का अधिकार छीनने का काम किया है। लेकिन विडंबना यह है की यह निष्ठुर सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए प्रदेश की महिलाओं के बारे में अनर्गल बयान देकर उन्हें सरेआम अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कुमारी सैलजा के नेतृत्व में हमेशा से महिलाओं के अधिकारों व उनके सम्मान की लड़ाई लड़ी है और आज भी हम इस लड़ाई को पुरजोर तरीके से लडने् के लिए कटिबद्ध हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती हैं कि रेणु भाटिया हरियाणा की महिलाशक्ति से माफी मांगते हुए अपने इस ओछे बयान को वापिस लें और यह सरकार इस शर्मनाक का संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करे।

# पल भर की लापरवाही से करोड़ों की संपत्ति खाक हो जाती है : उपायुक्त

**सात दिवसीय अग्नि से सुरक्षा व बचाव जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ समापन**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के समापन पर निर्देश देते उपायुक्त विक्रम सिंह।

**गर्मी** में बढ़ते तापमान व तेज हवाओं के बीच आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में आग से सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के कार्य में अग्निशमन विभाग लगा हुआ है। इसके मद्देनजर 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि से सुरक्षा व बचाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त विक्रम ने आज अग्नि से सुरक्षा व बचाव जागरूकता अभियान के समापन के अवसर पर अग्निशमन केंद्र सेक्टर-15 के कार्यक्रम में शिरकत की।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। सभी औद्योगिक इकाइयों को नियमित इलेक्ट्रिक वायर की जांच करवाते रहना चाहिए और इकाई का कार्य बन्द होने के बाद मेन पावर एवं सिवाच बटन बन्द करके जाना चाहिए, क्योंकि अधिकांश आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही होता हैं। सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरणों को उनके स्थान से कहीं और स्थानांतरित न करें। एक ही कमरे में गैस का चूल्हा, अंगीठी और बिजली का स्टोव एक साथ नहीं जलाएं। इसके अतिरिक्त आग लगने पर तत्काल अग्नि शमन विभाग को सूचित करें और टीम के पहुंचने तक आग बुझाने की यथासंभव कोशिश करते रहें। हमारा उद्देश्य है कि आग जैसी घटना होने पर वहां मौजूद कर्मचारी और आम नागरिक को प्राथमिक तौर पर आग पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से तैयार होना चाहिए। पल भर की लापरवाही से करोड़ों अरबों की संपत्ति खाक हो जाती है।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए आज रैली का आयोजन किया गया। रैली को एडीएफओ सत्यवान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अग्निशमन केंद्र के दमकल सहित सभी वाहन शामिल हुए। रैली शहर के अग्निशमन केंद्र सेक्टर-15 ए से शुरू होकर बाटा चौक से होते हुए ओल्ड फरीदाबाद चौक से QRG अस्पताल से सेक्टर-16-17 के डिवाइडिंग रोड से लेबर चौक से बीपीटीपी होते हुए वापस सेक्टर-15 ए अग्निशमन केंद्र पहुंची। इस दौरान क्षेत्र में अग्निशमन टीम द्वारा विभिन्न तरह से लोगों को आग से बचाव को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर अग्निशमन केंद्र सेक्टर-15ए के ग्राउंड में लकड़ी के ढेर में आग लगाकर उसको बुझाने का प्रदर्शन किया गया।

एडीएफओ सत्यवान ने बताया कि साथ दिवसीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह में टीमें बनाकर विभिन्न संस्थानों में जाकर आमजन को आग से बचने के उपाए बताकर जागरूक किया। उन्होंने कहाकि पहले आग लगने पर दूसरे जिलों से फायर ब्रिगेड बुलाते थे लेकिन अब इसकी जरुरत नहीं पड़ती शहर में अब छः अग्निशमन केंद्र कार्यरत है। कार्यक्रम में आरडी भरद्वाज, राम दत्त भरद्वाज, अश्विनी कुमार कौशिक, रमेश कुमार यादव, कपिल देव, व अन्य कई अग्नि शावक और फायर ऑपरेटर मौजूद थे।

# चिह्नित अपराधों की गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें



एडीसी अपराजिता चिन्हित अपराधों की समीक्षा करते हुए, साथ में डीसीपी अमित यशवर्धन

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए।

ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में आयोजित चिहिन्त अपराध योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को दिए। चिन्हित केसों की बैठक में केसों से संबंधित बचाव साक्ष्य और तकनीकी कानूनी पहलुओं बारे विचार विमर्श किया गया। एडीसी अपराजिता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों ओर तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर आता है तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए, जांच के हर पहलु को बारिकी से परखा जाए।

# विधायक ने किया बड़खल पुल के पुनः निर्माण का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेशनल** हाईवे से आरंभ होकर एशियन हॉस्पिटल तक जाने वाले बड़खल फ्लाईओवर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक सीमा त्रिखा द्वारा किया गया। आपको बता दें कि इस बार सड़क पर ऐस्फॉल्ट मैस्टिक की परत लगाई जाएगी, जिससे सड़क की मजबूती बनी रहती है। बड़खल पुल तक बनने वाली इस सड़क की लम्बाई 660 मीटर है तथा कार्य की लागत लगभग 1.5 करोड़ है और एफएमडीए द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है।

करीब 15 दिन में सड़क का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा। इस कार्य के शुभारंभ होने के अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुल के पुनर्निर्माण से हजारों आने जाने वाले लोगों का भला होगा और शहर के लोगों की बढ़ती



क्षमता को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है। सीमा त्रिखा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बड़खल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बडख़ल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। जो ऐतिहासिक बडख़ल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी।

# एनएचपीसी के एमडी ने नेपाल के पीएम से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएचपीसी** के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, आर के विश्नोई ने बुधवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात की। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने माननीय प्रधानमंत्री को नेपाल में एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहल के बारे में अवगत कराया। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने नेपाल में अप्रयुक्त जलविद्युत क्षमता का दोहन करने के लिए एनएचपीसी की विशेषज्ञता की पेशकश की और नेपाल में एनएचपीसी के लिए और अधिक अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया।

नेपाल की अपनी यात्रा के दौरान, एनएचपीसी के सीएमडी ने नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और



सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बसनेट, वित्त मंत्री डॉ. प्रकाश शरण महत, विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद, मुख्य सचिव शंकर दास बैरागी, ऊर्जा सचिव दिनेश घिमिरे और आईबीएन के सीईओ सुशील भट्ट से भी मुलाकात की। चर्चा, नेपाल में समग्र जलविद्युत विकास एवं एनएचपीसी की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित रही। गणमान्य व्यक्तियों ने एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहल और नेपाल में जलविद्युत के विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। चर्चा के दौरान वाई के चौबे, निदेशक (तकनीकी), रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) एवं एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 19.04.2023 को इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नेपाल (आईपीपीएएन) द्वारा आयोजित पावर समिट 23 के पूर्ण सत्र को भी संबोधित किया।

# मोबाइल टावर से डिवाइस चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने चोरी के मुकदमे में आरोपी चोर व कबाड़ी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गया आरोपियों में सुंदर तथा सावेज का नाम शामिल है। आरोपी सुंदर फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर का रहने वाला है वहीं आरोपी सावेज पंजाब के जालंधर का रहने वाला है और फरीदाबाद में कबाड़ी का काम करता है। आरोपी सुंदर ने पिछले एक हफ्ते में मेवला महाराजपुर तथा सेक्टर 21 के मोबाइल टावर से 3 रिमोट रेडियो यूनिट नामक डिवाइस चोरी की थी जिसके लिए सूरजकुंड थाने में चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सुंदर को काबू कर लिया।

# मेलों के तीसरे फेज आयोजन 28 अप्रैल से शुरू : उपायुक्त

**कहा 28 अप्रैल से 03 मई तक लगेंगे रोजगार मेले**

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों का तीसरे फेज का आयोजन 28 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 अप्रैल प्रात: 10 बजे से बल्लभगढ़ के बीडीपीओ ब्लॉक में जिला के बल्लभगढ क्षेत्र के लिए लगाने के साथ शुरू किए जाएंगे। वहीं इसके बाद 30 अप्रैल को फरीदाबाद सेक्टर-16 के बीडीपीओ ब्लॉक में और 01 मई को तिगांव के शहीद स्मारक कॉलेज में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब परिवारों को रोजगार देने के लिए लगाए जाएंगे।

इसी क्रम में 02 व 03 मई को फरीदाबाद एमसीएफ के शहरी क्षेत्रों के सेक्टर-12 खेल परिसर में रोजगार मेले प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल विडियो कान्फ्रेंस के जरिये



डीसी विक्रम सिंह मेलों की तैयारी के लिए आयोजित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए

मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों बारे जिला वार उपायुक्तों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

वहीं डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी तय कर रहे थे। रोजगार मेलों की तैयारियों को लेकर समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी रोजगार मेलों के लिए मेला के नोडल अधिकारियों को सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के दिशा निर्देश सरकारी हिदायतों के अनुसार दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी पात्र परिवारों के साथ बातचीत कर उन्हें पहले ही बातचीत करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आवेदक एक विशेष योजना के लिए पात्र नहीं है, तो उसका आवेदन अन्य विभागों को भेजा जाए। ताकि उसे अन्य सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़कर उसे लाभान्वित किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) के तहत चिन्हित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास करें। वहीं लाभार्थी परिवारों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाएं।

# ऑनलाइन शिकायतों का समय पर करें निपटारा : अपराजिता

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विन्डो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार निपटारा करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के जिला एचओडी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली को अपडेट रखें। एडीसी अपराजिता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक कर विभाग वार मोनिटरिगं कर रही थी।

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान नियमित रूप से जल्द से जल्द करें। एडीसी ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से सम्बंधित जिला अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर डेलीबेसिज निपटारा करना सुनिश्चित करें। सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा।

# तिगांव मंडी में सुचारू चल रही गेंहू की खरीद : नागर



तिगांव अनाज मंडी का दौरा कर किसानों का हाल जानते विधायक राजेश नागर व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** अनाज मंडी पहुंचे विधायक राजेश नागर ने किसानों से बात कर उनका हाल-चाल जाना और अधिकारियों को सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां मंडी में गेंहू की खरीद और उठान का काम सुचारू गति से चल रहा है। छोटी मोटी जरूरतों के लिए सुधार एक-दो दिन में कर दिया जाएगा।

आज किसानों से बात कर विधायक राजेश नागर ने उनके गेंहू की खरीद के बारे में जानकारी ली। किसानों ने उन्हें बताया कि गेंहू की खरीद तो ठीक हो रही है लेकिन यहां थोड़ी पार्किग की समस्या है जिसे जल्द ठीक करवाया जाए। नागर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से इसकी व्यवस्था जल्द बनाने की बात कही। विधायक ने बताया कि मंडी में गेहूं का उठान भी ठीक गति से हो रहा है। सभी अनाज खरीद एजेंसियों ने अपने वाहन लगा रखे हैं जो निरंतर उठान कर रहे हैं। वहीं किसानों की फसल की कीमत भी मिल रही है। अधिकांश किसानों को उनके अनाज की पेमेंट 72 घंटे में मिल गई है और बाकी लोगों को भी जल्द ही पेमेंट मिल जाएगी। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी मंडी एवं खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों का अनाज द्रुत गति से खरीदा जाए और उसको उठाने का काम भी तेजी से किया जाए। जिससे कि मंडियों में अनाज खुले में न पड़ा रहे। इसके साथ ही किसानों को उनकी पेमेंट भी तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीबीए विभाग ने मेंटल फिटनेस पर की कार्यशाला



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कालेज के बीबीए विभाग द्वारा बीबीए एवं बीबीए (कैम) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मैगनिफिशिएंट क्यूरेटर्स के तत्वावधान में मेंटल फिटनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विधार्थियो को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती निधि सहगल (बॉडी साइकोथेरेपिस्ट एण्ड लाइफ ट्रांसफोरमेशन कोच) रहीं। इस कार्यक्रम में कालेज के लगभग 200 अंडरग्रेजुएट विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कालेज की कार्यकारिणी प्रधानाचार्या डॉ. सविता भगत रहीं। जिन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा सेहत के प्रति सचेत रहने और हमेशा सकारात्मक सोच रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में बीबीए की विभागाध्यक्षिका डॉ. अंकिता मोहिंद्रा, डॉ. सुरभि डीन बीबीए, एवं अन्य प्राध्यापकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ओमिता जोहर एवम् रीटा रानी द्वारा किया गया।

### कोरोना के 108 पॉजिटिव मिले, 113 मरीज स्वस्थ्य हुए

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के लगातार मरीज सामने आ रहे हैं। बृहस्पतिवार को 108 नए संक्रमित मरीज सामने आए है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 113 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 774 पर पहुंच गया। जिसमें 19 मरीज अस्पतालों में भर्ती है, तो वही 755 मरीज होम आईसोलेशन में है। इस बात की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में 918 मरीजों की जांच की गई। जिले का करंट सैम्पल पॉजिविटी रेट 11.76 प्रतिशत है। वहीं पिछले दिनों लिए गए निजी के 72 और सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए 253 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### जेसी बोस के वालंटियर्स ने किया अनाथ आश्रम का दौरा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के स्टूडेंट वालंटियर्स तथा फैकल्टी सदस्यों की एक टीम ने प्रभात एनजीओ के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के लिए चलाये जा रहे एक अनाथ आश्रम का दौरा किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनाथ आश्रम के बच्चों के साथ बहुमूल्य समय बिताया तथा मिमिक्री जैसी विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। विद्यार्थियों ने बच्चों को मुफ्त स्टेशनरी और दैनिक आवश्यकता की जरूरी वस्तुएं वितरित कीं। विद्यार्थियों के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज में योगदान देने वाले जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस गतिविधि का समन्वयन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. साक्षी कालरा और रचना ने किया। इस दौरान बच्चों द्वारा दिखाए गए प्यार और स्नेह से विद्यार्थी भी अभिभूत हो गए और उन्होंने अनाथालय में नियमित रूप से जाने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस तरह की सार्थक पहल करने और विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करने के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस प्रेरक दौरे के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकार की भावना को प्रेरित करने के लिए भविष्य में ऐसी और पहलों करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की अध्यक्ष प्रो. अंजू गुप्ता ने स्टूडेंट वालंटियर्स की इस पहल की दिल से सराहना की और कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी समाज की बेहतरी के लिए नि:स्वार्थ एवं समर्पण भाव से कार्य कर रहे है। उन्होंने आशा जताई कि ऐसी गतिविधियों से भविष्य में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी प्रेरित होंगे।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को प्रशासन सतर्क



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में अक्षय तृतीया पर जिला में बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशासन सतर्कता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या करवाना दंडनीय अपराध है। किसी भी बालिका, जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक, जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबंधित है। जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग व आंगनबाड़ी वर्करों के साथ एनआईटी ब्लाक 1 व एनआईटी ब्लॉक 2 में बाल विवाह रोकने बारे बैठक ली गई है। जिसमें उन्होने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले व्यस्क पुरूष के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए दो साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होने आगे बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा प्रचलित रही है। वर्ष 2023 में अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को पड़ रही है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला फरीदाबाद में विभिन्न प्रकार जन जागरूक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

### हे वनदेवता रास्ते के कंकड़, पत्थर, कांटे हटा दीजिए



**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में चल रही राम कथा के तीसरे दिन राम कथा का सुंदर वर्णन करते कथा वाचक स्वामी विष्णुदासजी ने अपने मुखारबिंद से राम कथा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का नाम जपने से एवं सत्संग करने से जो लाभ मिलता है, उसके आनंद की कहीं तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की भूमि में मनुष्य का जन्म लेने वाले बड़े सौभाग्यशाली है। स्वामी जी ने कहा कि भगवान की कृपा से ही आपका शरीर स्वस्थ्य रह सकता है। इसलिए जीवन में भगवान का नाम जपना बहुत आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य का जन्म लेने के बाद भी अगर आप भगवान का नाम नहीं लेते हैं, तो आपका जीवन पशु से भी बदतर है। सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने फरीदाबाद की पावन धरती पर स्वामी विष्णुदासजी का आभार प्रकट किया। कहा कि भगवान हमें इस काबिल बनाएं की हम बार-बार आपको बुलाते रहें। राम कथा के दौरान मंच संचालन करने वाले भारत अरोड़ा ने भगवान राम और भरत के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया जब भरत भगवान राम से मिलने वन में जा रहे थे तो भगवान राम ने वन देवता से आग्रह किया कि ही वन देवता मेरे भाई भरत मुझसे मिलने आ रहे हैं, इसलिए कृपा करना और उनके रास्ते में आने वाली सभी बाधाएं, कांटे और तमाम प्रकार की परेशानियां दूर हो जाएं।

### विश्व धरा दिवस पर पौधरोपण व पेंटिंग प्रतियोगिता हुई

**फरीदाबाद।** विश्व धरा दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अध्यापकों ने पौधरोपण किया और छात्र छात्राओं की पेटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। पौधरोपण करते हुए जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि पृथ्वी पर रहने वाले असीमित जीव जंतुओं और पेड़ पौधों को बचाने तथा सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ 22 अप्रैल को धरा दिवस मनाना प्रारंभ किया गया था। 1970 में प्रारंभ की गई इस परंपरा को विश्व ने खुले हृदय से अपनाया और आज सपूर्ण विश्व में प्रति वर्ष पृथ्वी दिवस के अवसर पर धरा की धानी चूनर को बनाए रखने और हर तरह के जीव जंतुओं को पृथ्वी पर उनके अधिकार का स्थान सुरक्षित रूप में देने का संकल्प लिया जाता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023



# समलिंगी विवाह

## व्यापक संवाद जरूरी

**समलिंगी** यौन संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर करना क्रांतिकारी कदम था, पर समलिंगी विवाह के बारे में कानून बनाना जल्दबाजी होगी। सरकार और न्यायपालिका के बीच मत भिन्नता कोई नई बात नहीं है, इसलिए समलिंगी विवाह के मुद्दे पर अलग-अलग विचार होना आश्चर्यजनक नहीं है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ का मंगलवार का यह कथन बहुत से लोगों को चौंकाने वाला हो सकता है कि 'पुरुष व महिला की केवल जननांगों के आधार पर पहचान संपूर्ण नहीं है।' लेकिन अभी पूर्व-आधुनिक युग से निकले देश में 'जेंडर परिवर्तनशीलता' जैसी उत्तर-आधुनिक अवधारणा पर जोर देना आश्चर्यजनक है और वह भी प्रधान न्यायाधीश जैसे व्यक्ति द्वारा। बुधवार को भी चंद्रचूड़ ने कहा था कि सरकार की ओर से यह सिद्ध करने का डेटा नहीं है कि 'समलिंगी विवाह शहरी या कुछ अन्य है।' उनकी यह प्रतिक्रिया केन्द्र के दृष्टिकोण पर थी। एक प्रार्थनापत्र में सरकार ने कहा था कि समलिंगी विवाह का पक्ष लेने वाले याचिकाकर्ताओं का दृष्टिकोण 'केवल शहरी विशिष्टतावादी दृष्टिकोण' है और विभिन्न समूहों को देखते हुए 'सक्षम विधायिका को व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होगी'। केन्द्र का दृष्टिकोण काफी तार्किक है। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश का यह कहना भी ठीक हो सकता है कि समलिंगी विवाह केवल एक शहरी अवधारणा से अधिक है, लेकिन भारत में विषमलिंगी संबंध सामान्य रूप से पाए जाते हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों में भी समलिंगी विवाह विरल हैं।



गैलप के एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में 1 प्रतिशत से कम वयस्कों ने 2021 में समलिंगी विवाह किए थे। मजेदार बात है कि 10 में से 1 एलजीबीटी वयस्क, यानी केवल 9.6 प्रतिशत ने ही समलिंगी जोड़े से विवाह किया था। 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता-आईपीसी की धारा 377 के रूप में वर्णित औपनिवेशिक युग के कानून को अवैध घोषित कर समलैंगिकता को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया था। इस धारा में समलिंगी यौन संबंध को 'अप्राकृतिक अपराध' की श्रेणी में रखा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि यौन उन्मुखीकरण के आधार पर भेदभाव मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। हालांकि, सामाजिक रूप से रूढ़िवादी समझी जाने वाली भाजपा ने यह फैसला स्वीकार कर लिया था। अनेक भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया इस पर भ्रामक व विरोधाभासी थी, पर अरुण जेटली ने धारा 377 समाप्त करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का मुखर विरोध किया था। हालांकि, भाजपा सरकार ने यह फैसला स्वीकार किया था तथा गरिमापूर्ण ढंग से सर्वोच्च न्यायालय के खिलाफ कुछ नहीं कहा था। लेकिन समलिंगी विवाह के मामले पर उसने विरोध करने का निर्णय लिया है और यह ठीक भी है। केन्द्र ने कहा है कि समलिंगी विवाहों को विधिक अनुमति देने की मांग वाली याचिकाओं के निस्तारण से पहले राज्यों व संघशासित क्षेत्रों को सुना जाना चाहिए। उसने सर्वोच्च न्यायालय में एक नया शपथपत्र देकर सूचित किया है कि उसने इस विषय पर राज्यों व संघशासित क्षेत्रों से विचार-विमर्श शुरू किया है। उसने यह प्रक्रिया समाप्त होने तक अदालत से प्रतीक्षा करने को भी कहा है। केन्द्र ने कहा है, 'इस विषय पर किसी निर्णय से विषय पर विधायन के राज्यों के अधिकार प्रभावित होंगे।' यह दृष्टिकोण उचित है। समलिंगी यौन संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर रखना काफी क्रांतिकारी कदम था, पर पांच साल के भीतर ही इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ना याचिकाकर्ताओं की अधीरता का परिचायक है। सरकार का यह दृष्टिकोण बिल्कुल सही है कि इस मुद्दे पर व्यापक संवाद की जरूरत है।

# वानरों का बढ़ता आतंक

हमारे अनेक राजनेता और विचारक इस ग्रह को बचाने की बात करते हैं, पर वे नागरिकों को वानरों के बढ़ते आतंक से नहीं बचा पा रहे हैं।



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, द पायनियर दिल्ली के स्थानीय संपादक हैं)



भारत व तथाकथित आजाद कश्मीर या पाक्हमारे राजनेताओं को महत्वपूर्ण समझे जाने वाले विषयों, जैसे जलवायु परिवर्तन व टिकाऊ विकास लक्ष्यों के बारे में बातें करना पसंद है। ऐसे विषय अनेक नेताओं व विचारकों को कल्पना की उड़ान भरने और बड़ी-बड़ी बातें करने का अवसर देते हैं। इससे उनकी बातें और व्यक्तित्व जनता की नजर में अच्छे लगते हैं और वे मानव-वन्यजीवों के टकराव जैसे घरों में हाथियों या बंदरों के घुस आने जैसे विषयों से जनता का ध्यान हटाने में सफल होते हैं। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह दुनिया की सबसे तेज बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, वह पाकिस्तान के जिहादी प्रयासों को रोकने में सफल हुआ है तथा उसने अमेरिका, जापान व आस्ट्रेलिया के साथ 'क्वाड' बना कर बहुत शक्तिशाली चीन का मुकाबला करने की हिम्मत दिखाई है।

इसके साथ ही वह विश्व स्तर पर स्वीकृत आईटी शक्ति है, नवीनतम तकनीकों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसने कोविड वैश्विक महामारी के सबसे बुरे समय में पूरी दुनिया को सुरक्षा उपकरण व वैक्सीनें सप्लाई की हैं। लेकिन विडंबना है कि वह वानरों के आतंक से नहीं निपट पा रहा है। यह आतंक नार्थ व साउथ ब्लाक व सर्वाधिक शक्तिशाली केन्द्रीय मंत्रालयों की अन्य इमारतों में, सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में तथा देश के सर्वाधिक शक्तिशाली पुरुषों व महिलाओं के घरों में फैला हुआ है। निश्चित रूप से यह आतंक आम लोगों के आवासों व कार्यस्थलों में इतना व्यापक नहीं है।

वानरों के आतंक के तीन कारण हैं। पहला एवं प्रमुख कारण हमारे अनेक राजनेताओं का तालियां बजवाने, खैरातें बांटने तथा भावनायें भड़काने का शौक है। उनको विश्वास है कि 'सुशासन' के बजाय लंबे चौड़े वादे करने से वोट बटोरने की संभावना अधिक होती है। इसलिए प्रशासनिक व पुलिस सुधार जैसे जटिल विषयों की चिन्ता क्यों की जाए जब लोकरंजक वादों से उच्च पद प्राप्त हो सकते हैं? पर्यावरण व परिवेश को बेहतर बनाने तथा आम लोगों को वन्यजीवों से सुरक्षा प्रदान करने के काम क्यों किए जाएं जब बड़े-बड़े वादों तथा जलवायु परिवर्तन व कार्बन फुटप्रिंट जैसी अवधारणायें काफी हैं? पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन्यजीव संरक्षण कानून, 1972 बनाने में जिन संस्थाओं से सलाह ली उनमें 'ट्रू कंजरवेशन एलायंस फाउंडेशन' भी शामिल था। अपने प्रस्ताव में फाउंडेशन ने कहा था, 'भारत शायद इस धरती पर एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को वन्यजीव संरक्षण कानून, 1972 के अंतर्गत अपनी फसलों, आजीविका व संपत्ति की सुरक्षा करने से रोका जाता है।

इसने फसलों के रोग प्रबंधन की ऐसी प्रक्रियायें निर्धारित की हैं जो उसकी आजीविका की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतार्किक, गैर-टिकाऊ तथा व्यावहारिक रूप से असंभव या लगभग असंभव हैं'। इसके अनुसार, 'किसान को अपनी जमीन से जंगली भालू, नीलगाय या बंदर को गोली मारना तो दूर भगाना भी अवैध है, भले ही वह उसकी फसलों और आजीविका को नष्ट कर रहा हो अथवा उसके या उसके मवेशियों के जीवन को संकट में डाल रहा हो।' हालांकि, शहरों में रहने वालों की पीड़ा किसानों की तुलना में कुछ कम है, पर सत्ता उनकी स्थिति में सुधार के लिए कुछ नहीं कर रही है। हालांकि, वन्यजीव संरक्षण संशोधन कानून, 2022 में जनता के कल्याण के प्रयास किए गए थे, पर यह अभी कार्यरूप में सामने नहीं आए हैं।

लेकिन इसका दोष केवल राजनेताओं को क्यों दें? इससे हम दूसरे कारण पर पहुंचते हैं और वे भारत के 'विचारक' हैं। वे पश्चिम के शानदार विश्वविद्यालयों से उत्तरआधुनिक विचार सबसे पहले लाने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उनकी दिलचस्पी अपने आसपास का परिवेश सुधारने के बजाय ग्रह को बचाने में अधिक है। यमुना की सफाई के बजाय कार्बन फुटप्रिंट ज्यादा आकर्षक है। मानव बस्तियों से वानरों को भगाना न केवल अनाकर्षक, बल्कि बुद्धिजीवियों व विचारकों के गढ़ों में ईशनिन्दा की तरह है। संक्षेप में कहा जाए तो हमारे अनेक राजनेता और विचारक आयोजनों, बयानों व दृष्टिकोणों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। विडंबना है कि वे जितना ज्यादा ध्यान देते हैं, पर्यावरण क्षरण उतना ही अधिक होता है।

धरती बचाओ, जलवायु परिवर्तन, आदि पर लंबी-चौड़ी बयानबाजी बढ़ने के साथ ही शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई भी बढ़ता है तथा शहरों व गावों में पर्यावरण क्षरण होता है। राष्ट्रीय राजधानी, उसके उपनगरों तथा देश के अनेक अन्य हिस्सों में परिवर्तन का तीसरा कारण वन्यजीव अधिकार एक्टिविस्टों द्वारा वानरों का राजनीतिक प्रयोग है। आम भाषा में उनको केवल एक्टिविस्ट कहा जा सकता है। उन्होंने स्वयं को जानवरों का रक्षक घोषित कर दिया है जिनके अधिकारों की रक्षा किसी भी कीमत पर, यहां तक कि मनुष्यों की कीमत पर भी की जानी चाहिए। एक भी दिन ऐसा नहीं बीतता जब बंदरों के हमलों की खबर न आती हो। सरकार ने संसद में बहुत पहले बताया था कि 2015 में 1,900 से अधिक लोगों को बंदरों ने काटा था। इसका अर्थ है कि रोज पांच लोगों को बंदरों ने काटा था। बंदरों के कारण पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की मौतें तक हुई हैं। लेकिन जब बंदरों के खिलाफ कार्रवाई की बात आती है तो एक्टिविस्ट उठ खड़े होते हैं और उनको रोक देते हैं। कुछ साल पहले सरकार ने बंदरों को पकड़ने तथा उनको इस उद्देश्य से निर्धारित जंगलों में भेजने का निर्णय किया था। लेकिन एक्टिविस्टों ने इस परियोजना को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने अनेक निरर्थक तर्क दिए। उदाहरणार्थ उन्होंने बंदरों के बजाय मनुष्यों पर घुसपैठ का आरोप लगा दिया। तर्क है कि बंदर अपने पर्यावासों में वापस आ रहे हैं और इसमें कुछ गलत नहीं है। यह विचार उन काल्पनिक उत्तरआधुनिक व मानवतावाद-विरोधी सिद्धान्तों का उत्पाद है जो पश्चिमी अकादमिक क्षेत्रों में प्रचारित हैं।

आश्चर्यजनक है कि राजनेता वर्ग में से शायद ही किसी ने इसका विरोध किया हो। मनुष्यों के रूप में हमने शेरों व बाघों, सापों व अजगरों, आदि के पर्यावासों पर कब्जा किया है तो क्या इन जानवरों को शहरों और कस्बों में खुलेआम घूमने की छूट मिलनी चाहिए? एक न्यूज़पोर्टल ने हाल ही में एक आधिकारिक विशेषज्ञ समिति के सदस्य का संदर्भ देते हुए बताया, 'एक्टिविस्ट स्वघोषित विशेषज्ञ हैं जिनको इस विषय पर कोई वैज्ञानिक ज्ञान नहीं है, पर उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया है। वे जानवरों को पकड़ने वालों की फोटो लेते हैं और उनके खिलाफ पशु-उत्पीड़न की फर्जी शिकायतें दर्ज कराते हैं। इससे जानवर पकड़ने वाले नहीं आते हैं। इसी प्रकार का दबाव उन सरकारी एजेंसियों पर भी बनाया जाता है जो बंदरों का वंध्याकरण करती हैं। इस कारण वे नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेती हैं।' बंदर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को दशकों से डरा रहे हैं। 2007 अक्टूबर में एक बंदर ने उप-मेयर सुरिंदर सिंह बाजवा पर हमला बोला जिससे वे गिर कर मर गए। उस वर्ष दिल्ली उच्च न्यायालय ने न्यू फ्रेंडस कालोनी रेज़ीडेंट वेल्फेयर असोसिएशन की एक याचिका पर बंदरों को खिलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। तीनों नगर निगमों को इस आदेश का उल्लंघन करने वालों का पता लगाने का आदेश दिया गया था। समस्या समाधान के अनेक सुझाव दिए गए हैं, सरकारी कमेटियां गठित की गई हैं तथा अदालतों ने फैसले दिए हैं, लेकिन इन सबका कोई नतीजा नहीं निकला है। इसका मुख्य कारण यह है कि महत्वपूर्ण राजेनता और नौकरशाह आम लोगों की पीड़ा और वास्तव में स्वयं अपनी पीड़ा के प्रति संवेदनहीन हैं।

वानर नार्थ ब्लाक व साउथ ब्लाक तक में आतंक फैला रहे हैं। यह व्यवस्था की विफलता का मामला है जो अनेक रूपों में सामने आता है। हम अनेक अनावश्यक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते हैं, इसलिए कोविड-19 की विनाशकारी डेल्टा लहर के दौरान अनेक लोगों को आक्सीजन व चिकित्सा सुविधायें नहीं मिल पाईं। हम भूरे गैंडों से नहीं निपट पा रहे हैं और यही स्थिति उस खतरनाक स्मोग की है जो हर साल जाड़े में पूरे उत्तर भारत को अपने शिकंजे में कस लेता है। इसी प्रकार हम वानरों के आतंक से भी नहीं निपट पा रहे हैं।

# बढ़ रहा है धरती का तापमान

> "पृथ्वी की जलवायु खराब हालत में है और इसके लिए दोष का एक बड़ा हिस्सा हमें अपने सिर लेना चाहिए।"


**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



पिछले कुछ वर्षों में पृथ्वी के ऊर्जा असंतुलन के बारे में बहुत कुछ बात की गई है। हालांकि, बढ़ते तापमान, घटती आर्कटिक समुद्री बर्फ, चरम मौसम की घटनाओं, गर्मी की लहरों, बाढ़, सूखे, तेज तूफान और तूफान आदि के रूप में जलवायु परिवर्तन की घटनाओं के साथ .. यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि पृथ्वी इससे बाहर है संतुलन। आम आदमी की भाषा में यह कहा जा सकता है कि पृथ्वी को बुखार हो रहा है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि बुखार कितना बुरा है। अस्पताल में एक मरीज की तरह, जलवायु वैज्ञानिकों द्वारा पृथ्वी के महत्वपूर्ण मापदंडों की बारीकी से निगरानी की जा रही है।

जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को कभी-कभी भविष्य में होने वाली चीजों के रूप में सोचा जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों को इस बात के बढ़ते प्रमाण मिल रहे हैं कि ग्रह अब बदल रहा है – और इस घटना के लिए लोगों को दोष का एक बड़ा हिस्सा लेना चाहिए। वे आगे बताते हैं कि औद्योगिक, और वाहनों के प्रदूषण, सीएफसी के उपयोग और वनों और प्राकृतिक संसाधनों की लूट के माध्यम से अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया है।

हम सभी इस तथ्य से भली-भांति परिचित हैं कि प्रकृति ने अपने मातृ रूप में इस ग्रह पर मानव जीवन की शुरुआत से ही मनुष्य की सेवा की है, इसलिए प्रकृति के सहयोग के बिना मानव अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। एक देखभाल करने वाली माँ की तरह, प्रकृति हमें वह भोजन देती है जो हमारे शरीर का पोषण और पोषण करता है और पानी भी देता है जो हमें शुद्ध करता है और हमें जीवन देता है। यह हमें ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए ताजी हवा भी प्रदान करता है, जो शारीरिक कार्यों को जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण है।



स्वर्ण युग के बारे में शास्त्रों में दिए गए विवरण उस समय की बात करते हैं जब भूमि किसानों को आज की तरह बिना मेहनत किए भोजन देती थी। वृक्ष प्रचुर मात्रा में फल देते थे, और फसल की बीमारी और अकाल अनसुना था। उस समय कृषि में श्रम या उर्वरकों, कीटनाशकों, शाकनाशियों आदि जैसे निवेशों के रूप में भारी निवेश की आवश्यकता नहीं थी। न ही यह सिंचाई प्रणालियों पर निर्भर था, क्योंकि मिट्टी उपजाऊ थी और प्रचुर मात्रा में फसल पैदा करती थी, और सभी आवश्यक पानी किसानों द्वारा प्रदान किया जाता था। बारिश, जो कभी विफल नहीं हुई।

पंचतत्वों से बने मानव शरीर भी उस युग में परिपूर्ण थे और इसलिए रोग, विकृति और दुर्बलता उस समय मनुष्यों के लिए अज्ञात थे। तो, फिर किस कारण से मनुष्य आनंद के ऐसे दौर से प्राकृतिक अराजकता के वर्तमान समय में उतरा? जब मनुष्य दैवीय गुणों से गिरकर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के वशीभूत हो गया तो उसका स्वयं से, दूसरों से और प्रकृति से संबंध बदल गया। उसे हमेशा देने वाली माँ के रूप में सम्मान देने के बजाय, उसने अपनी अतृप्त इच्छाओं को पूरा करने के लिए उसका शोषण करना शुरू कर दिया। अब, जब वह और सहन नहीं कर सकती, तो प्रकृति ऐसी आपदाओं से विद्रोह कर रही है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मानवीय पीड़ा हो रही है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों द्वारा किए गए वर्षों के शोध ने साबित कर दिया है कि मानव चेतना पर्यावरण को आकार देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि मानव प्रकृति बाहरी प्रकृति या पर्यावरण को प्रभावित करती है और बनाती है। आज हम जो पर्यावरण प्रदूषण देखते हैं, वह वास्तव में मानसिक प्रदूषण का बीजारोपण है। इसका अर्थ यह भी है कि यदि मनुष्य शांति, पवित्रता और प्रेम की अपनी मूल प्रकृति की ओर लौट जाए और इसके माध्यम से खुद को, एक-दूसरे से और प्रकृति से जुड़ जाए, तो पर्यावरण स्वतः ही अपने मूल सद्भाव में बहाल हो जाएगा। लेकिन इस परिवर्तन के होने के लिए, एक महान सफाई प्रक्रिया को गति देने की आवश्यकता है।

विश्व परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए, अब समय आ गया है कि मनुष्य स्वयं को पवित्रता और शांति की अपनी मूल प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करे। इससे उन्हें दूसरों और पर्यावरण के साथ प्यार और सम्मान के साथ व्यवहार करने में मदद मिलेगी और वे प्राकृतिक कानूनों के प्रति आज्ञाकारी बनेंगे। हालाँकि, यदि मनुष्य अपने वर्तमान तरीकों को जारी रखता है, तो प्रकृति चीजों को ठीक करने और ग्रह के पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने और पृथ्वी को उसकी मूल, शुद्ध और भरपूर स्थिति में वापस लाने के लिए इसे अपने ऊपर ले लेगी, एक बार फिर से स्वर्ण युग की शुरुआत कर रही है जहाँ मनुष्य और प्रकृति पूर्ण सामंजस्य में मौजूद रहेगी। लेकिन, क्या हमें वास्तव में इतना उग्र होने के लिए माँ प्रकृति की आवश्यकता है? क्या हम अपनी माँ के प्रति कुछ स्नेह नहीं दिखा सकते जिसने हमें इतना कुछ दिया है?

## आप की बात

### समलैंगिक संबंध

**समलैंगिकों** के विवाह को कानूनी मान्यता देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है, उधर केंद्र सरकार ने पहले सिर्फ स्त्री पुरुष के बीच ही शादी हो सकती है के तर्क के आधार पर इससे असहमति जताई थी। आगे की बहस में केंद्र ने राज्य सरकारों से मशवरा करने की बात कही जो कि जायज है। इस नियम में किसी भी बदलाव के लिए राज्यों की अनुमति अत्यावश्यक है। भारतीय समाज के लिए यह एक नई बात है। कभी किसी ने नहीं सोचा था कि समलैंगिक संबंध रखने वाले अपने संबंधों को छुपाने के बजाय सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसे वैवाहिक रूप में मान्यता देने के लिए अपील करेंगे। सिर्फ भारत ही नहीं पूरे विश्व में इस मुद्दे पर बहस जारी है और कई राष्ट्रों में इसे मंजूरी भी मिल चुकी है। भारत के संदर्भ में भी देखा जाए तो यह सिर्फ मुट्ठी भर लोगों के लिए ही की जाने वाली कवायद है। हमारे देश में इसे आमतौर से अप्राकृतिक सेक्स के रूप में ही देखा जाता है। अतः सुप्रीम कोर्ट को इसके मानव अधिकार वाले पक्ष के साथ-साथ देश के सामाजिक ताने-बाने और धार्मिक मान्यताओं समेत सांस्कृतिक मान्यताओं को भी ध्यान में रखकर ही कोई निर्णय लेना चाहिए। वैसे भी यह चुनावी राजनीति का विषय नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### भारत की जनसंख्या

**भारत** दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यह खुशी की नहीं बल्कि चिंता की बात है। हमें इस बात को कभी नहीं भूलना चाहिए कि बढ़ती हुई आबादी के लिए अधिक संसाधन भी हमें लगातार जुटाने होंगे। आज हमारे देश की आबादी चीन से 30 लाख अधिक हो गई है यानी कि हम आज 142 करोड़ 86 लाख हो गए हैं। हालांकि, सकारात्मक यह है कि हम विश्व में सबसे बड़ी युवाओं की आबादी वाला देश भी बन गए हैं। हमारे यहां अब 15 से 64 साल की उम्र वालों की तादाद 68 प्रतिशत हो गई है। अतः आज हमारे पास काम करने वाले हाथों की संख्या काफी अधिक हो गई है। अब यह देश की सरकार का दायित्व है कि देश में लगातार बढ़ रहे इन युवाओं को ज्यादा से ज्यादा काम देकर उन्हें बेरोजगार होने से बचाएं। उसे ऐसी नई-नई योजनाएं लानी चाहिए जिससे हर युवा को काम मिल सके। केंद्र के साथ-साथ अब राज्य सरकारों का भी यह एक बड़ा दायित्व है कि वह अपने प्रदेशों में हर युवा को अधिक से अधिक काम देकर देश की तरक्की में सहयोग दें। देखना होगा कि भारत भविष्य में अपनी युवा जनसंख्या का लाभ कैसे उठाता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### अतीक पर विलाप

**प्रयागराज** में अतीक-अशरफ के मारे जाने पर बड़ी संख्या में लोग कह रहे हैं कि जो हुआ अच्छा हुआ। उन्होंने देखा है कि बीते 44 सालों से अतीक ने किस तरह कानून को अपना दास बना रखा था, शासन-प्रशासन और यहां तक कि अदालतें भी उसके समक्ष असहाय थीं। वह किसी की भी हत्या कर देता था, किसी की जमीन पर कब्जा कर लेता था और किसी को भी उठवा लेता था। उसका इतना आतंक था कि हाईकोर्ट के जज भी उसके मामलों की सुनवाई करने से कतराते थे। कारण यह है कि कई राजनीतिक दल उसकी गुलामी करते थे। उनके मारे जाने पर नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, मायावती, ममता बनर्जी, प्रियंका वाड्रा, कपिल सिब्बलए, असदुद्दीन ओवैसी आदि ने कानून के शासन की दुहाई दी है। लेकिन जरा देखें कि किसे कानून के शासन की कितनी परवाह है? नीतीश कुमार ने माफिया आनंद मोहन सिंह के लिए कानून में संशोधन कर दिया था। अतीक को भी सपा, बसपा का संरक्षण समय-समय पर मिला है। अतीक-अशरफ की मौत पर विलाप करने वालों को योगी आदित्यनाथ की आलोचना से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

– **सदन जी**, पटना

### दिग्विजय का विचार

**कल** तक देश में ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का हल्ला मच रहा था। 14 विपक्षी दलों ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया था मगर जैसे ही अतीक-अशरफ कांड हुआ कांग्रेसी नेता की सोच सकारात्मक हो गई और उन्हें ईडी और सीबीआई की जांच विश्वसनीय लगने लगी। अपने विवादास्पद बयानों से सदैव चर्चा में रहने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के माफिया अतीक अहमद के अनेक नेताओं, अधिकारियों और व्यवसायिक लोगों से संबंधों की सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग कर डाली। ऐसे में दिग्विजय सिंह के बयान को कैसे समझा जाए? कल तक दोनों संस्थाएं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के लिए पिंजरे का तोता थी जो रटाई बात बोलता था। ऐसे में यदि अतीक के संबंधों की जांच ये दोनों संस्थाएं करती है तो इस बात की क्या गारंटी है कि उनकी रिपोर्ट भी दिग्विजय सिंह के गले उतर जाएगी? मजेदार बात है कि उनके इस बयान पर कांग्रेसी समेत अन्य राजनेताओं की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# अगले साल तक पूरा करें गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य

## सीएस दुर्गा शंकर मिश्र ने यूपीडा के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव ने गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के निर्माण कार्य को आगामी दिसंबर 2024 तक तथा झांसी लिंक, चित्रकूट लिंक तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवेज का कार्य दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप एक्शन प्लान तैयार कर लिया जाये और निर्माण स्थल पर मैनपावर तथा मशीनरी की संख्या बढ़ायी जाये। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से बिल्कुल भी समझौता न किया जाए।

मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को यूपीडा के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परियोजना के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के प्रत्येक गांव में दो अमृत सरोवर बनवाया जाए, जिससे निकलने



वाली मिट्टी इस्तेमाल एक्सप्रेस-वे में किया जाए। परियोजना का रिव्यू मैनेजमेंट पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाए। एक माह उपरान्त पुन: समीक्षा की जाएगी। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। निर्धारित कुल लक्ष्य 4.69 प्रतिशत के सापेक्ष 6.51 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 49 कलवर्ट के लक्ष्य के सापेक्ष 123 व 10 अंडरपास के सापेक्ष 23 तथा 2 लघु सेतु का निर्माण पूर्ण हो चुका है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है और दिनांक 16 जुलाई 2022 से यातायात संचालित है। 4 स्थलों पर जनसुविधा केन्द्र के लिए विस्तृत रिपोर्ट एव बिड डाक्यूमेन्ट सम्बन्धी प्रक्रिया इस माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाएगी। वर्तमान में एक पेट्रोल पंप संचालित है, शेष 3 पेट्रोल पंप अप्रैल, 2023 के अंत तक प्रारम्भ होना संभावित हैं। पीने के पानी एवं शौचालय की सुविधा एक्सप्रेसवे के सभी 13 टोल प्लाजा परिसरों में उपलब्ध है। अतिरिक्त सुविधा के रूप में 4 जनसुविधा केन्द्र परिसरों में सभी शौचालय सुविधा के साथ-साथ जलपान व्यवस्था के लिए भवन निर्मित हो चुके हैं। उक्त सुविधा के संचालन के लिए चयनित बिडर के पक्ष में अनुबन्ध गठन प्रक्रियाधीन है। एटीएमस सम्बन्धित उपकरण स्थापित करने तथा संचालन एवं अनुरक्षण के लिए एजेन्सी चयन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संदर्भ में अवगत कराया गया कि बुन्देलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट तक विस्तारित किए जाने के लिए लगभग 20 किमी लम्बाई में नया एक्सप्रेसवे निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के संबंध में बताया गया कि बुन्देलखेड एक्सप्रेसवे से डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित नोड होते हुए झॉसी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-27 तक लगभग 90 किमी लम्बाई में नया एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

## कर्मयोगी योजना सिविल सेवक के आचरण और व्यवहार से प्रेरित

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में मिशन कर्मयोगी के संबंध में बैठक हुई। बैठक में महानिदेशक उपाम/नोडल अधिकारी मिशन कर्मयोगी, उप्र द्वारा मिशन कर्मयोगी पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य भारतीय सिविल सेवकों को और भी अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, अधिक क्रियाशील, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी समर्थ बनाते हुए भविष्य के लिये तैयार करना है। यह योजना सिविल सेवक को आचरण और व्यवहार के उच्च स्तर को बनाए रखने के लिये प्रेरित करती है ताकि वह लोगों को विश्वास अर्जित कर सकें और अपने साथियों और अधीनस्थों द्वारा अनुकरण करा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों में प्रदेश के रजिस्टर्ड एमडीओ तथा कर्मयोगी की संख्या ज्ञात कर ली जाए और सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को इस बारे में सेंसटाइज करने के लिए आगामी मंगलवार को समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ प्रस्तावित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में योजना के बारे में संक्षेप में प्रस्तुतीकरण दिया जाए। इससे पूर्व, महानिदेशक उपाम ने मिशन कर्मयोगी का सामान्य परिचय दिया और भारत सरकार द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई, कर्मयोगी मिशन की मूल अवधारणा, विजन, मिशन द्वारा इसके प्रमुख 6 स्तंभ व आई गॉट प्लेटफाम के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## सीएम ने कुकरैल नाइट सफारी के लिए केंद्र की सहमति मिलने पर जताया पीएम का आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने सेन्ट्रल जू अथॉरिटी की टेक्निकल कमेटी द्वारा लखनऊ की कुकरैल नाइट सफारी एवं प्राणि उद्यान परियोजना को सैद्धान्तिक सहमति दिए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस निर्णय के लिए केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया। इस निर्णय से कुकरैल में नाइट सफारी एवं प्राणि उद्यान परियोजना की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप प्रभावी प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में जनपद लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा नाइट सफारी तथा प्राणि उद्यान की स्थापना कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधायकों से की भूसा दान कराने की अपील

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के सभी विधायकों से अपील की है कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र के काश्तकारों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, समाजसेवियों, दानकर्ताओं एवं संस्थाओं को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करने में सहयोग करें, जिससे गौशालाओं के निराश्रित गौवंश को पूरे वर्ष भूसा चारा उपलब्ध होता रहे। धर्मपाल सिंह ने अपने एक पत्र के माध्यम से विधायकों से अपील करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निराश्रित गौवंशों का संरक्षण एवं भरण-पोषण प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं में संरक्षित कर किया जा रहा है। इन निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण के लिए भूस वे चारे की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश के चारे की व्यवस्था में शासकीय संसाधनों के साथ ही जनता एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी व्यक्तियों एवं संस्थाओं के सहयोग की भी आवश्यकता है।

## न्यायिक आयोग ने घटनास्थल पर की जांच-पड़ताल, सीन कराया रिक्रीएट

**अतीक-अशरफ हत्याकांड**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माफिया** डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की बीते दिनों प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर गोली मारकर की गई हत्या की जांच कर रहे न्यायिक आयोग की टीम ने बृहस्पतिवार को घटनास्थल पहुंचकर जांच-पड़ताल की। आयोग के निर्देश पर हत्याकांड के पूरे सीन को फिर से रिक्रीएट किया गया। आयोग ने हत्याकांड की विवेचना के लिए गठित एसआईटी की टीम और फॉरेंसिक टीम के साथ बैठक भी की। न्यायिक जांच आयोग और एसआईटी के सदस्य जांच करने काल्विन अस्पताल पहुंचे।

इस दौरान अस्पताल में सुरक्षा सख्त और पुलिस बल तैनात रही। एसआईटी और फॉरेंसिक टीम ने वहां का जायजा लिया। अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच एसआईटी और न्यायिक आयोग कर रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रयागराज में घटनास्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया। उस रात जो कुछ भी घटित हुआ उसे दोहराया गया। एसआईटी और न्यायिक आयोग के बाद फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल को बारीकी से तलाशा। घटनास्थल पर उन सभी पुलिसकर्मियों से जांच टीमों ने पूछताछ भी की जो घटना वाले दिन अतीक और अशरफ के साथ सुरक्षा ड्यूटी पर लगे हुए थे। बता दें कि न्यायिक जांच आयोग की टीम प्रयागराज में रिटायर्ड जस्टिस अरविंद कुमार त्रिपाठी, पूर्व डीजी सुबेश सिंह एवं पूर्व जज बृजेश कुमार पहुंचे। अस्पताल के आसपास एसटीएफ के लोग भी लगे रहे। पुलिस हिरासत में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या करने वाले आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। तीनों हत्यारोपियों लवलेश, सनी और अरुण से अलग-अलग उनकी जिंदगी, परिवार, आदत शौक के बारे में जानकारी इकट्ठा की। जानकारी के अनुसार बांदा के लवलेश तिवारी ने बताया कि वह कई दिनों से मीडिया की ट्रेनिंग ले रहा था। इस खुलासे के बाद एसआईटी की टीम ने उसके तीन दोस्तों को बांदा से हिरासत में लेकर प्रयागराज ले आयी है, जो उसे मीडिया के तौर तरीके सिखा रहे थे। इसी प्रकार टीमें कासगंज एवं हमीरपुर में भी कुछ स्थानों पर दबिश दे रही हैं।

## बूथ विजय का संकल्प लेकर कार्य करें सभी कार्यकर्ता: भूपेंद्र चौधरी

● भाजपा जल्द करेगी दूसरे चरण के उम्मीदवारों की घोषणा

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि प्रदेश के सभी कार्यकर्ता सभी मतदान बूथ पर 'बूथ विजय का संकल्प' लेकर काम करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दूसरे चरण के उम्मीदवारों की घोषणा जल्द हो जाएगी लेकिन कार्यकर्ताओं का पूरा फोकस बूथ जीतने पर होना चाहिए। भाजपा में दूसरे चरण के प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जिला व क्षेत्रस्तर पर कोर कमेटी की बैठक हो चुकी है। वहां से उम्मीदवारों के नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व के पास भेजा जा चुका है। बस अब प्रत्याशियों के नामों पर प्रदेश नेतृत्व की मुहर लगना बाकी है। निकाय चुनाव के संबंध में दूसरे चरण में प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक कल होने की उम्मीद है। इसी बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी। यह बैठक मुख्यमंत्री आवास पर होगी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक शामिल होंगे। इस बैठक के बाद दूसरे चरण के प्रत्याशियों की घोषणा हो जाएगी।

## छह नए सदस्यों को सभापति ने दिलाई विधान परिषद की सदस्यता की शपथ




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने परिषद के नव मनोनीत सदस्यों को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को विधान भवन के राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल में समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने जिन मनोनीत सदस्यों को सभापति विधान परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई गई उनमें रजनीकांत महेश्वरी, साकेत मिश्रा, लाल जी निर्मल, तारिक मंसूर, राम सूरत राजभर और हंसराज विश्वकर्मा शामिल हैं।

## पेपरलेस होगी अधिकरण की कार्यप्रणाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश प्रदेश भू-सम्पदा अपीलीय अधिकरण के 'ऑनलाइन जस्टिस डिलीवरी सिस्टम' के माध्यम से अधिकरण की कार्यप्रणाली को पूर्ण रुप पेपरलेस बनाया जा रहा। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा अपीलीय अधिकरण के सदस्य तकनीकी कमल कान्त जैन, रजिस्ट्रार तहरीम खान, ई-कोर्ट प्रभारी कृष्ण कुमार यादव तथा एनआईसी दिल्ली के उप महानिदेशक मनोज तुली व सलाहकार पंकज अग्रवाल द्वारा अधिकरण का ई-पोर्टल विकसित किया गया है। जिस पर एसबीआई ई-पे गेटवे को एकीकृत करते हुए अपेक्षित न्यायालय शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन के माध्यम से करने के लिए पूर्ण रुप से विकसित कर दिया गया है। इससे हितधारकों को भौतिक रुप से भुगतान करने तथा अन्य माध्यमों से ऑनलाइन भुगतान पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क का लाभ भी प्राप्त होगा। अधिकरण के ई-पोर्टल पर एसबीआई ई-पे गेटवे की कार्यप्रणाली 20 अप्रैल 2023 से प्रभावी है।

## यूपी में कोरोना से निराश्रित बच्चों को भी मिलेगा अटल आवासीय योजना का लाभ

● उत्तर प्रदेश भवन सन्निर्माण कर्मचार कल्याण बोर्ड के अनुमोदन पर शासन से मिली एनओसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निर्धन** श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश में शुरू की गई अटल आवासीय विद्यालय योजना का लाभ अब कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चों को भी मिल सकेगा। योजना की वर्तमान व्यवस्था में संशोधन के इस प्रस्ताव का उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की 57वीं बैठक में अनुमोदन किया गया था, जिसे शासन की ओर से एनओसी प्रदान कर दी गई है।

योजना का मूल उद्देश्य भवन एवं सन्निर्माण प्रक्रियाओं में कार्यरत लाभार्थी पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को सामाजिक न्याय की अवधारणा के दृष्टिगत समाज की मुख्यधारा से जोड़े जाने और उनके बौद्धिक शारीरिक विकास एवं उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है, ताकि वह भविष्य में देश के सशक्त नागरिक बन सकें। योजना में संशोधन के बाद अब श्रमिकों के बच्चों के साथ-साथ कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। इन बच्चों की सूची महिला कल्याण विभाग उपलब्ध कराएगा। योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक की निशुल्क गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन से जारी आदेश में कहा गया है कि अटल आवासीय विद्यालय योजना की वर्तमान व्यवस्था में संशोधन का उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया है। योजना में संशोधन पर इस शर्त के साथ एनओसी प्रदान की जा रही है कि बोर्ड इस संबंध में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम 1996 एवं संगत नियमामली 2009 का अनुपालन करेगा। साथ ही पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के समाजिक सुरक्षा हितों का अनुरक्षण पात्र निर्माण श्रमिकों के हित में पूर्णत: सुनिश्चित कराएगा। इसमें आगे की कार्यवाही को सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए हैं। योजना की पात्रता शर्तों में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरांत कम से कम 3 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। पहले यह अवधि सिर्फ एक वर्ष रखी गई थी। हालांकि, पंजीकृत कामगार परिवार के अधिकतम दो बच्चों को विद्यालय में अध्ययन की पात्रता पहले जैसी ही है।

प्रत्येक वर्ष निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों का प्रवेश अटल आवासीय विद्यालय समिति (एवीएस) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर लिया जाएगा। कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों

## सीएम स्टार प्रचारक बनकर मस्त, प्रशासनतंत्र अपराधियों के आगे पस्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक बनकर व्यस्त है और उनका प्रशासनतंत्र अपराधियों के आगे पस्त है। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े अपराधिक घटनाएं हो रही है पर दावा किया जाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक ठाक है। जनता भी जान गई है कि भाजपा को झूठा प्रचार करने में महारत हासिल है। उसके पास अपना काम बताने के लिए कुछ है नहींए इसलिए वह समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बताकर अपना समय काट रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ में ही जंगलराज के हालात है। कृष्णानगर में बदमाशों ने दिन दहाड़े पिस्तौल की नोक पर एक महिला की चेन लूट ली। कैसरबाग इलाके में व्यापारी से 13 लाख रुपए की लूट हो गई। एक संविदा कर्मी ने नौकरी के नाम पर युवती से वसूली की और दुष्कर्म किया। पारा के बुद्धेश्वर मंदिर पर एक बुजुर्ग की सोने की माला बदमाशों ने लूट ली। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल 2023 को ही प्रतापगढ़ के अंतू थाना क्षेत्र में तमंचा दिखाकर किशोरी से रेप किया गया। चंदौसी से परीक्षा देकर लौट रही बीएससी की छात्रा से बस चालक ने छेडछाड़ की। मेरठ के कंकरखेड़ा में दबंगों ने दो बहनों को घसीट कर पीटा और अश्लील व्यवहार किया। उन्नाव में भाजपा के पांच गुंडों ने नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा वापस न लेने पर जेल से छूटते ही पीड़िता के घर में आग लगा दी। आगरा में ताजगंज स्थित त्रिवेणी इन्क्लेव में सरेशाम दरोगा की बहू को बंधक बनाकर लूट हुई। अखिलेश ने कहा कि ये घटनाएं तो महज गिनती के लिए हैं। प्रदेश में हर दिन लूट, हत्या, छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं घटती हैं। पुलिस ज्यादातर मामलों में पीड़िता की मदद के बजाय अपराधीतत्वों के ही पक्ष में दबाव बनाने का काम करती है। लचर विवेचना और अभियोजन में लापरवाही से तमाम अपराधी छूट जाते हैं। भाजपा राज में कानून व्यवस्था बुरी तरह चौपट है। महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं।

## गोप ने सपा प्रत्याशियों को पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** नगर निगम चुनाव के संबंध में लखनऊ महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप की अध्यक्षता में बैठक कर रणनीति तैयार की गई। इस दौरान लखनऊ से सपा की महापौर बंदना मिश्रा भी उपस्थित रहीं। पार्षद प्रत्याशियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय सचिव ने सभी प्रत्याशियों से उनके सुझाव लिए। गोप ने सभी प्रत्याशियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी सभी समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाएगा और पार्टी द्वारा आपके चुनाव में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उसके बाद दोपहर में गोप ने नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ महानगर पार्टी कार्यालय पर महापौर और पार्षदों के चुनाव को लेकर एक अहम बैठक की। जिसमें चर्चा की गई लखनऊ नगर निगम चुनाव में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कैसे किया जाए और इसके लिए हर वार्ड में कार्यकर्ताओं की कितनी टोलियां बनाई जाएं।

## नियामक आयोग में उपभोक्ता परिषद करेगा बिजली दर बढ़ाने का विरोध

**लखनऊ।** इस वर्ष विद्युत उपभोक्ताओं का भार सात करोड़ 47 लाख किलो वाट के करीब होने का अनुमान है। वहीं 132 केवी सब स्टेशनों की क्षमता मात्र पांच करोड़ 21 लाख किलो वाट ही है। ऐसे में जब सिस्टम अपग्रेड होगा, तभी सभी ढंग से बिजली सप्लाई की जा सकती है। उपभोक्ता परिषद ने मांग की है कि बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की चल रही मांग से पूर्व बिजली कंपनियों को अपना सिस्टम अपग्रेड करना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली ठीक से मिल सके। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि यह मुद्दा वह नियामक आयोग में भी तर्क संगत ढंग से उठाएगा। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिस्टम उच्च गुणवत्ता की बिजली देने में सक्षम नहीं है। ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की बात करना प्रदेश की जनता के साथ धोखा है।

## मस्जिदों में आज अदा की जाएगी अलविदा की नमाज

● ईद सकुशल संपन्न कराने के लिए 249 कंपनी पीएसी और पांच कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल रहेगा तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माहे** रमजान में अलविदा की नमाज और ईद को लेकर डीजीपी मुख्यालय पूरी तरह सतर्क है। पर्व को सकुशल और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए फील्ड में तैनात पुलिस के आला अफसरों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में कुल 29439 मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर के दिन 29439 मस्जिदों के अतिरिक्त 3865 ईदगाहों में भी नमाज अदा की जाएगी। अलविदा की नमाज तथा ईद-उल-फितर सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्यालय स्तर से 249 कम्पनी पीएसी बल, 3 कम्पनी एसडीआरएफ, 5 कम्पनी सीएपीएफ तथा 7000 प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षक (फील्ड एक्सपोजर प्रशिक्षण) के लिए प्रदान किए गए हैं। जिन्हें राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया जा रहा है। अलविदा की नमाज के अवसर पर सादे वस्त्रों में भी महिला व पुलिस कर्मियों की टीमें बॉडी वार्न कैमरे एवं वाइना कूलर के साथ लगाई जा रही हैं। स्पेशल डीजी ने बताया कि रमजान माह के अंतिम शुक्रवार 21 अप्रैल को मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा की जाएगी।

यूपी पुलिस द्वारा समस्त कमिश्नरेट व जिलों में अलविदा की नामज को सम्पन्न कराने के लिए पहले से ही तैयारी प्रारम्भ करते हुए समस्त नमाज के स्थलों का भ्रमण तथा सम्बन्धित धर्मगुरुओं व अन्य विभागों के साथ समन्वय- संवाद स्थापित करते हुए सुदृढ़ पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। उन्होंने बताया कि अलविदा की नमाज तथा ईद-द-उल-फितर के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों में 2933 संवेदनशील स्थान (हॉट-स्पॉट्स) चिन्हित करते हुए 849 जोन व 2460 सेक्टर में पुलिस व्यवस्थापन किया जा रहा है। अलविदा की नमाज तथा ईद-उल-फितर को सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में समस्त जनपदों में पीस कमेटी, धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, पुलिस मित्र तथा सिविल डिफेन्स के साथ संवाद स्थापित करते हुए 2669 गोष्ठियां की गईं। सुरक्षा के लिहाज से स्पेशल डीजी ने बताया कि नमाज स्थलों के आसपास तथा संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। यूपी-112 के 4800 दोपहिया- चारपहिया पीआरवी वाहनों के माध्यम से निरन्तर सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। 1785 क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केनशील्ड, टियर गैस गन, एंटी रायट गन, वाटर कैनन व वज्र वाहन के साथ चिन्हित हॉट स्पाट्स पर व्यवस्थापित किया जा रहा है। अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय व सतर्क करते हुए अफवाहों पर नियंत्रण के लिए विशेष रूप से कार्रवाई की जा रही है। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक व अराजक तत्वों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई कराई जा रही है। स्पेशल डीजी ने बताया कि अलविदा की नमाज तथा ईद-उल-फितर की मॉनीटरिंग के लिए पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम पर राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर प्रदेश के समस्त जनपदों से सम्बन्धित प्रत्येक सूचना व घटना का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है।

## हॉस्पिटल व व्यवस्थाओं को स्वीकृत बजट से किया जाए और सुदृढ़: सीएस

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उप्र स्टेट आयुष सोसाइटी की 9वीं शासी निकाय की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में उप्र स्टेट आयुष सोसाइटी की 9 वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि उप्र स्टेट आयुष सोसाइटी के अन्तर्गत संचालित हॉस्पिटल व व्यवस्थाओं को स्वीकृत बजट से और सुदृढ़ किया जाए। सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध तथा उपकरण क्रियाशील होने चाहिए। डिस्पेंसरी को अपग्रेड किया जाए और आशा व एएनएम को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित किया जाए।

बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए राज्य आयुष सोसाइटी की 1138.51 करोड़ रुपए की राज्य वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्ययोजना में आयुष सर्विसेज के लिए 50728.86 लाख रुपए, फ्लैक्सी पूल के लिए 21682.20 रुपए, आयुष एजुकेशन के लिए 20937.22 लाख रुपए, स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के लिए 960.464 लाख रुपए तथा वर्ष 2022-23 की राज्य वार्षिक कार्य योजना की देनदारियों के लिए 19542.93 लाख रुपए का प्राविधान किया गया है। बैठक में बताया गया कि वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जनपद वाराणसी में पंचकर्म हट्स की स्थापना के प्रस्ताव को राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस पंचकर्म हट का निर्माण आदि योगी भगवान शिव को थीम के रूप में सम्मिलित करते हुए किया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था का चयन किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था से विस्तृत आगणन अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। आयुष सर्विसेज के अन्तर्गत नए आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स की स्थापना तथा आयुष, यूनानी, होम्योपैथी डिस्पेंसरी व अस्तपालों में आवश्यक दवाओं की सप्लाई को बेहतर किया जाएगा। इसके अलावा आठ पांच बेडेड इंटीग्रेटेड आयुष हॉस्पिटल चित्रकूट, सीतापुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, एटा, भदोही, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में तथा बिजनौर व गाजीपुर में आयुष इंटीग्रेटेड 50 बेडेड हॉस्पिटल स्थापित किए जाएंगे। क्षतिग्रस्त सरकारी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल्स के स्थान पर 39 नए हॉस्पिटल व किराए के स्थान पर चल रही आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के लिए 177 नई डिस्पेंसरी का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त चार तीस बेडेड इंटीग्रेटेड आयुष हॉस्पिटल शामली, बाराबंकी, आजमगढ़ व उन्नाव में स्थापित किए जाएंगे। 25 आयुष यूनानी डिस्पेंसरी का निर्माण कराया जाएगा और आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी संचालन किया जाएगा।

# बेटे ने मां के साथ मिलकर की पिता-दादी की हत्या

संवाददाता। शाहजहांपुर।





**जमीन** के लालच में एक कलयुगी पुत्र ने मां के साथ मिलकर पिता और दादी की गोली मारकर हत्या कर दी। शाहजहांपुर के थाना तिलहर के गांव मरक्वा में गुरुवार सुबह को डबल मर्डर की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया । सूचना पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद व अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची । पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद लोगों से इंटेरोगेशन कर हत्या के संबंध में जानकारी हासिल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । डबल मर्डर हत्याकांड के संबंध में बताया जाता है । मृतक श्याम पाल के पास पैतृक जमीन है जिसको उसका बेटा मोहित अपने नाम करवाना चाहता था इसको लेकर वह अपने पिता पर दबाव बना रहा था ।? गुरुवार कि सुबह बैंक से पैसे निकालने को लेकर पिता और पुत्र के बीच में विवाद हो गया जिसके बाद कलयुगी पुत्र ने अपनी मां के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया मृतक श्याम पाल का एकलौता पुत्र मोहित का विवाद पिता से पैसे के लेनदेन को लेकर हो गया था। जिसके परिणामस्वरूप मोहित ने पिता श्याम पाल व दादी भगवती 70 की गोली मारकर हत्या कर दी । मोहित की इस वारदात में उसकी माता सदा वती की शिरकत प्रथम दृश्य नजर आ रही है ।

## पहले दादी को गोली मारी फिर पिता

**बताया** जाता है कलयुगी पुत्र मोहित ने गुरुवार सुबह घर में मौजूद अपनी दादी भागवती को गोली मारी गोली की आवाज सुनकर अचानक पिता जाग गए जिसके बाद हत्यारे ने पिता को गोली मार दी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।

## मामला संपत्ति विवाद से जुड़ा

**बताया** जाता है मोहित की दादी ने एक खेत 14 लाख रुपए का बेचा था । धन का बंटवारा करते हुए आधी रकम बेटे श्याम पाल को सौंपकर शेष धनराशि अपने इलाज के लिए रख ली थी ।? हत्यारा मोहित इसी धनराशि को पाने के लिए दादी पर प्रेशर बना रहा था इसके साथ ही पैतृक भूमि में से 2 भी 2 एकड़ खेत अपने नाम कराने की जिद कर रहा था जिसको पिता और उसकी दादी ने मना कर दिया था। इसी से नाराज होकर कलयुग की पुत्र ने गुरुवार को पिता श्याम पाल दादी भगवती को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया । पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद साक्ष्यों को जुटाने के निर्देश के साथ घटना से जुड़े हुए हर पहलू पर नजर रखने के लिए आदेश दिए इसके साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम स्थल भेजा पुलिस ने डबल मर्डर के संबंध में थाना क्षेत्र में अभियोगपंजीकृत किया।

## डबल मर्डर से क्षेत्र में दहशत

**गुरुवार** की सुबह अचानक हुए डबल मर्डर से पूरे गांव में दशरथ के साथ चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया ।?गांव में मौजूद लोगों ने कलयुगी पुत्र पर हत्या की वारदात देने व उसकी मां के सहयोग करने को लेकर गुस्से का इजहार करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

# तीसरी बार फिर काजल किन्नर ने ठोंकी ताल

संवाददाता। सीतापुर

- नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर आजमाएंगी भाग्य
- नगर पंचायत सिधौली में पहले भी लड़ चुकी चुनाव, 2017 में वोटरों ने तीसरे स्थान पर पहुंचाया था
- सिधौली में है 13669 पुरुष, 12351 महिला मतदाता और कुल 26020 मतदाता
- इस बार कुल 9 प्रत्याशी हैं मैदान में

**नगर** निकाय चुनाव में एक बार फिर काजल किन्नर ने ताल ठोकी है। हालाकिं अभी वह एक केस में विचाराधीन कैदी के रुप में जेल में है। बताया जाता है उन पर किसी को जबरन किन्नर बनाने का आरोप है। फिर भी उन्होने नगरपंचायत सिधौली में अध्यक्ष पद पर दावेदारी करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामाकंन पत्र प्रस्तावक सन्नो के जरिए जमा करवा दिया था। गुरुवार को नाम वापसी का समय निकल जाने के बाद अब यह तय हो गया है कि काजल मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगीं। चुनाव में जीत का ताज काजल के सिर या किसी और के सजेगा यह तो 13 मई को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल काजल के फिर से मैदान में उतरने से नगरपंचायत सिधौली की राजनीति में एक बार फिर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। क्योंकि वर्ष 2012 के चुनाव में काजल किन्नर ने जब पहली बार निर्दलीय चुनाव लड़ा तो लगभग 1800 वोट प्राप्त किए थे। और दूसरे नंबर पर कब्जा जमाया था। काजल किन्नर ने पहले चुनाव में दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर बड़े-बड़े राजनीतिक सूरमाओं को सोचने पर मजबूर कर दिया था। वर्ष 2017 के चुनाव में काजल किन्नर ने फिर से अपना भाग्य आजमाया दूसरी बार भी निर्दलीय चुनावी समर में उतरी हालाकिं दूसरी बार भी उन्हे सफलता नहीं मिली बल्की एक पायदान नीचे खिसक कर वह तीसरे स्थान पर चली गई। इस चुनाव में उन्हे सिर्फ 1414 मत मिले। वर्ष 2023 में हो रहे चुनाव में एक बार फिर काजल किन्नर मजबूती के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में मैदान में हैं।

## पुलिस लाईन्स में किया गया बलवा ड्रिल का आयोजन



**लखीमपुर खीरी**। एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शान्ति-व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित मॉक बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एएसपी व क्षेत्राधिकारी सदर एवं पुलिस बल द्वारा एंटी राइट गनए अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों द्वारा फायर कर डेमो परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों से फायर करने से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा मौजूद सभी पुलिस बल को यह निर्देशित किया गया कि किसी भी शांति व्यवस्था ड्यूटी में शांति भंग करने वालों के विरुद्ध न्यूनतम बल प्रयोग के साथ प्रभावी नियंत्रण किया जाना चाहिये।

# मेडिकल कॉलेज के सुस्त निर्माण पर डीएम खफा

- तय समय में पूरा करे काम, वर्ना लिया जाएगा एक्शन : जिलाधिकारी ने दी चेतावनी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी** में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की सुस्त गति पर कड़ी नाराजगी जताई, हर हाल में इनका निर्माण तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। इनमें विलंब स्वीकार नहीं है। वर्किंग एजेंसी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जिले में बनाए जा रहे सरकारी मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य मिशन मोड में तय समय में हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जोर देते हुए चेताया भी है कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें और साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट उन्हें और सीडीओ को करे। कार्यस्थल पर मानव संसाधन की कमी को तत्काल दूर किया जाए। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें एवं सीडीओ को जानकारी दें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फेज वार निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति जानी, जरूरी निर्देश दिए। कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं। बैठक में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेश कुमार गोयल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, कंसलटेंट एजेंसी डीएलएफ की टीम, डीएसटीओ अरविंद वर्मा सहित निर्माण संस्था से जुड़े प्रतिनिधि, अन्य संबंधित अफसर मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक राकेश राठौर की पत्नी ने नामांकन नहीं लिया वापस

- निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ेंगी अध्यक्ष पद का चुनाव

संवाददाता। सीतापुर

**सपा** के बागी नेता अब निर्दलीय उम्मीद्वार के तौर पर नगर निकाय का चुनाव लड़ेगें। पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर अस्वीकृत होने के बाद पूर्व विधायक राकेश राठौर अपनी पत्नी नीलकमल राठौर को नपाप सीतापुर में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय चुनाव लड़ाने के फैसले पर कायम है। पहले अनुमान था कि हो सकता है राकेश राठौर अपनी पत्नी का नामाकंन वापस ले लें। लेकिन गुरुवार को नामांकन की समय सीमा निकल जाने के बाद ऐसी अटकलों पर विराम लग गया। सपा से पूर्व सदर विधायक राधेश्याम जयसवाल ने अपनी पुत्र वधू रश्मि जयसवाल का नामाकंन कराया था। जबकि पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर ने अपनी पत्नी का नामाकंन भी सपा प्रत्याशी के रुप में ही जमा कराया था। बताया जाता है कि पार्टी में शीर्ष नेतृत्व की तरफ से दोनो उम्मीदवारों को हामी भरी गई थी। लेकिन निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन में सपा का सिम्बल राधेश्याम जयसवाल की पुत्र वधू रश्मि जयसवाल को मिल गया। क्योंकि उन्होंने अपना नामाकंन पत्र पहले जमा किया था। इस फैसले से राकेश राठौर को बड़ा झटका भी लगा। इसे लेकर पूर्व विधायक राकेश राठौर की नाराजगी भी खुलकर सामने आई। और अंतत: राकेश राठौर ने अपनी पत्नी नीलकमल राठौर को निर्दलीय चुनाव मैदान में उतार दिया है। पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर का कहना है कि उन्होने पहले ही कह दिया था कि चुनाव पूरी ताकत से लड़ना है। पर्चा वापसी का सवाल ही नहीं। चुनाव क्यों और किन मुद्दों पर लड़ेंगें। उनका दावा है कि चेयरमैन बनने के बाद एक साल के अन्दर शहर क्षेत्र में क्रातिंकारी परिवर्तन दिखेगा।

## क्विक न्यूज

### बीस लीटर कच्ची शराब सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार



निघासन खीरी । गांवों में बिकने वाली अवैध कच्ची शराब से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए स्थानीय कोतवाली पुलिस क्षेत्र में व्यापक अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध कच्ची शराब माफियाओं एवं विक्रेताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा ग्राम लुधौरी निवासी वीरेंद्र एवं मुरारी को ग्राम लुधौरी के पास स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्त क्षेत्र में कच्ची शराब की सप्लाई करने जा रहे थे । दोनों की तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक की पिपियों में 10-10 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है ।

### विजिलेंस टीम ने सीओ चकबंदी को रिश्वत लेते पकड़ा

**बरेली**। राजस्व न्यायालय मे क्षेत्राधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह को एक गरीब किसान से 50 पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशन लाल पुत्र रामचंद्र गांव गजनेरा थाना भुता तहसील फरीदपुर ने बताया कि पिछले वर्ष जनवरी से उसका जमीनी विवाद का मुकदमा क्षेत्र अधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह के यहां विचाराधीन है जिसको लेकर क्षेत्राधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह आए दिन रोशन लाल को रिश्वत के लिए उत्साता और प्रताड़ित कर रहा था रोशन लाल ने बताया कि उसने व्हाट्सएप सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी लेकर पिछले दिनों उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान बरेली (विजिलेंस) के अधिकारियों को क्षेत्र अधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह के बारे में बताया था रिश्वत कांड में पकड़े गए क्षेत्राधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह ने पीड़ित किसान रोशनलाल से दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी परंतु पीड़ित किसान रोशन लाल ने असमर्थता जताते हुए मना कर दिया था क्षेत्राधिकारी चकबंदी तृतीय रणधीर सिंह ने देखा कि कुछ भी हाथ नहीं आ रहा है तब क्षेत्राधिकारी तृतीय रणधीर सिंह ने पीड़ित से दोबारा संपर्क किया और 50 हजार रुपये की व्यवस्था कर देने की बात कही पीड़ित किसान रोशन लाल ने विजिलेंस टीम को गोपनीय सूचना दी और आज दोपहर लगभग तीन बजे विजिलेंस टीम ने किसान से पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए क्षेत्राधिकारी चकबंदी तृतीय रणवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया खबर लिखे जाने तक विभागीय कार्यवाही जारी थी।

### बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो की दर्दनाक मौत

**शाहजहांपुर**। दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों बाइक सवार दो लोगो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सुचना पर पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कर परिजनों को खबर कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। निगोही थाना क्षेत्र के गांव गिरगिचा निवासी अंकित अपनी पत्नी सुरभि के साथ बाइक से शहर के अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने के लिए बुधवार को आई थी। रात हो जाने के कारण अंकित मो. अज्जमपुर निवासी एक रिश्तेदार के घर रुक गए थे। गुरुवार दोपहर दोनों बाइक से गिर जाने के लिए निकले थे। निगोही रोड पर बलेली गांव के पास सामने से आ रही बाइक से अंकित की बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार तीनों लोग दूर जाकर गिरे।हादसे में अंकित और दूसरी बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अंकित की पत्नी सुरभि गंभीर रूप से घायल है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले तीनों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने बाइक सवार दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला का इलाज शुरू कर दिया है। हादसे के बाद सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

### पुलिस कर्मियों की वाहनों के चालान काटे

**बरेली**। पुलिस कर्मी द्वारा अपने वाहनों पर नियम विरुद्ध तरीके से लगाई गई नंबर प्लेट और अन्य कारणों से एसएसपी कार्यालय में खड़े पुलिसकर्मियों के कई वाहनों के चालान आज काटे गए। एसएसपी के निर्देश पर ट्रेनिंग आईपीएस विक्रम दहिया ने ट्रैफिक पुलिस की मदद से एसएसपी कार्यालय में खड़े किए गए पुलिसकर्मियों के उन वाहनों के चालान कटवाए जिन पर नियम विरुद्ध तरीके से नंबर प्लेट लगाई गई थी या फिर उन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी थी इसके अलावा अपने वाहनों पर तरह-तरह के स्लोगन लिखवाने वाले पुलिसकर्मियों के वाहनों के भी चालान काटे गए इस अवसर पर कार्यालय में मौजूद पत्रकारों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वह अपने वाहनों पर नियम विरुद्ध तरीके से कोई भी नंबर प्लेट आदि ना लगाएं ।

### अलविदा ऐ माहे रमजान, कहते तुझको अलविदा

**मोहम्मदी खीरी**। अलवैदा की नमाज के बाद माहे रमजान सभी को अलवैदा कह रूखसत हो जाऐगा। अलवैदा की नमाज के बाद ईद आती हैएरोजदारों के चेहरे की चमक देखते ही बनती है और वही ईद के आने का बेसब्री से इंतजार रहता है, और ईद का चांद देखने के लिए लोग घंटों अपनी छतों पर चांद का दीदार करते के लिए तरसते हैं, और चांद देखने के बाद लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते है, और ईद मिलते है, चाद रात को घर की महिलाएं खूब बाजार मे खरीदारी करती है, बच्चों मे ईद की अजीब खुशी देखने को मिलती है, ईद के दिन मीठी सिबई विशेष पकवानों मे एक होती है, इबादत और बरकतों का महीना रमजान एक-दो दिन में हम सभी को अलविदा कह ईद के आने की तैयारी कर रहा है, माहे रमजान कितनी जल्दी गुजर जाता है इसका एहसास भी नही होता है, बच्चों से लेकर बूढ़े तक इस माहे रमजान मे पूरे माह रोजा रख इबादत मे गुजार देते है, इस माह मे बरकते नाजिल होती है।

### सड़क दुर्घटना में पिता की मौत बेटा घायल

**बरेली**। बेटे को परीक्षा दिलाने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले एक व्यक्ति की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया रामपुर के शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव घुरई निवासी 50 वर्षीय कमलेश पुत्र अप्पू की आज सुबह तड़के सिरौली थाना क्षेत्र में थाने से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कमलेश के बेटे संजय की आज बरेली में बुखारा मोड़ पर स्थित आईटीबीपी के कैंप में परीक्षा थी वह रात में मोटरसाइकिल पर बेटे को लेकर बरेली आने को घर से निकला था लेकिन सिरौली थाने के पास उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए और दुर्घटना मारने बाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक कमलेश की मौत हो चुकी थी पुलिस ने घायल संजय को अस्पताल में भर्ती कराया और दुर्घटना की सूचना उनके घर वालों को दे दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने सब की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा कमलेश की पत्नी का नाम शांति देवी है वह दो बेटों का पिता था।

# जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य की कार्यशाला संपन्न

संवाददाता। शाहजहांपुर।



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य की अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कार्यशाला के दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बेहतर अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुये व्यापक जन जागरूकता प्रसारित की जाये जिससे लोग जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में जागरूक हो सके। कहा कि जलवायु परिवर्तन से तापमान में वृद्धि होने के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में बदलाव, वायु प्रदुषण, जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है एक्सट्रीम वेदर कंडीशन उत्पन्न हो सकती है, जिसमें अधिक तीव्रता की हीट वेव का अधिक समय तक बने रहना, शीत लहर की अधिक तीव्रता का होना, अत्याधिक वर्षा एवं ओला वृष्टि तथा बे मौसम बारिश शमिल है। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन आदि के लिये अत्यंत घातक है इसलिये सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति डीएम ने प्रेरित करते हुये कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है। डीएम ने अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर शीतल एवं शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की जाये तथा गर्मी से बचाव हेतु शेल्टर्स की व्यवस्था भी की जाये। विद्यालयो में हीट वेव से बचाव हेतु उपायों का बच्चों को जागरूक किया जाये। साथ ही जनमानस में भी हीट वेव से बचाव के लिये जागरूकता प्रसारित की जाये। इस दौरान डी.एफओ. श्री प्रखर गुप्ता, सीएमओ डा.आर.के.गौतम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा-जय प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक शौकीन सिंह यादव, संबंधित एसीएमओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**निकाय** चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। गुरुवार को विकास भवन सभागार में यह ट्रेनिंग शुरू हुई। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर बाकी चुनाव कर्मिकों को चुनाव संपन्न कराने की प्रक्रिया समझाएंगे। साथ ही बेलेट पेपर से मतदान कराने के साथ मतगणना कराने वाले कर्मिकों को भी प्रशिक्षण देंगे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान में बरती जाने वाली सावधानियों को बारीकी से बताई। प्रत्येक बूथ पर पीठासीन अधिकारी सहित चार मतदान कर्मी लगाए जाएंगे। उन्होंने प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी के कार्य व जिम्मेदारी की बारीकी समझाई। पोलिंग पार्टी रवाना होने से लेकर बैलेट पेपर मोड़न, बैलेट बाक्स सील करने और स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने के बारे में भी बताया। मतदान में गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल सूचना देने और बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल होने वाले प्रत्येक मास्टर ट्रेनर को इस तरह से तैयार किया जा रहा है ताकि वह निकाय चुनाव के दौरान स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों के सहयोग से निर्देश दे सकें। प्रशिक्षण कार्यशाला में सहायक प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) डीटीओ राजकिशोर,प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई लखीमपुर ने भी मास्टर ट्रेनर्स को चुनाव की बारीकियां बताकर प्रशिक्षित किया।

## जेसीआई ने इंपावरिंग यूथ का स्कूल में किया कार्यक्रम



**लखीमपुरखीरी**। सुपरिचित व्यक्तित्व विकास संस्था जेसीआई लखीमपुर खीरी (जेसीज) द्वारा लखनऊ पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय 'इंपावरिंग यूथ' प्रशिक्षण श्रृंखला के प्रथम दिवस 'लक्ष्य निर्धारण' विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जेसी सौरभ गुप्त की अध्यक्षता, सचिव कुमार उत्कर्ष के संचालन, जेसी ऋतिक साहू एवं जेसी मुदिता अग्निहोत्री के निर्देशन, जेसी राहुल माथुर के व्यवस्थापन में मुख्य प्रशिक्षक जेएफपी राम मोहन गुप्त एवं जेएफपी मीता गर्ग द्वारा लक्ष्य क्या और क्यों, लक्ष्य निर्धारण से जीवन में लाभ, लक्ष्य के प्रकार, इसके निर्धारण और प्राप्ति के लिए की जाने वाली प्रक्रिया आदि विषयों पर रुचिकर व प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# अलविदा पर प्रशासन अलर्ट

संवाददाता। शाहजहांनपुर

**नगर** आयुक्त संतोष शर्मा ने अपर नगरायुक्त एसके सिंह के साथ जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों का निरीक्षण कर मस्जिद के इन्तेजामियों से वार्ता कर हालत का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने जामा मस्जिद के पास पथ प्रकाश व साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को चेक किया। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष वर्मा ने अलविदा एवं ईद-उल-फित्तर पर सफाई व्यवस्थाओ के आदेश दिए । उन्होंने कहा मस्जिदों, ईदगाह तथा जामा मस्जिदों व आस पास विशेष सफाई व्यवस्था रखी जाए। इसके साथ ही सुअर,



सॉड आदि आवारा पशुओं की रोक-थाम की जाए ताकि कोई विवाद जन्म न ले इसके साथ ही सफाई व्यवस्था, प्रकाश एवं जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में स्थित मस्जिदों का एक निरीक्षण कर हालत का जायजा ले ताकि कोई शिकयत न मिले। नगर आयुक्त ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को हिदायत देते हुए कहा अलविदा की नमाज के समय आवारा पशुओं को मस्जिद की ओर जाने से रोके जाने के लिए प्रत्येक मस्जिद के पास दो-दो सफाई कर्मचारियों की तैनात रहे .और सुअर पालकों को नोटिस भेज कर उनको अपने जानवारों को बाड़े में बन्द रखने के लिए कहें ताकि कोई विवाद न पैदा हो। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त के अलावा नगर निगम की टीम भी मौजूद रही।

# पाठ्यक्रमों को कौशल विकास योजनाओं से जोड़ना आवश्यक

संवाददाता। शाहजहांपुर



**एस एस** कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा छात्र छात्राओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से, स्वाबलंबी भारत के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के कॉमर्स विभाग के प्रो अशोक अग्रवाल ने बोलते हुए कहा कि भारत एक युवा देश है । इसकी जनसंख्या में सर्वाधिक आबादी युवाओं की है। इन युवाओं को नौकरी दे पाना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं है। इसलिए पढ़े-लिखे युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपना रोजगार स्थापित करना चाहिए। ऐसा करके वह न केवल स्वयं आत्मनिर्भर होंगे अपितु अपने व्यवसाय में और लोगों को भी रोजगार दे सकेंगे । प्रो अग्रवाल ने कहा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए यह आवश्यक है की स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रमों को कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि स्नातक डिग्री पाने तक छात्र स्वरोजगार स्थापित करने के विषय में आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर लें । इस अवसर पर कु बृज लाली ने बोलते हुए कहा महिलाओं के लिए स्वरोजगार के ऐसे अनेक अवसर है जो उन्हें घरेलू कार्यों को करते हुए आसानी से उपलब्ध है । इसलिए छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ घरेलू स्तर पर छोटे-छोटे व्यवसाय खोलने पर ध्यान देना चाहिए। वाणिज्य की शोध छात्रा कु सोनल मिश्रा ने कहा की छात्राएं कंप्यूटर और ई-मार्केटिंग क्षेत्र में आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकती हैं। उन्हें परंपरागत पढ़ाई के अलावा तकनीकी योग्यता भी हासिल करनी चाहिए। कार्यक्रम में डा कमलेश गौतम, डॉ गौरव सक्सेना, डॉ सचिन खन्ना ने भी अपने विचार रखे । अंत में विभागाध्यक्ष डॉ अनुराग अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तमंचा मय कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**निघासन-खीरी**। एसपी गणेश प्रसाद साहा के आदेशानुसार वारंटी वांछित तथा अन्य संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त इम्तियाज अहमद पुत्र रहीम बख्श निवासी मोहल्ला सैयद बाड़ा कस्बा व थाना निघासन को ग्राम अदलाबाद के पास स्थित जंगल से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की जामा तलाशी से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3\25 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है । पुलिस के अनुसार पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ पहले से गैंगस्टर एक्ट एवं गोवध अधिनियम सहित चार संगीन मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को रणनीति बनाकर चौकी प्रभारी झंडी राज सतीश द्विवेदी, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह तथा कांस्टेबल हरेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया।

# वैशाखी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई कामदगिरि की परिक्रमा

● मंदाकिनी गंगा में स्नान को लगा रहा आस्थावानों का जमावड़ा



संवाददाता। चित्रकूट

**भगवान** राम की तपोभूमि चित्रकूट में वैशाखी अमावस्या के उपलक्ष्य पर देशभर से लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने रामघाट पहुंच कर पतित पावनी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामतानाथ भगवान के जयकारे लगाते हुए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। वहीं यूपी-एमपी प्रशासन द्वारा मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

आदितीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात पोभूमि चित्रकूट में वैशाखी अमावस्या पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश समेत देशभर से लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम माता सती अनुसुइया के तपोबल से निकली जीवनदायिनी मंदाकिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद रामघाट में भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्यगेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान श्रीकामतानाथ के दर्शन-पूजन के बाद कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज,भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज,कामतानाथ प्राचीन मुखार बिंद के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज ने चित्रकूट तीर्थ की महिमा का बखान करते हुए बताया कि चित्रकूट विश्व का प्राचीनतम तीर्थ है। इसी पावन धाम में प्रभु श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 वर्षों का समय व्यतीत किया था। प्रभु श्रीराम ने ही चित्रकूट गिरि को कामदगिरि होने का वरदान दिया था।

# कांग्रेस नेता विनय तिवारी ने थामा भाजपा का दामन



संवाददाता। फतेहपुर

**कांग्रेसी** नेता रहे तत्कालीन सभासद विनय तिवारी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई तत्पश्चात उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा से प्रमोद द्विवेदी को सदर नगर पालिका का प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा से इतर सामाजिक लोगों ने चुनावी रणनीति बनाना शुरू किया। इसी के तहत तीन बार से लगातार सिविल लाइन से सभासद रहे विनय तिवारी चौथी बार सभासद का चुनाव लड़ रहे थे। साथ ही कांग्रेस से सदर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का टिकट भी मांग रहे थे। टिकट न मिलने पर वह निर्दलीय ही मैदान में कूद पड़े थे।

दो दिन से चल रही कवायद के बाद सिविल लाइन से भाजपा ने अपने प्रत्याशी का पर्चा वापस करा लिया और विनय तिवारी का चेयरमैनी का पर्चा वापस करा कर जिलाध्यक्ष ने विनय तिवारी को भाजपा में शामिल करा लिया। इस तरह से विनय तिवारी के पास चौथी बार लगातार सिविल लाइंस से सभासद बनने का रास्ता साफ हो गया है।

# त्योहार पर व्यवधान पैदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: जिलाधिकारी

● ईद पर डीएम-एसपी ने की तहजीब से त्यौहार मनाने की अपील



संवाददाता। उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में ईद उल फ़ितर त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये जाने हेतु विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समस्त धर्म गुरुओं के साथ आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद उल फितर 22 अप्रैल को त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं।

इसके लिए जिला प्रशासन की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेगी, मस्जिद ईदगाह के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी साथ ही विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित कराई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो सके। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में गहन निरीक्षण कर जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर का सर्वे कर लिया जाए जहां पर समस्या हो उसका तत्काल समाधान किया जाए जिससे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि ईद उल फ़ितर त्यौहार को पूरे सतर्कता एवं सजगता के साथ आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते रहे है और आगामी त्यौहार को भी भाईचारे के साथ मनाया जाएगा यह मुझे विश्वास है।

विभिन्न थानों से आए धर्मगुरुओं ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए मनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए जनपद को 6 जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सभी ईदगाहों व मस्जिदों में जहां अलविदा ईद की नमाज होगी वहां पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे।

# अमावस्या पर हुई गंगा आरती, स्वच्छता का संकल्प लेकर भक्तों ने किया दीपदान



**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति एंव नमामि गंगे द्वारा अमावस्या पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा अमावस्या पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। गायत्री परिवार के आर पी दीक्षित ने कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार पूजन सामग्री एवं कूड़ा ना डालें और गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सरकार प्रयत्न शील है। गंगा बचाओ सेवा समिति के द्वारा आए हुए सभी गंगा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## एसबीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुआ 7 छात्रों का प्लेसमेंट

**फतेहपुर।** मलवां कस्बा में स्थित एसबीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बीफार्मा व डीफार्मा के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कंपनियों द्वारा संस्थान में आकर छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान 30 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया, जिसमें से 07 छात्रों का प्लेसमेंट दिल्ली की कम्पनी बार्नेट फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ. गुलजार आलम के प्रयासों से इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन संभव हो सका, जिसमें बीफार्म व डीफार्म के छात्रों को शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ईद को लेकर बाजार गुलज़ार



**फतेहपुर।** शनिवार की संभावित ईद को लेकर गुरुवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी। जिसके चलते बाजार में पैर रखने की जगह कम पड़ गयी। त्योहार में 36 घंटे मानकर चल रहे लोगों ने ईद पर परोसे जाने वाले व्यंजनों सेंवई-सूतफेनी के अलावा मेवों की जमकर खरीददारी की। उधर महिलाएं चूड़ी व अपने अन्य श्रृंगार की वस्तुओं की भी देर रात तक आवाजाही बनाये रहीं। भारी भीड़ के मद्देनजर चौक चौराहे, चूड़ी वाली गली व चौगलिया तिराहे पर पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनात किया गया है। इनमें महिला आरक्षी भी शामिल हैं। पुलिस उपाधीक्षक नगर ने शहर कोतवाल अमित कुमार मिश्रा के अलावा पुलिस बल के साथ बाजार का भ्रमण किया जा रहा है। चौक चौराहे से चूड़ी वाली गली तक चार पहिया वाहनों पर रोक लगा दी गयी है। बताते चलें कि गुरुवार को 28वां रोजा था। शनिवार को ईद की संभावना के चलते त्योहार में 36 घंटे शेष रह जाने की उम्मीद के आधार पर रेडीमेड कपड़ों, जूता, चप्पल की दुकानों के अलावा महिलाओं की चूड़ी की दुकानों पर भारी भीड़ रही।

# सपा ने वार्डों के लिए घोषित किये प्रत्याशी

संवाददाता। चित्रकूट

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की मंजूरी से नगर पालिका परिषद वार्ड मेम्बरों के प्रत्याशी घोषित किये हैं।

गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने वार्ड एक चितरागोकुलपुरी मुन्नालाल सोनकर, वार्ड दो मणिकुंज निराशा केशरवानी, वार्ड तीन एसडीएम कालोनी श्रीमती पूजा देवी, वार्ड पांच राघवपुरी संदीप प्रजापति, वार्ड छह तुलसी नगर शंकरलाल वर्मा, वार्ड आठ ट्रांसपोर्ट नगर मेवालाल चक्रवर्ती, वार्ड नौ शंकरगंज श्रीमती कुसुमा देवी, वार्ड 11 तीर्थराजपुरी मंजू देवी, वार्ड 13 कामदगिरि नगर अजय कुमार पटेल, वार्ड 15 सीतापुर श्रीमती अंशु देवी निषाद, वार्ड 16 भरतपुरी मो लतीफ उर्फ शहजादे, वार्ड 17 जानकीपुरी राधेश्याम निषाद, वार्ड 18 पुरानी बाजार राकेश मिश्र, वार्ड 19 द्वारिकापुरी श्रीमती जुबेदा बेगम, वार्ड 20 रामपुरी सुशील कुमार श्रीवास्तव, वार्ड 21 शास्त्री नगर अवधेश जायसवाल, वार्ड 22 जगदीशगंज गन्नू गुप्ता, वार्ड 23 गांधीगंज सुभाष सोनी, वार्ड 24 गोकुलपुरी श्रीमती मैना देवी, वार्ड 25 बलदाऊगंज अजय यादव को प्रत्याशी घोषित किया है।

नगर पंचायत राजापुर के वार्ड एक हनुमानगंज से जितेन्द्र सोनकर, वार्ड दो काशीनगर रचना देवी, वार्ड तीन गोस्वामी नगर रामसंवारी, वार्ड चार दिलीप नगर दिलीप सोनकर, वार्ड पांच आजाद नगर गजराज, वार्ड छह माताबदल, वार्ड सात माधवगंज जुगुलकिशोर, वार्ड आठ एकलव्य नगर अजय मोदनवाल, वार्ड नौ गयागंज श्रीमती कविता देवी, वार्ड दस कालिंदी नगर सीता देवी, वार्ड 11 पं दीनदयाल नगर सुधीर कुमार, वार्ड 12 कृष्णानगर प्रियांशू जायसवाल, वार्ड 14 विनीता देवी, वार्ड 15 सौरभ राजन प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। मानिकपुर नगर पंचायत के वार्ड तीन इन्द्रानगर पंकज जायसवाल, वार्ड चार जवाहरनगर श्रीमती विजेता यादव, वार्ड सात पटेल नगर प्रीतमलाल, वार्ड नौ शिवनगर संजय तोमर, वार्ड 10 आर्यनगर बुद्धीलाल केशरवानी, वार्ड 11 महावीरनगर गुलाम मुस्तफा, वार्ड 12 शास्त्रीनगर कृतेश्वर मिश्रा प्रत्याशी घोषित किये गये हैं।

नगर पंचायत मऊ के वार्ड एक अम्बेडकर नगर श्रीमती कान्ती देवी पासी, वार्ड दो स्वतंत्रतासेनानी नगर सुरेश कुमार, वार्ड तीन शिवनगर राममिलन, वार्ड पांच यमुना नगर श्रीमती सोना देवी, वार्ड छह आदर्श नगर रितिक केशरवानी, वार्ड आठ संकटमोचन नगर शुभम कुमार, वार्ड 12 अटल नगर बालगोविन्द निषाद, वार्ड 13 दीनदयाल नगर से आनन्द कुमार शुक्ला प्रत्याशी घोषित किये गये।

# शिकायत पर सड़कों की जांच को शासन से आई टीएसी टीम

संवाददाता। हमीरपुर

**लोक** निर्माण विभाग द्वारा कुरारा व सुमेरपुर में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई सड़कों की जांच के लिए लखनऊ से आई दो सदस्यीय टेक्निकल आडिट सेल (टीएसी) ने छह इंच तक सड़क को खोदकर उसका नमूना लिया और जांच के लिए संबंधित प्रयोगशाला भेज दिया। इन सड़कों में घटिया सामग्री लगाने की शिकायत सदर क्षेत्र से विधायक डा. मनोज प्रजापति ने शासन से की थी।

लखनऊ से आई दो सदस्यीय टीम में शामिल मुख्य प्राविधिक परीक्षक महेश चंद्र व प्राविधिक परीक्षक (टीइ) सुनील कुमार ने बताया कि पचखुरा से झझरिया मार्ग का निर्माण दो वर्ष पूर्व कराया गया था। जिसकी लंबाई करीब 2.3 किलोमीटर है। इसी प्रकार सुमेरपुर से देवगांव सड़क की लंबाई 12.6 किलोमीटर है। इसी प्रकार से कुरारा मनकी रोड से निरनी शंकर मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग का निर्माण करीब एक वर्ष पूर्व कराया गया था। इसके साथ ही नकटी देवी मंदिर जिसे बने हुए तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन सभी मार्गों में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। सड़क निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे। इधर सदर विधायक का मानना है कि सड़क में घटिया सामग्री लगाई गई है। जिसकी उन्होंने लिखित शिकायत शासन से की थी। शासन ने लखनऊ से दो सदस्यीय टेक्निकल आडिट सेल (टीएसी) टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और हर सड़क का नमूना लेकर लैब में जांच के लिए भिजवा दिया है। उनके साथ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बीएल वर्मा मौजूद रहे। बताया जाता है कि लोनिवि द्वारा बनायी गयी ज्यादा सड़के असमय टूट जाती हैं। हालाकि विभागीय अधिकारी जांच में आकर लीपापोती कर देते हैं।

# गेहूं क्रय केंद्र पर भड़का किसानों का आक्रोश



संवाददाता। कदौरा, जालौन

**ठेकेदार** पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाते हुये अनेकों किसानों ने हंगामा काटा जिससे काफी देर तक गेहूं की तुलाई का कार्य बाधित रहा। बाद में आक्रोशित किसानों से केंद्र प्रभारी बोली अधिकारियों को अवगत करा दिया है। नगर के कृषि मंडी में स्थित गेंहू खरीद केंद्र में गुरुवार दोपहर उस समय किसानों ने हंगामा काट दिया जब ठेकेदार द्वारा किसानों से गेंहू के ढेर में झाड़ू लगवाने के नाम पर बीस-बीस रुपये मांगे। किसानों ने जब विरोध किया तो वहां मौजूद ठेकेदार के लोगों ने किसानों से अभद्रता कर दी। किसी तरह केंद्र प्रभारी ने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया।

गुरुवार दोपहर क्षेत्र के इटौरा बावनी, बड़ागांव, मरगांया व बागी गांव के किसान गेंहू बेचने के लिए आए थे। केंद्र में मौजूद ठेकेदार के कुछ लोगों ने किसानों से गेंहू में झाड़ू लगाने के नाम पर एडवांस में बीस बीस रूपये प्रति कुंतल की मांग कर दी। जिस पर किसान बृजेश कुमार, अनिल यादव, रामकृपाल, सुरेंद्र कुमार आदि ने रुपये देने से इंकार करते हुए आदेश दिखाने की मांग की। लेकिन ठेकेदार के लोग नहीं माने उन्होंने गेंहू तौल रुकवा दी। जिस पर नाराज किसानों ने हंगामा करने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची केंद्र प्रभारी विपणन ने किसानों को समझाकर शांत किया। दिया।

## हनुमंत साधना धाम मंदिर में रामकथा और हनुमान महायज्ञ का आयोजन शुरू



**जालौन,** उरई। श्रीहनुमंत साधना धाम मंदिर परिसर में चतुर्थ रामकथा सप्ताह, 5 कुंडीय हनुमान महायज्ञ एवं 20वां सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। काफी संख्या में भक्तों ने कलश यात्रा में भाग लिया। प्राचीन छठी माता मंदिर के पास श्रीहनुमंत साधना धाम परिसर में चतुर्थ रामकथा सप्ताह रसपान, 5 कुंडीय हनुमान महायज्ञ एवं 20वां वार्षिक सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पहले दिन शुभमुहूर्त में कथा स्थल से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिला भक्त अपने सिरों पर कलश रखे हुए आगे बढ़ रही थीं। वहीं, भक्तिगीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे।

# परिक्रमा में बिछड़ी बालिका को परिजनों से मिलाया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी आपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग ने परिक्रमा में परिजनों से बिछड़ी सात वर्षीय बालिका कु अंजली को सी-प्लान एप का प्रयोग कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग से गुरुवार को दोपहर डेढ बजे परिक्रमा मार्ग चौकी के पास सात वर्षीय बालिका कु अंजली मिली। अपने पिता का नाम मोनू पाल व गांव का नाम बरिया बताया। चौकी प्रभारी हरिशचन्द्र मिश्रा की टीम तत्काल बुद्धि कौशल का प्रयोग कर सी-प्लान एप से बरिया प्रधान से वार्ताकर कु अंजली पिता मोनू पाल को बच्ची के खोने सम्बन्धी जानकारी दी। कु अंजली के पिता ने बताया कि पुत्री अपनी बुआ व भाई के साथ परिक्रमा लगाने गई थी। मोनू पाल ने फोन से बहन श्रीमती सुन्नी को अंजली के बारे में बताया। चौकी प्रभारी ने अंजली को उसकी बुआ श्रीमती सुन्नी व भाई प्रीतम पाल के सुपुर्द किया।

# सनी सिंह के दरवाजे लगी बैरीकेडिंग ग्रामीणों के लिये बनी जी का जंजाल



**कुरारा,** हमीरपुर। कस्बा कुरारा में अतीक अहमद ,अशरफ की हत्या में नामजद आरोपी सनी सिंह उर्फ पुराने सिंह के भाई के घर पर पांच दिन से रात दिन पुलिस बल तैनात हैं। वही आज एसआईटी टीम आने की जानकारी मिलने पर लोगो की मौजूदगी रही। रास्ते में बैरीकेडिंग लगाने से ग्रामीणों को आने जाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार रात में प्रयागराज में अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या में नामजद आरोपी सनी सिंह उर्फपुराने सिंह का निवास स्थान कस्बा कुरारा में है। इसका बड़ा भाई पिंटू सिंह अपने परिवार के साथ रहता है। तथा इस घटना के बाद से रविवार को सुबह से भारी पुलिस बल इसके आवास पर लगा दिया गया था। आज पांचवे दिन भी थाना प्रभारी पवन कुमार पटेल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वही इस मामले की जांच के लिए एसआईटी टीम के आने की जानकारी सुबह हुई तो काफी लोग उसके दरवाजे पर मौजूद रहे। वही इस के आवास के तीन तरफ से पुलिस द्वारा बेरीकेटिंग लगाई गई है। तथा एक रास्ते से हल्के वाहन निकलने की रास्ता दी गई है। इस मोहल्ले के किसान बताते हैं कि रात में भूसा लेकर आने पर टैक्टर ट्राली नहीं निकल पाते हैं। तथा बाजार से चक्कर लगा कर आना पड़ता है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर ग्राम प्रधान के भतीजे की मौत

**फर्रुखाबाद।** ट्रैक्टर के नीचे दबने से ग्राम प्रधान के भतीजे की मौत गत रात ट्रैक्टर से भूसा लेने जा रहा ग्राम प्रधान का भतीजा ट्रैक्टर के नीचे दबने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंच,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर हुसैनपुर निवासी 30 वर्षीय अनूप पुत्र सियाराम शाक्य जो की ग्राम प्रधान मुलायम शाक्य के भतीजे है बीती रात अनूप ट्रैक्टर.ट्राली लेकर भूसा लेने गया था। तभी परमपुर मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया जिससे अनूप टेक्टर के नीचे दब गया जिसकी सूचना मिलने पर परिजन मौके पर आ गए परिजनियो ने अनूप को ट्रैक्टर से निकलकर कादरीगेट थाना क्षेत्र में स्थित आवास विकास निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस ने नगर निकाय अध्यक्ष पद के चार प्रत्याशी किए घोषित

**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस ने प्रदेश कमेटी के निर्देश पर नगर पालिका एवम् नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद के चार प्रत्याशियों को घोषित कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज गंगवार ने बताया कि कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सरवर हुसैन पुत्र साबिर हुसैन,नगर पंचायत नवाबगंज के अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार पुत्र महेश चंद्र राठौर, नगर पंचायत शमशाबाद के अध्यक्ष पद पर श्रीमती बेबी पाल पत्नी राकेश पाल,नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर के अध्यक्ष पद पर विजय पाल पुत्र पातीराम को प्रत्याशी घोषित किया गया। सभी प्रत्याशी को पार्टी का सिंब्बल भी दिया जा रहा है। श्री गंगवार ने बताया कि बाकी बचे पांच नगर पालिका व नगर पंचायत के प्रत्याशियों की जल्द घोषणा की जायेगी।

# पेज एक का शेष

## गुजरात के...

हुई है। मामले में 86 अभियुक्तों में से 82 का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता चेतन शाह ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि निर्दोषों को बरी कर दिया जाए। उन्होंने इसके लिए अदालत में 7,719 पृष्ठों में एक लिखित तर्क प्रस्तुत किया। पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता शहशाद पठान ने कहा कि बरी करने के आदेश को गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। पठान ने कहा कि हम उन आधारों का अध्ययन करेंगे जिसपर विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को बरी करने का फैसला किया और आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ितों को न्याय से वंचित कर दिया गया है। सवाल यह है कि पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में 11 लोगों को किसने जलाया। बरी किए गए आरोपियों में से एक ने कहा कि विशेष अदालत के फैसले ने उन लोगों का पर्दाफाश कर दिया है जिन्होंने उसके जैसे निर्दोष लोगों को फंसाने की साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि सच की हमेशा जीत होती है, आज फिर साबित हो गया। एक दिन पहले गोधरा स्टेशन के पास भीड़ द्वारा साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 बोगी में आग लगाने के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद के नरोदा गाम क्षेत्र में दंगे भड़क गए थे। ट्रेन की बोगी में आगजनी की घटना में कम से कम 58 यात्री, जिनमें ज्यादातर अयोध्या से लौट रहे कारसेवक थे, जलकर मर गए थे। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, जो अब केंद्रीय गृह मंत्री हैं, सितंबर 2017 में कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में निचली अदालत में पेश हुए थे। भाजपा की पूर्व मंत्री कोडनानी ने अदालत से अनुरोध किया था कि शाह को यह साबित करने के लिए बुलाया जाए कि वह गुजरात विधानसभा में और बाद में अहमदाबाद के सोला सिविल अस्पताल में मौजूद थीं, न कि नरोदा गाम में, जहां नरसंहार हुआ था। कोडनानी को अहमदाबाद के नरोदा पाटिया इलाके में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों से संबंधित मामले में निचली अदालत द्वारा अलग से दोषी ठहराया गया था और 28 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। नरोदा पाटिया में 97 लोगों की हत्या कर दी गई थी। नरोदा गाम में नरसंहार 2002 के उन नौ बड़े सांप्रदायिक दंगों के मामलों में से एक था, जिसकी जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी ने की थी और जिसकी सुनवाई विशेष अदालतों ने की थी।

## राहुल को...

कहा कि सत्र अदालत के आदेश को गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सत्र अदालत ने निचली अदालत के 23 मार्च के फैसले के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख तय की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तीन अप्रैल को सत्र अदालत का रुख किया था। उनके वकील ने गांधी को दो साल की सजा के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर मुख्य अपील के साथ दो अर्जियां भी दायर की थीं, जिनमें एक अर्जी जमानत के लिए थी, जबकि दूसरी अर्जी मुख्य अपील के निस्तारण तक दोषसिद्धि पर रोक के लिए थी। गांधी की अर्जी खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि उनके वकील यह प्रदर्शित करने में विफल रहे कि यदि उन्हें (गांधी को) दोषसिद्धि पर रोक न लगने के कारण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत चुनाव लड़ने के अवसर से वंचित किया जाता है, तो उन्हें ऐसा नुकसान होगा जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद बने थे।

## फैसला गांधी...

राहुल की दोषसिद्धी पर रोक संबंधी अर्जी आज खारिज कर दी।गत 23 मार्च को सूरत की एक निचली अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था और दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दे दिया गया था। पात्रा ने कहा, यह भारत के आम लोगों और पिछड़े वर्गों की जीत है। यह न्यायपालिका की भी एक बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद देश में जश्न का माहौल है।

## भारत में...

ही हफ्तों से चली आ रही इन अटकलों पर विराम लग गया कि भुट्टो व्यक्तिगत रूप से सम्मेलन में हिस्सा लेंगे या नहीं। इससे पहले पाकिस्तान की तत्कालीन विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने 2011 में भारत का दौरा किया था। मई 2014 में, पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत आए थे।

## सीयूईटी-पीजी...

जबकि स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा के लिए इसे वैकल्पिक रखा गया है। केंद्रीय, राजकीय और निजी सहित कुल 180 विश्वविद्यालय सीयूईटी-पीजी के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। स्नातकोत्तर परीक्षा प्रति दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जबकि, यूजीसी ने इस साल से स्नातक परीक्षा को तीन पालियों में आयोजित करने का फैसला किया है। अधिकारी ने बताया, सीयूईटी-पीजी, 2023 में शामिल होने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। जो उम्मीदवार स्नातक डिग्री और समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं या 2023 में उपस्थित हो रहे हैं, चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, वो परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं। हालांकि, उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के आयु मानदंड को पूरा करना होगा जिसमें वे प्रवेश लेने के इच्छुक हैं।

## आराध्या बच्चन...

तरह से असहनीय है। अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में, गूगल से वादी को वीडियो अपलोड करने वालों के विवरण के बारे में सूचित करने के लिए भी कहा और स्पष्ट किया कि इस तरह के वीडियो, जब भी गूगल के संज्ञान में लाए जाते हैं, उन्हें हटा दिया जाए। अदालत ने गूगल के वकील से कहा, उचित प्रचार-प्रसार देखने की जिम्मेदारी आपकी है। आप एक ऐसा मंच प्रदान कर रहे हैं जिस पर जनता को गलत जानकारी दी जा रही है। ऐसी बात कैसे बर्दाश्त की जा सकती है? उसने कहा, यूट्यूब दान के लिए नहीं चलता है। यह मुनाफा कमाने का मंच है। अगर आप पैसे कमा रहे हैं। आपकी सामाजिक जिम्मेदारी है। आप अपने मंच को इस तरह के वीडियो चलाने की इजाजत नहीं दे सकते। अदालत ने गूगल से मध्यस्थता नियमों के मद्देनजर अपने मंच यूट्यूब पर इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री से निपटने के लिए अपनी नीति को विस्तार से बताते हुए एक जवाबी हलफनामा भी सौंपने का निर्देश दिया।

## बुद्ध के...

का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज यह समय की मांग है कि हर व्यक्ति की, हर राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के हित के साथ ही विश्व हित भी हो। उन्होंने कहा, एक बेहतर और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए यही एक मार्ग है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें विश्व को सुखी बनाना है तो हमें स्व से निकलकर संसार और संकुचित सोच को त्यागकर समग्रता का मंत्र अपनाना होगा और यही बुद्ध का भी मंत्र है। मोदी ने कहा कि सभी को अपने आस-पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साथ ही संसाधनों के अभाव से जूझ रहे देशों के बारे में सोचना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बात सर्व स्वीकार्य है कि आज का यह समय इस सदी का सबसे चुनौतीपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर महीनों से दो देशों में युद्ध चल रहा है तो वहीं दुनिया आर्थिक अस्थिरता से भी गुजर रही है। आतंकवाद और मज़हबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौती पूरी मानवता के अस्तित्व पर आफत बनकर मंडरा रही है। ग्लेशियर्स पिघल रहे हैं। पारिस्थितिकीय तंत्र नष्ट हो रहे है। प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे आप जैसे करोड़ों लोग भी हैं जिन्हें बुद्ध में आस्था है और जीव मात्र के कल्याण में विश्वास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक विश्व की ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान सैंकड़ों वर्ष पहले दिए गए बुद्ध के उपदेशों में न हो। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस युद्ध और अशांति से पीड़ित है, उसका समाधान बुद्ध ने सदियों पहले दे दिया था। कुछ साल पहले संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषाण को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने गर्व के साथ कहा था कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिए हैं। उन्होंने कहा, जहां बुद्ध की करुणा हो, वहां संघर्ष नहीं समन्वय होता है, अशांति नहीं शांति होती है। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी संस्कृति मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से कर रहा है।

## आठ महीने...

अभी 65,286 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है। भारत में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.67 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,42,61,476 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

# एक दिन नाटो में शामिल होगा यूक्रेन : स्टॉल्टनबर्ग

● देश को लगातार सहयोग प्रदान करने का वादा किया



भाषा। कीव

**उत्तर अटलांटिक** संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टॉल्टनबर्ग ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन संगठन में शामिल होने का हकदार है। उन्होंने पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद अपनी पहली यूक्रेन यात्रा के दौरान देश को लगातार सहयोग प्रदान करने का वादा किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्टॉल्टनबर्ग से यूक्रेन को लड़ाकू विमान, तोप और बख्तरबंद उपकरणों समेत अधिक मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। स्टॉल्टनबर्ग ने यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यों का समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नाटो के नेताओं ने वर्ष 2008 में कहा था कि एक दिन यूक्रेन संगठन में शामिल होगा, जिसे स्टॉल्टनबर्ग ने एक बार फिर दोहराया। हालांकि संगठन ने यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की है। स्टॉल्टनबर्ग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं साफतौर पर कहना चाहता हूं कि यूक्रेन यूरोपीय-अटलांटिक परिवार में यूक्रेन का उचित स्थान है। नाटो में यूक्रेन का वाजिब स्थान है। स्टॉल्टनबर्ग ने कहा कि उन्होंने और जेलेंस्की ने सहायता कार्यक्रम पर चर्चा की है। उन्होंने कहा, नाटो आज, कल और हमेशा आपके साथ खड़ा है। नाटो महासचिव पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद से पहली बार यूक्रेन पहुंचे हैं। इस बीच, रूस ने आगाह किया है कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होना चाहिए। रूस सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से रोकना रूस का एक लक्ष्य रहा है। पेस्कोव ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यूक्रेन के नाटो में शामिल होने से हमारे देश और इसकी सुरक्षा के सामने गंभीर खतरा पैदा होगा। रूस युद्ध को लेकर कई और अलग-अलग तरह के स्पष्टीकरण दे चुका है, लेकिन वह हालिया वर्षों में उसके आसपास के देशों के नाटो में शामिल होने पर कई बार चिंता जाहिर कर चुका है। रूस को डर है कि यूक्रेन भी नाटो में शामिल हो सकता है। नाटो की स्थापना सोवियत संघ पर शिकंजा कसने के लिए की गई थी। लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही है कि नाटो परमाणु शक्ति संपन्न रूस के खिलाफ युद्ध में कूद सकता है। इस महीने की शुरुआत में फिनलैंड के नाटो में शामिल होने से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़ा झटका लगा था। यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं है। 31 देशों का यह संगठन यूक्रेन सरकार को केवल जनरेटर, चिकित्सा उपकरण, सैन्य वर्दियां या अन्य सामान की आपूर्ति करता है।

# ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया में नजर आया सूर्य ग्रहण

भाषा। मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के तटीय शहर एक्समाउथ में बृहस्पतिवार को तड़के दुर्लभ सूर्य ग्रहण नजर आया, जिसे देखने करीब 20,000 लोग जुटे। सूर्य ग्रहण के कारण करीब एक मिनट तक उत्तर पश्चिमी तट पर दिन में अंधेरा छाया रहा। तीन हजार से कम निवासियों वाले इस दूरस्थ पर्यटक शहर को ग्रहण देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया में सबसे अच्छे गंतव्य में से एक के रूप में प्रचारित किया गया था, जो इंडोनेशिया और ईस्ट तिमोर के हिस्सों से भी जुड़ा है। सूर्य ग्रहण देखने के लिए एक्समाउथ में अंतरराष्ट्रीय पर्यटक पिछले कई दिनों से जुट रहे थे। ए लोग ग्रहण का नजारा लेने के लिए अपने साथ दूरबीन, कैमरे और अन्य उपकरण लेकर पहुंचे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के खगोलशास्त्री हेनरी थ्रूप भी सूर्य ग्रहण देखने एक्समाउथ पहुंचे। ग्रहण के बाद हेनरी ने कहा, अविश्वसनीय नजारा है। इतना तेज, इतना चमकीला .....। सूर्य के आसपास कोरोना स्पष्ट नजर आ रहा है। केवल एक ही मिनट लंबा था लेकिन वास्तव में यह लंबे समय का और अद्भुत अहसास करा गया। दिलचस्प बात है कि जब हम लोग ग्रहण देख रहे थे, तभी हमने बृहस्पति और बुध ग्रहों को भी स्पष्ट देखा। दिन में बुध का दिखना बहुत ही दुर्लभ है। उल्लेखनीय है कि कोरोना सूर्य के वातावरण का सबसे बाहरी हिस्सा है। कोरोना आमतौर पर सूर्य की सतह के तेज प्रकाश से छिपा रहता है। इसे विशेष उपकरणों का उपयोग किए बिना देखना मुश्किल होता है। हालांकि, कोरोना को पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान देखा जा सकता है। सूर्य ग्रहण देखने के लिए उत्साहित जूली कॉप्सन करीब 1,000 किलोमीटर का सफर तय करके फ्रेमेंटल शहर से एक्समाउथ पहुंचीं। मैं काफी भावुक महसूस कर रही हूं। ग्रहण के दौरान तापमान काफी गिर गया था। ग्रहण के दौरान तापमान में अचानक पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई, जो इससे पहले करीब 29 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, इंडोनेशिया की राजधानी में आंशिक ग्रहण देखने के लिए जकार्ता तारामंडल में सैकड़ों लोग पहुंचे। अजका अजहरा (21) दूरबीन के जरिए सूर्य ग्रहण को करीब से देखने के लिए अपनी बहन और दोस्तों के साथ आईं थीं। बादल छाए रहने के बावजूद मैं अभी भी यहां आकर खुश हूं। यह देखकर खुशी हुई कि कैसे पूर्ण उत्साह के साथ लोग यहां ग्रहण देखने आए हैं क्योंकि ऐसा बहुत कम होता है।

## इमरान खान के सहयोगी बने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसद चौधरी अनवारुल हक को बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का प्रधानमंत्री चुना गया। पूर्व प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इलियास खान को क्षेत्र के उच्च न्यायालय द्वारा शीर्ष न्यायपालिका को बदनाम करने के कारण अयोग्य ठहराए जाने के बाद पिछले सप्ताह शीर्ष पद खाली हो गया था।

## इमरान के इंस्टाग्राम प्रमुख का लाहौर में अपहरण

**लाहौर।** पाकिस्तान में अधिकारियों ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के खिलाफ संघीय सरकार की कार्वाई के तहत बृहस्पतिवार को यहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के इंस्टाग्राम प्रमुख को कथित तौर पर अगवा कर लिया।

## क्यूबाः राष्ट्रपति मिगेल डियास-कानेल के नए कार्यकाल को मंजूरी

**हवाना।** क्यूबा की नेशनल असेंबली ने बुधवार को राष्ट्रपति मिगेल डियास-कानेल के पांच साल के नए कार्यकाल को मंजूरी दे दी। द्वीपीय देश के गहरे आर्थिक संकट में घिरे होने के दौरान यह फैसला किया गया। नेशनल असेंबली के 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने बुधवार तड़के पद ग्रहण किया और फिर सरकार के नेतृत्व तथा राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए सदन की बैठक बुलाई। ए प्रतिनिधि देश में मार्च में हुए चुनाव में चुने गए थे। थी।

## दक्षिण कोरिया के मशहूर बैंड एस्ट्रो के गायक मून बिन अपने घर में मिले मृत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मशहूर बैंड एस्ट्रो के गायक मून बिन सियोल में अपने घर पर मृत मिले है। उनकी प्रबंधन एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गायक की उम्र 25 वर्ष थी। मून के प्रबंधक को कथित तौर पर वह उनके घर में बुधवार शाम मृत मिले। कई बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद मून की ओर से कोई जवाब नही मिलने पर प्रबंधक उनके घर गए थे। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योन्हाप के अनुसार, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कांगो के गांव पर विद्रोहियों के हमले में 20 लोगों की मौत

**किन्शासा।** पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विद्रोहियो ने एक गांव पर हमला कर कम से कम 20 लोगो की हत्या कर दी और कई अन्य लोगो का अपहरण कर लिया। एक नागरिक संगठन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नागरिक संगठन मैमोव के अध्यक्ष किनोस कतुहो ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) ने बुधवार को साम्बोको गांव में नागरिकों पर हमला किया।

## मिस्र ने सूडान में फंसे अपने सैन्यकर्मियों को सकुशल निकाला

**खार्तूम।** मिस्र ने सूडान के अर्धसैनिक बल द्वारा हिरासत मे लिए गए अपने दर्जनो सैन्यकर्मियो को बृहस्पतिवार को सकुशल निकाल लिया। सूडान में सत्ता नियंत्रण को लेकर सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच संघर्ष जारी है। सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच संघर्ष विराम का नवीनतम प्रयास नाकाम दिख रहा है क्योंकि राजधानी खार्तूम में भीषण गोलाबारी होने की खबर है। हिंसा को रोकने के लिए वैश्विक दबाव विफल रहने के बाद जापान और नीदरलैंड ने सूडान से अपने नागरिकों की निकासी के लिए परिवहन विमानों का सहारा लिया। आरएसएफ ने मेरोव हवाई अड्डे पर हमले के दौरान मिस्र की वायु सेना के तकनीकी पेशेवरों को हिरासत में ले लिया था।

## अमेरिकी अदालत ने राणा की याचिका खारिज की, प्रत्यर्पण पर 30 दिन में फैसला होने की संभावना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमला मामले में वांछित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की अभियोजन पक्ष के साथ बैठक संबंधी एक याचिका (स्टेटस कॉन्फ्रेंस) यह कहते हुए खारिज कर दी कि अगले 30 दिन में उसे भारत को प्रत्यर्पित किए जाने पर फैसला आ जाने की उम्मीद है। लॉस एंजिलिस, कैलिफोर्निया के जिला न्यायालय की न्यायाधीश जैकलीन चूलजियान ने जून, 2021 में इस मुद्दे पर पिछली सुनवाई की थी और जुलाई 2021 में कागजातों का आखिरी सेट अदालत में सौंपा गया था। इस अदालत ने राणा को भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर फैसला अभी सुनाया नहीं है। पिछले महीने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में राणा (62) ने अनुरोध किया कि अदालत अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष को इस मामले पर तथा अपराध कबूल करने पर सजा कम करने संबंधी प्रावधान पर चर्चा करने की अनुमति दे।

# अमेरिका आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में भारत का देगा साथ



भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि बाइडन प्रशासन आर्थिक विकास और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए क्वॉड जैसे समूहों में भारत के साथ मिलकर काम करने को लेकर प्रतिबद्ध है। नवंबर 2017 में, भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के सिलसिले में नई रणनीति बनाने के लिए क्वॉड की स्थापना की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे ने बुधवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका और भारत के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं और इसमें व्यापार संबंध भी शामिल हैं। ज्यां-पियरे ने कहा, हम अपने दोनों देशों के आर्थिक विकास और हमारी साझा प्राथमिकताओं में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से क्वॉड जैसे समूहों में एक साथ काम करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनसे पूछा गया था कि भारत चीन को पछाड़कर अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार बन रहा है, जिसपर उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मार्च 2021 में डिजिटल माध्यम से क्वॉड नेताओं के पहले शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी और चीन को संदेश देते हुए एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई थी, जो स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, लोकतांत्रिक मूल्यों से बंधा हुआ हो। चीन, दक्षिण चीन सागर के लगभग 13 लाख वर्ग मील के क्षेत्र को अपना क्षेत्र बताता है। चीन ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम के दावे वाले क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य ठिकानों का निर्माण कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों के कारण 2022-23 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 7.65 प्रतिशत बढ़कर 128.55 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2021-22 में यह 119.5 अरब अमेरिकी डॉलर था। 2020-21 में यह 80.51 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## अमेरिका, भारत को चीन से एक जैसी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा : अमेरिकी कमांडर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष कमांडर ने बुधवार को यहां कहा कि भारत और अमेरिका चीन से एक समान सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी उत्तरी सीमा की सुरक्षा में जुटे भारत को बाइडन प्रशासन न केवल ठंड के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध करवा कर सहायता पहुंचा रहा है बल्कि वह उसे अपना औद्योगिक आधार विकसित करने की उसकी कोशिश में भी मदद कर रहा है। अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन क्रिस्टोफर एक्विलिनो ने हिंद-प्रशांत राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को लेकर प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को बताया, हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देते हैं और समय के साथ हम इसे बढ़ा रहे हैं। उनके समक्ष भी वही सुरक्षा चुनौती है, प्राथमिक सुरक्षा चुनौती है जिसका सामना हम करते हैं और वाकई उनकी उत्तरी सीमा पर यह समस्या है। एडमिरल ने कहा, उस सीमा पर पिछले नौ या 10 महीनों में दो झड़पें हुई हैं क्योंकि चीन की तरफ से उन्हें सीमा पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। एडमिरल जॉन क्रिस्टोफर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर भारतीय नागरिक ब्रिटेन में गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन और बेल्जियम के पते वाले एक भारतीय नागरिक को अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने लंदन में गिरफ्तार किया है। यह कदम आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ ब्रिटेन-अमेरिका की समन्वित कार्वाई के तहत उठाया गया है। सुंदर नागराजन उर्फ नागराजन सुंदर पूंगुलम के. नागा को पुलिस की राष्ट्रीय प्रत्यर्पण इकाई ने मंगलवार को पश्चिम लंदन स्थित हायस इलाके से गिरफ्तार किया। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी और धन शोधन अपराधों के लिए वांछित नागराजन को जमानत से इंकार किए जाने के बाद उसे अगले सप्ताह लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश होना है। मदुरै में जन्मे 65 वर्षीय नागराजन को 50 वर्षीय उस आरोपी की वेल्स में गिरफ्तारी के बाद पकड़ा गया, जिस पर आतंकवाद के वित्तपोषण में लिप्त होने का संदेह है।

### 2,400 भाषाओं पर शोध के अनुसार दुनिया की लगभग आधी भाषा विविधता खतरे में

**कैनबरा।** दुनिया में 7,000 से अधिक भाषाएँ हैं, और उनके व्याकरण में बहुत भिन्नता है। भाषाविद इस भिन्नता में दिलचस्पी रखते हैं क्योंकि इसके आधार पर वह हमें हमारे इतिहास, हमारी संज्ञानात्मक क्षमताओं और मानव होने का अर्थ बताते हैं। लेकिन इस महान विविधता को खतरा है क्योंकि बहुत सी भाषाएं बच्चों को नहीं सिखाई जा रही हैं और वह खत्म होती जा रही हैं। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक नए पेपर में, हमने ग्रामबैंक नाम से भाषा व्याकरण का एक व्यापक डेटाबेस लॉन्च किया है। इस संसाधन के साथ, हम भाषा के बारे में कई शोध प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं और देख सकते हैं कि यदि संकट को रोका नहीं गया तो हम कितनी व्याकरणिक विविधता खो सकते हैं।

### विदेश मंत्री जयशंकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस से कर सकते हैं मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्री एस जयशंकर यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात कर सकते हैं। जयशंकर गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमेनिकन गणराज्य की नौ दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए हैं जो शुक्रवार से शुरू होगी। यह विदेश मंत्री के रूप में इन लैटिन अमेरिकी और कैरिबियन देशों की उनकी पहली यात्रा है। जयशंकर बृहस्पतिवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मुलाकात कर सकते हैं। जयशंकर ने पिछली बार गुतारेस से दिसंबर 2022 में संरा मुख्यालय में मुलाकात की थी जब भारत एक महीने तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष रहा था।

## लापता भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू गंभीर हालत में जीवित मिले



भाषा। काठमांडू,

**नेपाल के अन्नपूर्णा** पर्वत से एक गहरी हिम दरार में गिरने के बाद सोमवार से लापता भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू बचावकर्ताओं को गंभीर हालत में जीवित मिले हैं। पर्वतारोही के भाई ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राजस्थान के किशनगढ़ निवासी मालू (34) सोमवार को शिविर तीन से उतरते समय करीब 6,000 मीटर की ऊंचाई से गिरने के बाद लापता हो गए थे। अन्नपूर्णा पर्वत दुनिया की 10वीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। मालू के भाई सुधीर ने कहा, वह जीवित मिल गए हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। हमें अब उनके उपचार पर ध्यान केंद्रित करना होगा। ऑपरेटर सेवन समिट ट्रेक्स ने पुष्टि की कि अनुराग सात नेपाली पर्वतारोहियों को करीब 300 मीटर नीचे खाई में जीवित मिले।

## भारत के लिए बड़ी बात कि वह जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए किस तरह निवेश करेगा : संरा विशेषज्ञ

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत के दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की एक शीर्ष विशेषज्ञ ने कहा कि देश का ध्यान अब शिक्षा, रोजगार सृजन और लैंगिक समानता में त्वरित और प्रभावी निवेश पर होगा जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश मिलेगा और उसकी बड़ी आबादी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सक्षम होगी। 142.86 करोड़ आबादी के साथ भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का पहले नंबर का देश बन गया है और उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है। यूएनएफपीए की प्रमुख जनसांख्यिकीविद रशेल स्नो ने विश्व जनसंख्या रिपोर्ट पर जानकारी दी और कहा, मुझे लगता है कि भारत के लिए बड़ी बात है कि वे किस तरह प्रभावी रूप से उस चीज में तेजी से निवेश करेंगे जो जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए जरूरी है।

## टेक्सास से प्रक्षेपण के कुछ ही मिनटों बाद स्पेसएक्स के विशाल रॉकेट की पहली उड़ान विफल

भाषा। साउथ पैडर आइलैंड



**स्पेसएक्स के** विशाल रॉकेट में बृहस्पतिवार शाम को लॉन्च पैड से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद विफल हो गया। एलन मस्क की कंपनी मैक्सिको की सीमा के पास टेक्सास के दक्षिणी सिरे से लगभग 400 फुट (120 मीटर) लंबे स्टारशिप रॉकेट से अंतरिक्ष की यात्रा कराने का लक्ष्य बना रही थी। रॉकेट में कोई व्यक्ति या उपग्रह नहीं था। बोका चिका समुद्र तट स्थित लॉन्च पैड से कुछ मील दूर साउथ पैडर आइलैंड में बड़ी संख्या में लोग इस प्रक्षेपण को देखने के लिए जुटे थे। रॉकेट को प्रक्षेपित करने की स्पेसएक्स की पहली कोशिश सोमवार को उसमें ईंधन भरने के दौरान वॉल्व में गड़बड़ी के बाद टालनी पड़ी थी। स्पेसएक्स का नया रॉकेट अब तक का सबसे बड़ा व शक्तिशाली रॉकेट था। बृहस्पतिवार को अपनी पहली परीक्षण उड़ान पर यह दुनिया की परिक्रमा करने के प्रयास के तहत साउथ टेक्सॉस के आसमान में पहुंचा। एलन मस्क की कंपनी ने मैक्सिको की सीमा के पास टेक्सॉस के दक्षिणी सिरे से लगभग 120 मीटर स्टारशिप रॉकेट को प्रक्षेपित किया। उड़ने के तुरंत बाद बूस्टर को अलग करने और मेक्सिको की खाड़ी में गिराने की योजना थी, लेकिन अंतरिक्ष यान हवाई के पास प्रशांत क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## अप्रवासन के कानूनी रास्तों का विस्तार करें : अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने देश के गृह सुरक्षा सचिव ऐलेजैंड्रो मायोरकास से एच- 1बी वीजा की संख्या बढ़ाने सहित अप्रवासन के कानूनी रास्तों का विस्तार करने का अनुरोध किया है। भारत के आईटी पेशेवरों के बीच एच- 1बी वीजा की सबसे अधिक मांग रहती है।

**FOR SALE**

Residential entire 2nd Floor Flat Royale Residency Scheme 1219 Sq. Ft. Sushant Lok III Gurgaon. For Sale Contact 9953991140 on or before 27 April 2023.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Nasrin Bano** who is purchasing the Plot No.15, MCF No.2427-B, Khasra Mu No.97, Killa No.21/2, area measuring 75 Sq. Yds., situated at Badkhal, Sanjay Gandhi Memorial Nagar (SGM Nagar), Tehsil and District Faridabad (Haryana); from **Mrs. Poonam**, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 15.03.2023, which is duly registered vide Document No. 8745, at SRO-Badkhal, on 16.03.2023; and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Sh. Lalit Kumar** S/o Late Sh. Sahdev Sharma R/o 218, Shahpur Jat, New Delhi-110049, co-purchaser with Sh. Sushil Sharma of **Shop No. 6, Shopping Centre Panchsheel Park at Panchsheel Colony, New Delhi-110017 vide File No. F.15(6)1973/Impl,** have applied for certify copy of all original allotment document of the aforesaid property in DDA, The **Original Allotment Letter/ Auction Confirmation Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water and Electric connection and other allotment document/challan** issued by DDA, have been lost or misplaced and are not traceable inspite of the best efforts. An FIR/NCR to this effect has been lodged in Crime Branch vide LR. No **364067/2023**, dated 20/04/2023.
Any person (s) claiming any rights, interest, having any objection, may write/contact with above named person at the above address/phone No. 9312657419, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Director or Dy. Director (CE) DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

# यमन की राजधानी में भगदड़ मचने से 78 लोगों की मौत

भाषा। सना



**यमन की** राजधानी सना में मुसलमानों के पाक महीने रमजान के दौरान वित्तीय सहायता वितरित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बुधवार देर रात भगदड़ मचने के कारण कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई, जबकि 73 अन्य लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों के अधिकारियों और चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। मौके पर मौजूद अब्देल रहमान अहमद और याहिया मोहसिन ने बताया कि हथियारों से लैस हूती विद्रोहियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हवा में गोली चलाई, जो एक बिजली की तार से टकरा गई और उससे विस्फोट हो गया। इससे लोग घबरा गए और भगदड़ मच गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के वीडियो में कई शव मौके पर नजर आ रहे हैं। वहीं, कई लोग बेसुध नजर आ रहे हैं और कई मदद के लिए चीखते दिखाई दे रहे हैं। हूती अधिकारियों द्वारा जारी किए गए घटना के बाद के वीडिया में हर तरफ खून के धब्बे, लोगों के जूते-चप्पल तथा कपड़े जमीन पर बिखरे नजर आ रहे हैं। हूती द्वारा संचालित गृह मंत्रालय के अनुसार, ओल्ड सिटी में व्यापारियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब लोग एकत्र हुए थे और तभी अचानक वहां भगदड़ मच गई। चश्मदीदों के बताया कि स्थानीय कारोबारियों द्वारा वित्तीय सहायता के तौर पर हर व्यक्ति को 10 डॉलर बांटे जा रहे थे, जिसके लिए लोग वहां एकत्रित हुए थे। मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर अब्देल-खलीक अल-अघरी ने आरोप लगाया कि स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय के बिना धन वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किए जाने के कारण यह हादसा हुआ।

हूती के टीवी चैनल अल-मसीराह के अनुसार, बड़ी संख्या में घायल हुए लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी मोताहर अल-मारौनी ने बताया कि हादसे में 78 लोग मारे गए। वहीं कम से कम 73 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सना के अल-थोवरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हूती विद्रोहियों ने उस स्कूल को तुरंत घेर लिया, जहां कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वहां पत्रकारों सहित आम लोगों को फिलहाल जाने नहीं दिया जा रहा। हूती द्वारा संचालित गृह मंत्रालय के अनुसार, इस संबंध में अभी तक दो आयोजकों को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच जारी है। हूती अधिकारियों ने कहा कि वे जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को दो-दो हजार डॉलर का मुआवजा देंगे जबकि घायलों को करीब 400 डॉलर दिए जाएंगे। यमन की राजधानी पर ईरान समर्थित हूतियों का नियंत्रण है।

## अमेरिका दक्षिण चीन सागर में नकली युद्धपोत डुबोएगा

**तुलाहोमा (अमेरिका)।** कन्वरसेशन) फिलीपीस के साथ एक संयुक्त सैन्य अभ्यास के हिस्से के रूप में, अमेरिकी नौसेना 26 अप्रैल, 2023 को दक्षिण चीन सागर में एक नकली युद्धपोत डुबोने वाली है। अमेरिका और फिलीपीस दोनो ने इस बात पर जोर दिया है कि लाइव-फायर ड्रिल ताइवान पर चीन के साथ बढ़ते तनाव की प्रतिक्रिया नही है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्वेता, सतवीर, आर्य नगर, नगर पलवल, फरीदाबाद–121102 खाता नंबर :– LBFDB00006283397, LBPLW00006244731 | खेवट खाता नंबर 115/120, किला नंबर 18 (2–11) मौजा फजलपुर नयागांव, पलवल–121102 | 04–03–2023 रू. 1,13,337/– रू. 44,74,292/– | 28/12/2022 |
| 2. | आशुतोष यादव, नरेन्द्र कुमार यादव, मकान नंबर 553, सेक्टर–14, हरियाणा, गुरूग्राम–122001 खाता नंबर :– LBGUR00004863716, LBGUR00004858678 | प्लॉट नंबर 304, हुडा सेक्टर–1 पार्ट–1, नारनौल कॉम्प्लेक्स, हरियाणा, रेवाड़ी–123401 | 04–03–2023 रू. 29,30,718/– रू. 15,56,028/– | 11/10/2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 अप्रैल, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कुछ विदेशी विश्वविद्यालय भारत विरोधी गतिविधियों के रूप में काम कर रहे: धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की सभ्यता के लोकाचार को ध्वस्त करने और विकास को रोकने के लिए भारत विरोधी विध्वंसक गतिविधियों के केंद्र के रूप में कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा इस प्रकार के खतरे पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में तथाकथित अभिजात्य वर्ग के छिपे हुए एजेंडे में परेशान करने वाला दृष्टिकोण खतरनाक है और दुर्भाग्य से यह हमारे संवैधानिक संस्थान के कामकाज में परिलक्षित हो रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह संसद की जिम्मेदारी है कि वह आंतरिक या बाहरी किसी भी प्रकार के खतरे से भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता और सांस्कृतिक अखंडता की रक्षा करे।



उन्होंने यहां 16वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा, अभूतपूर्व विकास और वैभव की राह पर अग्रसर हमारे लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि उसके पंख विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका सुचारू रूप से उर्ध्वगामी उड़ान यात्रा के लिए मिलकर काम करें। हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ए संवैधानिक संस्थाएं दूसरे के क्षेत्र में घुसपैठ करके सत्ता को हथियार बनाने का जोखिम नहीं उठा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका अपने संबंधित क्षेत्र में काम करते हुए ही सबसे अच्छी सेवा करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारी सभ्यता के लोकाचार को ध्वस्त करने और हमारे विकास को रोकने के लिए भारत विरोधी विध्वंसक गतिविधियों के केंद्र के रूप में कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों सहित भीतरी और बाहरी संगठनों से खतरे पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इकलौती संसद कानून बनाने की प्रभारी है और इसे लागू करने में सक्षम है। धनखड़ ने कहा कि कानून बनाना संसद का विशेषाधिकार है, जो बड़े पैमाने पर लोगों की इच्छा का सबसे प्रामाणिक प्रतिबिंब है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारी संवैधानिक व्यवस्था के तहत न तो विधायिका और न ही न्यायपालिका शक्तिशाली राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर सकती हैं-सबसे अच्छा है कि यह राजनीतिक वर्ग के लिए छोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा, भारत विरोधी विमर्शों को बेअसर करने और सरकार तथा दूरदर्शी नेतृत्व की नीतियों के क्रियान्वयन को प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाने की आपकी बुद्धि और क्षमता पर मुझे पूरा भरोसा है।

## अब्दुल्ला आजम खान की याचिका पर आज सुनवाई करगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय समाजवादी पार्टी के नेता अब्दुल्ला आजम खान की इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें 15 साल पुराने एक आपराधिक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद खान को विधायक के रूप में अयोग्य ठहरा दिया गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने बृहस्पतिवार को खान के वकील की दलीलों पर गौर किया और उनकी याचिका को सुनवाई के लिए 21 अप्रैल को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। खान को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के छजलेट इलाके में एक धरने के दौरान सड़कों को अवरुद्ध करने में शामिल होने के एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया और दो साल जेल की सजा सुनाई गई थी।




नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए असम व अरुणाचल के मुख्यमंत्री।

# भारत ने अफगानिस्तान को 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं आपूर्ति का वादा किया: विदेश मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता के रूप में 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति करने का वादा किया है और इसकी आवाजाही (लॉजिस्टिक) से जुड़े मुद्दों पर काम किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा, हमने मानवीय सहायता के रूप में अफगानिस्तान को पहले 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेजा है और अब 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि इस (गेहूं की आपूर्ति) को लेकर कुछ प्रक्रियागत मुद्दे हैं, पहले भी यह रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा, हम जल्दी गेहूं भेजना चाहते हैं और अभी आवाजाही (लॉजिस्टिक) से जुड़े मुद्दों पर काम किया जा रहा है। बागची ने कहा कि यह अफगानिस्तान के लोगों को भारत की ओर से मानवीय सहायता प्रदान करने का संकेत है। ज्ञात हो कि दिल्ली में मार्च महीने में अफगानिस्तान पर भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्यकारी समूह की पहली बैठक में भारत ने चाबहार बंदरगाह के जरिए अफगानिस्तान को गेहूं आपूर्ति करने की घोषणा की थी।

वहीं, भारत की मेजबानी में मुंबई में 12 और 13 अप्रैल को आयोजित भारत और मध्य एशियाई देशों ने चाबहार बंदरगाह पर अपने संयुक्त कार्यसमूह की पहली बैठक में नई दिल्ली के अफगानिस्तान तक संपर्क को बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना के महत्व को रेखांकित किया गया था। बैठक में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएफपी) के प्रतिनिधि ने अफगानिस्तान में गेहूं आपूर्ति सहायता के लिए भारत और यूएनडब्ल्यूएफपी के बीच चल रहे सहयोग पर प्रस्तुति दी थी। अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल में सत्ता पर काबिज होने के महीनों बाद भारत ने खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगान लोगों की सहायता के लिए 50,000 मीट्रिक टन गेहूं देने का ऐलान किया था और पाकिस्तान के रास्ते काफी मात्रा में गेहूं की आपूर्ति की भी गई थी।

## मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए इस साल रिकॉर्ड 20.87 लाख आवेदन, 12 लाख महिला अभ्यर्थी

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेडिकल** प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी)-2023 के लिए रिकॉर्ड 20.87 लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें करीब 12 लाख महिला उम्मीदवार शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पंजीकरण के आंकड़ों के अनुसार, कुल 20.87 लाख उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.57 लाख अधिक है। इस साल महिला उम्मीदवारों की संख्या, पुरूष उम्मीदवारों की तुलना में अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक इस साल 11.8 लाख महिला उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवाया है, जबकि इसकी तुलना में 9.02 लाख पुरूष उम्मीदारों ने पंजीकरण कराया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सात मई को होगा।

# देश के 121 हवाई अड्डों को 2025 तक कार्बन मुक्त करने का लक्ष्य: सिंधिया

**नई दिल्ली।** भारत के 25 हवाईअड्डे 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग कर रहे, वहीं अन्य 121 हवाईअड्डे शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को 2025 तक प्राप्त कर लेंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह कहा। सिंधिया ने दो दिवसीय यूरोपीय संघ-भारत विमानन शिखर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। कोरोना वायरस से संक्रमित होने की वजह से वह इस सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके।



जलवायु परिवर्तन से निपटना भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए एक साझा लक्ष्य है, इस पर जोर देते हुए सिंधिया ने कहा, उत्सर्जन में विमानन उद्योग की हिस्सेदारी पर कड़ी नजर है। विमानन उद्योग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने और इसके असर को दूर करने के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। नागर विमानन मंत्री ने कहा, हम अपने हवाई अड्डों को 2024 तक हरित ऊर्जा का इस्तेमाल करने और 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भारत के 25 हवाईअड्डे 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग कर रहे, वहीं हमारा लक्ष्य है कि अन्य 121 हवाईअड्डे 2025 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर लें। यह शिखर सम्मेलन बृहस्पतिवार से शुरू हुआ है। इसमें यूरोपीय संघ और भारत के बीच हवाई परिवहन संबंध, दोनों क्षेत्रों में परस्पर साझा चुनौतियों और अवसरों पर बात होगी। इस सम्मेलन में ईयू और भारत के शीर्ष स्तर के नीति निर्माता, उद्योग के अधिकारी और हितधारक शामिल होंगे। सिंधिया ने कहा कि भारत ने देश में विमान विनिर्माण को बढ़ावा देने की खातिर नियामक माहौल को बेहतर किया है। उन्होंने यूरोपीय संघ के उद्योग जगत से अवसरों का लाभ उठाने और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन उद्योग का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

## क्विक न्यूज

### नेपाल के राष्ट्रपति का नई दिल्ली में उपचार चल रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल का नई दिल्ली मे एक अस्पताल में चिकित्सा उपचार चल रहा है और हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा, नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल का नई दिल्ली में एक अस्पताल में चिकित्सा उपचार चल रहा है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते है। उन्होने कहा कि निजता के कारणो से इस बारे मे अधिक जानकारी नही दी जा सकती है तथा अधिक जानकारी के लिए नेपाल के प्रशासन या उनके (नेपाल के राष्ट्रपति) परिवार से सम्पर्क करें। गौरतलब है कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद बुधवार को उपचार के लिए विमान से भारत ले जाया गया।

### आवारा कुत्तों के हमले में बुजुर्ग की मौत पर मानवाधिकार आयोग ने उप्र सरकार को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने विश्वविद्यालय परिसर में आवारा कुत्तों के हमले में एक व्यक्ति की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कुलपति और शहर के नगर आयुक्त को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय परिसर से सटे इलाके में रहने वाले सफदर अली (65) सर सैयद संग्रहालय के एक बगीचे में सुबह की सैर पर निकले थे, तभी रविवार को कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। आयोग ने एक बयान मे कहा कि मीडिया मे दिखाई गई इस तरह की दर्दनाक घटनाऔ से संकेत मिलता है कि मौजूदा सुरक्षा उपायो की समीक्षा करने की आवश्यकता है क्योंकि यह किसी एक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की समस्या नही है और ऐसी स्थिति गंभीर और खतरनाक है।

### ईडी ने पटना के रियलिटी समूह पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनेक घर खरीदारो को कथित रूप से धोखा देने वाली बिहार की एक रियल इस्टेट कंपनी के कर्ता-धर्ताओ के परिसरो पर छापे मारे और धनशोधन रोकथाम कानून के तहत 119 बैंक खातों में लेनदेन पर रोक लगाई, दो लग्जरी कार और कुछ बीमा पॉलिसियां जब्त की। एजेंसी ने एक बयान मे कहा कि पटना, वाराणसी, लखनऊ और दिल्ली मे अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड, इसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आलोक कुमार सिंह, विजय राज लक्ष्मी, अल्का सिंह, राणा रणवीर सिंह के साथ कंपनी के प्रमुख कर्मचारी सात्विक सिंह और चार्टर्ड एकाउंटेंट निशांत श्रीवास्तव से जुड़े आठ परिसरो पर तलाशी ली गई। ईडी ने आरोप लगाया, अग्रणी ग्रुप ऑफ कंपनीज और उसके निदेशक ने संभावित घर खरीदारो के साथ धोखाधड़ी की और उनकी जमा राशि निवेश को अवैध तरीके से उनके व्यक्तिगत नाम पर या अन्य कंपनियो के नाम पर संपत्तियां खरीदने मे लगाया।

### वकील हड़ताल पर नहीं जा सकते या काम बंद नही कर सकते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वकील हड़ताल पर नही जा सकते है या काम बंद नही कर सकते। साथ ही शीर्ष अदालत ने सभी उच्च न्यायालयो के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता मे राज्य स्तर पर शिकायत निवारण समिति गठित करने का निर्देश दिया, वकील अपनी वास्तविक समस्याओ के निवारण के लिए अभ्यावेदन कर सकें। न्यायमूर्ति शाह और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन की पीठ ने कहा कि जिला अदालत के स्तर पर एक अलग शिकायत निवारण समितियो का गठन किया जाए। जहां वकील मामलो को दर्ज करने या सूचीबद्ध करने या निचली न्यायपालिका के सदस्य के दुर्व्यवहार से संबंधित अपनी वास्तविक शिकायतो के निवारण के लिए जा सकें। पीठ ने कहा, हम एक बार फिर दोहराते है कि बार का कोई भी सदस्य हड़ताल पर नही जा सकता.।

### किशोरियों को जागरूक करना जरूरी

**मुंबई।** जाने-माने कलाकार रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना ने किशोरियों को माहवारी से संबंधी परेशानियों पर जागरूक करने की अपील की है। व्हिस्पर की ओर से माताओं को पीरियड्स के जीव-विज्ञान के बारे में सही जानकारी देने की कमान संभाल रहे हैं। दोनों अभिनेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इस बारे में बात की कि, स्कूलों के पाठ्यक्रम में द मिसिंग चैप्टर को शामिल करना कितना मायने रखता है, ताकि सदियों पुरानी पाबंदियों और गलत जानकारी की वजह से किशोरियों को महावारी के कारण एक भी दिन अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़े। प्रॉक्टर एंड गैंबल के फेमिनिन-केयर ब्रांड, व्हिस्पर ने हाल ही में द मिसिंग चैप्टर नामक फिल्म के साथ अपने कीप गर्ल्स इन स्कूल कैंपेन के चौथे एडिशन को लॉन्च किया। व्हिस्पर ने लियो बर्नेट के कॉन्सेप्ट पर आधारित इस फिल्म के जरिए माताओं को पीरियड्स के बारे में सही जानकारी देने का लक्ष्य रखा है, ताकि वे अपनी बेटियों को पीरियड्स के दौरान साफ-सफाई और सैनिटरी पैड के उपयोग के बारे में अच्छी तरह बता सकें। रूपाली गांगुली ने कहा, मैं इस बात को अच्छी तरह समझती हूँ कि, हमारे समाज में मासिक धर्म के बारे में जानकारी का अभाव है जिसे दूर किया जाना चाहिए।



रुद्रप्रयाग में भारी बर्फबारी से केदारनाथ मन्दिर का एक दृश्य।

# ओडिशा में दो नाबालिग आदिवासी लड़कियों के साथ किया सामूहिक बलात्कार

**भाषा।** भवानीपाटणा (ओडिशा)

**ओडिशा** के कालाहांडी जिले में जात्रा (लोक रंगमंच) देखकर लौट रहीं दो आदिवासी नाबालिग लड़कियों के साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार की घटना हुई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 16 अप्रैल की रात की है लेकिन इसकी शिकायत बुधवार शाम को बिजेपुर थाने में दर्ज की गई। आरोपियों के दूसरे समुदाय से होने के कारण आदिवासी समुदाय के नेताओं ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने का फैसला लिया।

पुलिस ने बताया कि शुरुआत में आरोप था कि 14 से 17 साल आयुवर्ग की तीन लड़कियां जात्रा देखकर घर लौट रही थीं, उसी दौरान पांच पुरुषों ने उनका रास्ता रोका और उनके साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। बाद में तीन में से एक लड़की ने बताया कि वह भागकर झाड़ियों के पीछे छुपने में कामयाब रही और उसने देखा कि कैसे आरोपियों ने बारी-बारी से दोनों लड़कियों के साथ बलात्कार किया।

बिजेपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक लिंगराज सेठी ने बताया कि आरोपियों की तलाशी जारी है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता, पॉक्सो कानून और एससीएसटी कानून की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। सेठी ने बताया कि यह इलाका माओवाद से प्रभावित है और पूरा क्षेत्र पहाड़ी और जंगलों से भरा हुआ है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी घने जंगलों में छुपे हो सकते हैं।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि तीनों लड़कियों के परिवारों ने पहले अपने समुदाय के नेता से संपर्क किया, जिसने बैठक बुलाई और आरोपियों के दूसरे समुदाय से होने के कारण मामले की शिकायत पुलिस में देना तय किया। सूत्र ने बताया कि इसी कारण पुलिस में शिकायत देने में देरी हुई।

पीड़ित लड़कियों को महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण मेडिकल परीक्षण के लिए तीन अस्पतालों के चक्कर काटने पड़े। उनका मेडिकल परीक्षण अंततः भवानीपाटणा सरकारी अस्पताल में हुआ। कालाहांडी आदिवासी संघ के अध्यक्ष प्रकाश माझी ने 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रदर्शन की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि संघ की एक टीम लड़कियों के गांव जाएगी और हालात का जायजा लेगी। माझी ने कहा, आगे की कार्रवाई तय करने के लिए बैठक बुलाई जाएगी।

# इमरान प्रतापगढ़ी को स्टार प्रचारक बनाने पर भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** शोभा करंदलाजे ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी को शामिल किए जाने पर बृहस्पतिवार को कड़ा ऐतराज जताया और उन्हें देशद्रोही करार दिया। कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री और भाजपा की कर्नाटक चुनाव प्रबंधन समिति की संयोजक ने कांग्रेस और मारे गए गैंगस्टर-राजनीतिज्ञ अतीक अहमद के बीच संबंध भी जानना चाहा। अहमद की हाल ही में उत्तर प्रदेश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मंत्री ने जानना चाहा, जिस व्यक्ति को अतीक के समर्थन में खड़े होने पर गिरफ्तार होना चाहिए था, वो स्टार प्रचारक बन गया है। अतीक अहमद और कांग्रेस के बीच क्या संबंध है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतापगढ़ी अहमद के करीबी दोस्त थे और अहमद को अपना गुरु और भाई कहते थे। करंदलाजे ने कहा कि मुशायरों में शामिल होने वाले सांसद, अहमद की तारीफ में शायरी करते थे।

पार्टी के कदम का बचाव करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने हैरानी जताते हुए पूछा कि यह सवाल ही क्यों उठा। वल्लभ ने पीटीआई-भाषा से कहा, इमरान प्रतापगढ़ी हमारी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हैं और वह आने वाले हैं। इसमें गलत क्या है? हम उस व्यक्ति को नहीं बुला रहे हैं जिसने अपराध किया है या सलाखों के पीछे है।

बुधवार को स्टार प्रचारको की सूची जारी करने वाले विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए करंदलाजे ने कहा, यह जानते हुए भी कि इमरान प्रतापगढ़ी देशद्रोही गतिविधियों में शामिल थे, आप (कांग्रेस) ने उन्हें राज्यसभा भेजा और कर्नाटक में स्टार प्रचारक नियुक्त किया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विध्वंसकारी तत्वों और कट्टरपंथियों के प्रवेश की अनुमति दे रही है। त्रिवेदी ने दावा किया, इमरान प्रतापगढ़ी अतीक की तारीफ में शायरी लिखा करते थे।

अतीक भी प्रतापगढ़ी के काव्य-सम्मेलन में शामिल हुए। इमरान की कविताओं में देशद्रोही, समाज-विरोधी और मुसलमानों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काने का गुणगान किया गया है। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और जद(एस) के बीच त्रिकोणीय जंग है। कर्नाटक में एक चरण में 10 मई को मतदान होगा तथा 13 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# गौतम अडाणी ने मुंबई में शरद पवार से मुलाकात की

**मुंबई।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्षी दलों की मांग के बीच बृहस्पतिवार को उद्योगपति गौतम अडाणी ने मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के आवास पर उनसे मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मुलाकात आज सुबह दक्षिण मुंबई में स्थित पवार के आवास सिल्वर ओक में हुई, जो लगभग दो घंटे तक चली। पवार ने इस महीने की शुरुआत में अडाणी समूह का बचाव किया था और उसके बारे में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की आलोचना की थी। पवार ने राकांपा के सहयोगी दल कांग्रेस से अलग रुख अपनाते हुए कहा था कि वह अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की तरफ से समिति गठित किए जाने का समर्थन करते हैं क्योंकि संयुक्त संसदीय समिति में संख्याबल के हिसाब से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दबदबा होगा, जिसके चलते जांच को लेकर संदेह पैदा होगा।

उनकी पार्टी अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की भाजपा विरोधी दलों की मांग का समर्थन नहीं करती, लेकिन फिर भी वह विपक्षी एकता की खातिर उनके रुख के खिलाफ नहीं जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने शेयर बाजारों के लिए विभिन्न नियामक पहलुओं की जांच के लिए शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्ईय समिति गठित करने का आदेश दिया था। समिति हिंडनबर्ग रिसर्च के धोखाधड़ी के आरोपों के बाद, अडाणी समूह के शेयरों में आई हालिया गिरावट की जांच करेगी। हिंडनबर्ग ने अरबपति अडाणी से संबंधित कंपनियों में स्टॉक हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि अडाणी समूह ने आरोपों को झूठा बताकर खारिज कर दिया था।

# मणिपुर भाजपा विधायक ब्रोजेन ने प्रशासनिक पद से इस्तीफा दिया

● पार्टी शुक्रवार को करेगी बैठक

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** से भाजपा विधायक पाओनम ब्रोजेन ने बृहस्पतिवार को मणिपुर डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष पद से निजी आधार पर इस्तीफा दे दिया। राज्य में ब्रोजेन तीसरे पार्टी विधायक हैं जिन्होंने एक पखवाड़े के भीतर मणिपुर सरकार के अपने संबंधित प्रशासनिक पदों से इस्तीफा दे दिया है। खबरों के मुताबिक तीनों विधायक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने और अपनी शिकायतों के बारे में बताने के लिए वर्तमान में दिल्ली में हैं।

उनके कदमों से अटकलें लगाई जा रही हैं कि बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में असंतोष पनप रहा है। ब्रोजेन ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को लिखे पत्र में कहा है, मैं निजी आधार पर मणिपुर डेवलपमेंट सोसाइटी इंफाल के अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देता हूं। इसे कृपया स्वीकार किया जाए। इससे पहले, भाजपा विधायक करम श्याम ने सोमवार को पर्यटन निगम मणिपुर लिमिटेड के अध्यक्ष पद से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है।

आठ अप्रैल को, पार्टी के एक अन्य विधायक थोकचोम राधेश्याम ने इसी तरह की शिकायत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया। चौथे विधायक ख्वाइरकपम रघुमणि ने मणिपुर पुलिस में भाजपा के राज्य अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अस्कर अली के खिलाफ एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से उन्हें धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। अली ने मणिपुरी भाषा में दिल्ली की यह अंतिम यात्रा होनी चाहिए कहते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष आवाज उठाने के लिए चारों विधायकों के कदम पर टिप्पणी की।

अपनी शिकायत में, रघुमणि ने दावा किया कि अली ने यह बयान तब जारी किया जब मैं दिल्ली में था और ऐसा लगता है कि वह धमकी दे रहे हैं कि यह दिल्ली या कहीं भी मेरी आखिरी यात्रा होगी। भाजपा की मणिपुर इकाई के भीतर कथित रूप से असंतोष उभरने के बीच सूत्रों ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी शुक्रवार को बैठक करेगी। ब्रोजेन के इस्तीफे के सार्वजनिक होने के तुरंत बाद पार्टी द्वारा बैठक की घोषणा की गई। पार्टी के एक सूत्र ने कहा, शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे एक बैठक निर्धारित की गई है। विधायकों सहित प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं के बैठक में शामिल होने की उम्मीद है।

# डुप्लेसी-कोहली-सिराज ने गिराई पंजाब पर गाज

● आरसीबी ने किंग्स इलेवन को 24 रन से हराया

भाषा। मोहाली



**फाफ डुप्लेसी** और उनकी जगह कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली के अर्धशतक के बाद मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को 24 रन से हरा दिया।

डुप्लेसी (56 गेंद में 84 रन, पांच छक्के, पांच चौके) और कोहली (47 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 137 रन की साझेदारी से आरसीबी ने चार विकेट पर 174 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम सिराज (21 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने भी 39 रन पर दो विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (46) और जितेश शर्मा (41) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 49 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। अथर्व ताइड़े (04) ने सिराज की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट (08) ने वेन पार्नेल पर छक्का जड़ा लेकिन हसरंगा की गुगली को चूककर बोल्ड हो गए। सिराज ने चौथे ओवर में लियाम लिविंगस्टोन (02) को पगबाधा किया। इस बार भी डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। हरप्रीत सिंह (13) ने पार्नेल पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद रन आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में लेग स्पिनर राहुल चाहर की जगह उतरे प्रभसिमरन ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सिराज पर चौके से खाता खोला और फिर पार्नेल तथा हसरंगा पर भी चौके मारे। प्रभसिमरन ने हसरंगा पर दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा करने की कोशिश की लेकिन कप्तान सैम कुरेन (10) तेज रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए। जितेश को हर्षल पटेल ने पगबाधा किया लेकिन डीआरएस लेने पर अंपायर को एक बार फिर अपना फैसला बदलना पड़ा। जितेश ने इस ओवर में चौका और छक्का मारा। पारी के 12वें ओवर में प्रभसिमरन ने पार्नेल पर एक और छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

### धवन को पूरी तरह से ठीक होने में दो से तीन दिन और लगेंगे

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच ट्रेवर गोंजाल्विस ने कहा है कि नियमित कप्तान शिखर धवन की उपलब्धता के लिए दो से तीन दिन और इंतजार करना होगा जिससे इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। धवन को 13 अप्रैल को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। उन्होंने अब तक चार मैचों में 116.50 के औसत से 233 रन बनाए है। धवन की चोट के बारे में पूछे जाने पर गोंजाल्विस ने मीडिया से कहा, इसमें लगभग 2-3 दिन और लगने चाहिए।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** कोहली का जितेश बो हरप्रीत 59,डुप्लेसी का कुरेन बो एलिस 84, मैक्सवेल का ताइडे बो हरप्रीत 00,कार्तिक का ताइडे बो अर्शदीप 07,लोमरोर नाबाद 07, अहमद नाबाद 05,अतिरिक्तः 12, **कुलः**20 ओवर मे चार विकेट परः174 रन, **विकेट पतनः** I-137, 2-137, 3-151, 4-163, गेंदबाजीः अर्शदीप 4-0-34-I, हरप्रीत 3-0-31-2,एलिस 4-0-41-I, कुरेन 4-0-27-0, चाहर 4-0-24-0, लिविंगस्टोन I-0-9-0

**पंजाब किंग्सः** ताइडे पगबाधा बो सिराज 04, प्रभसिमरन बो पार्नेल 46,शॉर्ट बो हसरंगा 08, लिविंगस्टोन पगबाधा बो सिराज 02, हरप्रीत रन आउट 13, कुरेन रन आउट 10,शर्मा का शाहबाज बो हर्षल 41, शाहरूख स्ट कार्तिक बो हसरंगा 07,बरार बो सिराज 13, एलिस बो सिराज 01,अर्शदीप नाबाद 00, अतिरिक्तः 05,कुलः 18.2 ओवर मे सभी विकेट खोकरः 150 रन, **विकेट पतनः** I-4, 2-20, 3-27, 4-43, 5-76, 6-97, 7-106, **गेंदबाजीः** सिराज 4-0-21-4, पार्नेल 3-0-32-I, हसरंगा 4-0-39-2, विशाक3-0-29-0, मैक्सवेल I-0-5-0, हर्षल 3.2-0-22-I

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर हावी होने के लिए पर्याप्त प्रतिबद्धता नही दिखाई: संगकारा



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि उनके सलामी बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन अंतिम ओवरों मे उनके बल्लेबाज लखनऊसुपरजाइंट्स के गेंदबाजो पर हावी होकर नही खेल पाए जिसके कारण उन्हे हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ ने सात विकेट पर 154 रन बनाए थे जिसका पीछा करते हुए राजस्थान को यशस्वी जायसवाल (44) और जोस बटलर (40) ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई थी। राजस्थान ने हालांकि इसके बाद तेजी से विकेट गंवाए और उसकी टीम को 10 रन से हार का सामना करना पड़ा। संगकारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे सलामी बल्लेबाजो ने वास्तव मे अच्छी भूमिका निभाई और जब 12वां ओवर समाप्त हुआ तो हमे प्रति ओवर आठ रन की जरूरत थी और हमारे पर्याप्त विकेट बचे हुए थे। तब लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल नही था। दुर्भाग्य से हमने तीन ओवरों मे तीन विकेट गंवाए लेकिन तब भी हम लक्ष्य हासिल कर सकते थे। अंतिम ओवरों मे विशेषकर रवि विश्नोई के आखिरी ओवर मे हमने गेंदबाज पर हावी होने के लिए पर्याप्त प्रतिबद्धता नही दिखाई।

## प्रसारणकर्ता अपना नजरिया रखने के लिए कमेंटेटर को पैसा दे रहे हैं: बटलर

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का कहना है कि अगर कोई कमेंटेटर किसी खिलाड़ी की आलोचना करता है तो वह केवल अपना काम कर रहा है और इसे स्वीकार करना किसी भी क्रिकेटर के करियर का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। बटलर ने ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे को दिए साक्षात्कार मे कहा, स्वीकृति आपके काम का एक बड़ा हिस्सा है। इस बात को स्वीकार करना कि प्रसारणकर्ता किसी को अपनी राय देने के लिए भुगतान करता है, वे सिर्फ अपना काम कर रहे है। जब वे मेरी आलोचना करते है तो यह मुझ पर व्यक्तिगत हमला नही होता है। और मै अन्य खेल देखता हूं। मै फुटबॉल देखता हूं और कहा जाता है ओह वह कैसे चूक गया? यह इतना आसान था। ठीक यही लोग करते है जब मै कैच छोड़ता हूं या कम स्कोर पर आउट हो जाता हूं। जब मै दूसरे खेल देखता हूं तो मै भी ऐसा ही करता हूं। इसे बस स्वीकार करना होगा।

## कोविड लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत से शीर्ष फॉर्म हासिल करने में मदद मिली: सिराज



**मोहाली।** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी सफलता का श्रेय कोविड के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान की गई कड़ी मेहनत को दिया है। सिराज ने मैच के बाद कहा, लॉकडाउन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। मै इससे पहले काफी निराश था क्योंकि मै काफी महंगा साबित होता था। मैने अपने जिम प्रशिक्षण,अपनी गेंदबाजी पर ध्यान केंद्रित किया और मै अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। एकदिवसीय मैचों में भी मेरी लय अच्छी थी, मेरा आत्मविश्वास ऊंचा था और मै इसे आईपीएल के इस सत्र मे लेकर आया। मै एक अच्छा क्षेत्ररक्षक हूंअ मै कभी-कभी कुछ गलतियां करता हूं (मुस्कुराते हुए)। मै हमेशा हर पहलू में सुधार करने कोशिश करता हूं जिससे कि मै टीम का हिस्सा बना रह सकूं। गुरुवार को आरसीबी की कप्तानी करने वाले विराट कोहली ने कहा कि पीसीए आईएस बिंद्रा स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। यह (जीत) हमे एक अजेय टीम नही बनाती है या आज से पहले लीग की स्थिति हमे एक बुरी टीम नही बनाती है। तालिका आपके मूड को परिभाषित नही कर सकती है जबकि आपने सिर्फ पांच या छह मैच खेले है। हम अपनी प्रक्रिया को जारी रखेंगे। पहले हाफ मे परिस्थितियों मे काफी बदलाव आया। फाफ (डुप्लेसी) ने शानदार बल्लेबाजी की। हमने अपनी साझेदारी को जितना संभव हो उतना लंबा करने के बारे मे सोचा जिससे कि हम अतिरिक्त 20 रन बना सकें। सात या आठ ओवर के बाद गेंद थोड़ी नरम हो गई थी ।

# दिल्ली को आखिर मिल गई जीत

● केकेआर को 4 विकेट से हराया

भाषा। नई दिल्ली



**दिल्ली कैपिटल्स** ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लिए करो या मरो के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 विकेट से हरा दिया। इससे पहले अपने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 127 रन पर रोक दिया। इस सत्र में अभी तक जीत के लिए तरस रही दिल्ली को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना है। केकेआर के लिए सर्वाधिक 43 रन जैसन रॉय ने बनाए जिनकी पारी का अंत 15वें ओवर में कुलदीप यादव ने किया। इस चाइनामैन गेंदबाज ने अगली ही गेंद पर अनुकूल रॉय (0) को पगबाधा आउट किया हालांकि हैट्रिक लेने से चूक गए। जैसन ने 39 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। खराब फॉर्म से जूझ रहे आंद्रे रसेल ने आखिरी ओवर में मुकेश कुकार को तीन छक्के जड़कर केकेआर को कुछ सम्मानजनक स्कोर दिया। रसेल 31 गेंद में एक चौके और चार छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। वरूण चकवर्ती पारी की आखिरी गेंद पर रन आउट हुए। इससे पहले केकेआर के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉय ने मुकेश कुमार को दूसरे ओवर में दो चौके जड़कर टीम को तेज शुरूआत देने की कोशिश की। उन्होने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट में और दूसरी गेंद पर कवर्स में चौका लगाया। इस ओवर की आखिरी गेंद पर हालांकि केकेआर ने लिटन दास (चार) के रूप में पहला विकेट गंवाया। फॉर्म में चल रहे वेंकटेश अय्यर खाता भी नहीं खोल सके और चौथे ओवर में एनरिच नॉर्किया ने स्लिप में उन्हें मिशेल मार्श के हाथों लपकवाया।

### स्कोरबोर्ड

**कोलकता नाइट राइडर्स पारी :** रॉय का खान बो यादव 43,दास का यादव बो मुकेश 4,अय्यर का मार्श बो नॉर्किया 0,राणा का मुकेश बो शर्मा 4, मनदीप बो पटेल 12, रिंकू यादव बो पटेल 6,नारायण का वॉर्नर को शर्मा 4, रसेल नाबाद 38, रॉय पगबाधा बो यादव 0,यादव का और बो नॉर्किया 3,चक्रवर्ती रन आउटI, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20ओवर मे 127 रन ,**विकेट पतन** :1-15, 2-25, 3-32, 4-50, 5-64, 6-70, 7- 93, 8-93, 9-96, **गेंदबाजी** : शर्मा 4-0- 19-2, मुकेश 4- 0-34-I,नॉर्किया 4-0-20-2,पटेल 3-0-13-2,मार्श 2- 0-25-0,यादव 3-0-15-2

### केएल राहुल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**जयपुर।** लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊने बुधवार की रात को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 10 रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, टीम का वर्तमान सत्र में धीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल आचार संहिता के तहत यह पहला अपराध है और इसलिए कप्तान राहुल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैचों को तीन घंटे और 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे हैं।

### शमीम शीर्ष पर बरकरार

**अहमदाबाद।** दिल्ली के शमीम खान ने गुरुवार को यहां अहमदाबाद ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे पार 36 के स्कोर के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। दो बार के पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन का कुल स्कोर पांच अंडर 67 है और उन्होंने इस एक करोड़ रुपए इनामी प्रतियोगिता में एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नोएडा के अमरदीप मलिक (32) और अहमदाबाद के समर्थ द्विवेदी (34) कुल चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे है। टूर्नामेंट के पहले दो दौर मे नौ-नौ होल थे।

### शुभंकर ने निराश किया

**ओमिटामा (जापान)।** लगभग एक महीने बाद वापसी कर रहे भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के पहले दौर मे निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए दो ओवर 72 का कार्ड खेला। इस 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी मे तीन बर्डी बनाई लेकिन इस बीच उन्होंने दो डबल बोगी और एक बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त 117वे स्थान पर है। एंडी सुलिवन और किम एओंगसू ने सात अंडर 63 का समान स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की।

### वुड्स ने टखने का ऑपरेशन करवाया

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने अपने दाहिने टखने का ऑपरेशन करवाया है जिसके कारण उनका इस साल आगे किसी भी प्रतियोगिता मे भाग लेना संदिग्ध है। वुड्स ने बुधवार को ट्विटर पर इसका खुलासा करते हुए कहा कि फरवरी 2021 मे लगी चोट के बाद इसका ऑपरेशन करवाना आवश्यक हो गया था। एक्सेल स्पोर्ट्स मे उनके एजेंट मार्क स्टाइनबर्ग ने कहा, वह अभी आराम कर रहे है और जल्द ही इससे उबरने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। वुड्स के टखने का बुधवार की सुबह न्यूयॉर्क मे ऑपरेशन किया गया और स्टाइनबर्ग ने बताया कि वह फ्लोरिडा स्थित अपने घर लौट आए है।

### मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड में सेमीफाइनल

**म्यूनिख।** एर्लिंग हालैंड ने फिर से मैनचेस्टर सिटी की तरफ से गोल दागा जिससे उनकी टीम ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया जहां उसका सामना रियाल मैड्रिड की मजबूत टीम से होगा। मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण I-I से ड्रा खेला लेकिन पहले चरण मे 3-0 की दमदार जीत के कारण वह 4-I के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार मे जगह बनाने मे सफल रहा।

### इंटर मिलान चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में


**मिलान।** इंटर मिलान ने बेनफिका से क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण का मैच 3-3 से ड्रॉ छूटने के बावजूद चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे जगह बनाई जहां उसका सामना शहर के अपने चिर प्रतिद्वंदी एसी मिलान से होगा। बुधवार को खेले गए इस मैच मे दोनो टीमो ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंटर मिलान की टीम पुर्तगाल के क्लब पर 5-3 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार मे जगह बनाने मे सफल रही। उसने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था। एसी मिलान ने मंगलवार को खेले गए मैच मे नैपोली को हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया था।

### मुंबई ने चेन्नईयिन एफसी को 1-0 से हराया

**मंजेरी।** मुंबई सिटी एफसी ने ग्रुप डी मैच के रोमांच से भरे अंतिम मुकाबले मे चेन्नईयिन एफसी को I-0 से हराया लेकिन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे जगह सुरक्षित करने के लिए उसका यह प्रयास पर्याप्त नही था। बुधवार की रात को खेले गए इस मैच मे मुंबई सिटी एफसी की तरफ से आयुष चिकारा ने गोल किया जो इस टीम के लिए उनका पहला गोल भी था।

# स्टोक्स के फिट होने से चेन्नई चुस्त

● सनराइजर्स के खिलाफ उम्मीदें बढ़ी



भाषा। चेन्नई


**चार बार की** चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी तो उसे उम्मीद रहेगी कि उसके स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स आखिरकार फिट होकर मैदान पर उतरेंगे। पांव की चोट के कारण स्टोक्स पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन चेन्नई के लिए यह राहत की बात है कि अब वह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। स्टोक्स ने बुधवार को अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर करीबी जीत दर्ज करने के बाद चेन्नई की टीम अपने घरेलू मैदान पर लौट रही है और ऐसे में इंग्लैंड के कप्तान की वापसी से उसे और मजबूती मिलेगी। उसके प्रतिद्वंदी सनराइजर्स को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी के शानदार प्रदर्शन तथा शिवम दुबे की आक्रामक पारी की मदद से चेन्नई ने पिछले मैच में बड़ा स्कोर खड़ा किया था। अजिंक्य रहाणे जिस तरह से बेफिक्र होकर आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे चेन्नई को मजबूती मिली है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए हैं। चेन्नई के प्रमुख बल्लेबाज जहां अपना जलवा दिखा रहे हैं वहीं उसके गेंदबाज रन प्रवाह रोकने में नाकाम रहे हैं। चेन्नई का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है।

### धवन पर निर्भरता पंजाब के लिए बड़ी चिंता: हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि कप्तान शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता का विषय है और अगर उसे वर्तमान आईपीएल में खिताब की दावेदारी पेश करनी है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। पंजाब की तरफ से अभी तक अधिकतर रन धवन ने बनाए हैं। उन्होंने चार पारियों में 233 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में पंजाब ने अभी तक दो मैच जीते हैं जबकि इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। कंधे की चोट के कारण धवन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें टीम ने सैम करेन की अगुवाई में जीत दर्ज की थी। हरभजन ने कहा, पंजाब की टीम लगता है कि बल्लेबाजी विभाग में कप्तान शिखर धवन पर बहुत अधिक निर्भर है जो कि चिंता का विषय है।

# स्कोर का बचाव नहीं कर पाना गुजरात के लिए चिंता का विषय : कर्स्टन

भाषा। नई दिल्ली



**मौजूदा चैम्पियन** गुजरात टाइटंस की टीम इस सत्र में अपने स्कोर का बचाव करने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) गैरी कर्स्टन ने स्वीकार किया कि यह टीम के लिए चिंता का विषय है और कहा कि व्यवस्थित गेंदबाजी नहीं होने के कारण ऐसा हो रहा है। गुजरात ने अब तक जो पांच मैच खेले हैं उनमें से तीन मैच में उसने जीत दर्ज की है जबकि वह दो मैचों में अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। गैरी कर्स्टन ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले आईपीएल में हमने चार मैचों में अपने स्कोर का बचाव किया था जबकि छह मैचों में लक्ष्य हासिल किया था। इस बार हम अभी तक अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाए हैं लेकिन अभी टूर्नामेंट के शुरुआती दिन हैं। पिछले साल हमारे पास व्यवस्थित गेंदबाजी आक्रमण था। इस बार कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं। इसके अलावा जिस खिलाड़ी पर हम महत्वपूर्ण ओवरों में भरोसा करते हैं जरूरी नहीं कि वह इसके लिए तैयार हो। गुजरात को संभवत: न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की कमी खल रही है जिन्हें उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को सौंप दिया था। कर्स्टन ने कहा, प्रत्एक टीम को अलग-अलग परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना होता है और हमारे पास इस विभाग पर ध्यान देने और उसे व्यवस्थित करने का मौका है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि यह भूमिका सही खिलाड़ी निभा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने शुभमन गिल की भी प्रशंसा की जिन्होंने गुजरात को अभी तक अच्छी शुरुआत दिलाई है। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 228 रन बनाए हैं। वह (गिल) एक कुशल बल्लेबाज के रूप में सामने आया है। भारतीय टीम की तरफ से सभी प्रारूपों में उनके शानदार प्रदर्शन से इसका पता चलता है। हम जानते थे कि वह कुशल बल्लेबाज है। शुभमन के लिए अगला स्तर यह होगा कि वह अपने कौशल का कैसे इस्तेमाल करता है और खेल पर किस तरह से प्रभाव डालता है।

### सबालेंका, गॉफ और रायबाकिना अगले दौर में

भाषा। स्टुटगार्ट

**दूसरी रैंकिंग** की आर्यना सबालेंका ने बारबोरा क्रेजिसकोवा को 6-2 6-3 से हराकर पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की चैंपियन सबालेंका ने लगातार दो साल स्टुटगार्ट मे फाइनल मे जगह बनाई थी लेकिन अभी तक वह क्ले कोर्ट के इस टूर्नामेंट को नही जीत पाई है। कोको गॉफ, विबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना और ओन्स जबूर ने भी बुधवार को जीत दर्ज की। पांचवी वरीयता प्राप्त गॉफ ने अंतिम सेट मे पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-2 4-6 7-6 (3) से पराजित किया।

### शापोवालोव को हराकर सितसिपास क्वार्टर फाइनल में

**बार्सीलोना।** स्टेफानोस सितसिपास ने गुरुवार को यहां डेनिस शापोवालोव को सीधे सेट मे हराकर बार्सीलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। यूनान के दूसरे वरीय सितसिपास ने कनाडा के खिलाड़ी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। सितसिपास ने शापोवालोव के खिलाफ दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। वह अगले दौर में एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे जिन्हें ग्रिगोर दिमित्रोव ने वाकओवर दिया।

# भारतीय पुरुष रिकर्व टीम विश्व कप फाइनल में

● ज्योति कंपाउंड वर्ग के सेमीफाइनल में

भाषा। अंताल्या



**भारत की पुरुष** रिकर्व टीम ने यहां चल रहे तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में गुरुवार को तीन जीत दर्ज करते हुए नौ साल में पहली बार फाइनल में जगह बनाई। अतनु दास, बी धीरज और तरूणदीप राय की तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन से भिड़ेगी। भारत अगर खिताब जीतता है तो यह विश्व कप की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में 13 साल के बाद उसका पहला स्वर्ण पदक होगा। शीर्ष कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनाम ने भी महिला व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता ज्योति ने लगातार चार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उनका सामना इंग्लैंड की दुनिया की नंबर एक तीरंदाज ऐला गिब्सन से होगा। इससे पहले चौथी वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने के बाद भारत की पुरुष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाई मिली। भारत ने इसके बाद 13वें वरीय जापान को कड़े मुकाबले में 5-4 से हराया। भारतीय टीम ने शूट ऑफ में 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की। चार सेट के बाद दोनों टीम 4-4 (49-52, 57-52, 54-51, 52-57) से बराबर थी जिसके बाद भारतीय टीम ने टाईब्रेकर में दो परफेक्ट 10 और एक नौ अंक के साथ जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने इसके बाद दो आसान जीत दर्ज की। टीम ने 12वें वरीय चीनी ताइपे और नौवें वरीय नीदरलैंड को 6-2 के समान अंतर से हराया। कांस्य पदक के प्ले ऑफ में नीदरलैंड की भिड़ंत स्लोवेनिया से होगी। चीनी ताइपे के खिलाफ भारतीय तिकड़ी को अधिक परेशानी नहीं हुई। टीम ने 4-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-2 (55-54, 57-54, 51-53, 58-56) से मुकाबला अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और मेजबान तुर्की (6-0) को एकतरफा मुकाबले में हराने के बाद नीदरलैंड की टीम आत्मविश्वास से भरी थी। नीदरलैंड ने भारत के खिलाफ पहले सेट जीतकर 2-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय तिकड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला 6-2 (56-58, 57-53, 57-55, 56-54) से जीत लिया।

### प्रो लीग के यूरोप चरण में जीत की लय बरकरार रखना चुनौती : रोहिदास

**बेंगलुरू।** अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए आगामी समय में सबसे बड़ी चुनौती मौजूदा एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में जीत की लय बरकरार रखना है। पिछले सत्र में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद भारत वर्तमान में आठ मैच में 19 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। पिछले महीने राउरकेला में भारत शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहा था। भारत अब मई-जून में यूरोप की यात्रा करेगा जहां टीम लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ने के बाद आइंडहोवन में अर्जेंटीना और मेजबान नीदरलैंड से खेलेगी। पिछली बार हम लीग में तीसरे स्थान पर रहे थे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हमने आम तौर पर घर में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन चुनौती तब होती है जब हम विदेश में खेलते हैं और इस बार हमारा लक्ष्य यूरोप में जीत की लय को बनाए रखना है।

## अंतर संस्थानिक टेबल टेनिस: फाइनल में शरत का सामना साथियान से



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष दो पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और जी साथियान पीएसपीबी अंतर संस्थानिक टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में भिड़ेंगे। आईओसीएल के अनुभवी शरत ने सेमीफाइनल मे प्रतिभावान युवा खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेस्ट ऑफ सेवन फ्रेम का मुकाबला 4-I (6-11 11-9 11-9 11-7 11-8) से जीता। एक अन्य सेमीफाइनल मे गत राष्ट्रीय चैंपियन ओएनजीसी के साथियान ने टीम के अपने साथी सौरभ साहा को आसानी से 4-0 (11-8, 11-8, 11-6, 11-8) से हराया। महिला सेमीफाइनल मे ओआईएल की यशस्विनी घोरपड़े ने ओएनजीसी की दिव्या देशपांडे को कड़े मुकाबले मे 4-2 (11-4, 11-8, 3-11, 3-11, 11-6, 11-9) से हराया। वह फाइनल मे आईओसीएल की टी रीत रिष्या से भिड़ेगी जिन्होने टीम की अपनी साथी जेनिफर वर्गीज को बेहद कड़े मुकाबले मे 4-3 से शिकस्त दी।

## मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे नडाल



**मैड्रिड।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अभी कूल्हे की चोट से पूरी तरह नही उबर पाए है और इस कारण वह अगले सप्ताह मैड्रिड ओपन मे भाग नही ले पाएंगे। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्होंने जनवरी के बाद कोई टूर्नामेंट नही खेला है। चोट के कारण वह इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो और बार्सिलोना टूर्नामेंट मे नही खेल पाए थे। मैड्रिड ओपन सोमवार से शुरू होगा जिसमे नडाल पांच बार के चैंपियन है। नडाल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर स्पेनिश में लिखा, इसके (चोट) कारण मुझे छह से आठ सप्ताह तक बाहर रहना था लेकिन मै पिछले 14 हफ्ते से बाहर हूं। उन्होंने कहा, हमने चिकित्सकों की राय पर अमल किया लेकिन उन्होंने जैसे कहा था उस तरह से मै चोट से नही उबर पाया और अब हम स्वयं को मुश्किल परिस्थितियों में पा रहे है। छत्तीस वर्षीय नडाल ने इस बारे में कोई जानकारी नही दी कि वह 28 मई से होने वाले फ्रेंच ओपन मे खेल पाएंगे या नही।